खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 12 सितंबर 2023 | वर्ष – 67 | अंक – 304 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.



- मीडिया से बचते मोदी
- अपनी पहली चुनावी... 04
- जी-20 के साझा प्रस्ताव पर क्यों ठगा सा...
- कार के परखच्चे उड़े, विस्फोट से दहला... 09
- चीनी की कीमतें तीन हफ्तों में रिकॉर्ड...
- एफसीआई ने 1.66 लाख टन गेहूं, 17 हजार... 11
- फोकस एशियाई खेलों में...
- दक्षिण अफ्रीका के एनरिक.. 10


# विराट और केएल राहुल ने जीते दिल.. तोड़े रिकॉर्ड..पाक के खिलाफ दोनों ने ठोंके तूफानी शतक



## सबसे तेज 13,000 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी बने किंग कोहली

*__कोलंबो।__ केएल राहुल ने सोमवार, 11 सितंबर को कोलंबो में एशिया कप 2023 सुपर फोर्स मैच में पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाकर टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं द्वारा दिखाए गए विश्वास का बदला चुकाया। यह राहुल का छठा वनडे शतक था और पाकिस्तान के खिलाफ उनका पहला शतक था। केएल राहुल का यह एक शानदार प्रयास था क्योंकि उन्होंने लंबी चोट के बाद वापसी करते हुए अपने पहले अंतरराष्ट्रीय मैच में सिर्फ 100 गेंदों में शतक पूरा किया। इसी के साथ केएल राहुल एशिया कप टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाने वाले केवल 5वें भारतीय बल्लेबाज बने।*

## एशिया कप में पाक के खिलाफ शतक लगाने वाले 5वें भारतीय बल्लेबाज बने राहुल

*वह सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, शिखर धवन और रोहित शर्मा सहित बल्लेबाजों की एक विशिष्ट सूची में शामिल हो गए। राहुल के ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने के तुरंत बाद, विराट कोहली भी उनके साथ शामिल हो गए और केवल 84 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह कोहली का 47वां वनडे शतक था और वह सचिन तेंदुलकर के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए सबसे तेज 13,000 वनडे रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। केएल राहुल 111 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि विराट कोहली ने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे भारत ने 50 ओवर में 2 विकेट पर 356 रन बनाए।*



सार संक्षेप

## दिल्ली सरकार ने पटाखों पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि राजधानी में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और पटाखों को जलाने पर सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है। श्री राय ने सोमवार को कहा कि इस सम्बन्ध में डीपीसीसी को सभी सम्बन्धित विभागों को जरूरी निर्देश जारी करने का निर्देश दिया गया है। जस प्रकार दिल्ली में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंद्ध लगाने का निर्देश दिया गया है, उसी प्रकार एनसीआर के राज्यों में प्रतिबंद्ध लगाया जाना चाहिए, क्योंकि एनसीआर में छोड़े गए पटाखों का दुष्प्रभाव दिल्ली की हवा पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। जनवरी से लेकर अगस्त के महीने तक दिल्ली का औसत एक्यूआई काफी कम रहा है। दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 45 रिकॉर्ड किया गया।

**सूचना**

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**




**चूहा-सुनती हो**-सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार पर लगाम के लिए फिर एक अहम् फैसला दिया है।

**चुहिया- हां प्रिये**- अदालत तो अपना काम कर रही है लेकिन कार्यपालिका भी तो अपनी जवाबदारी समझें, तब बात बनें।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला

## बाबुओं पर दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों में संरक्षण नहीं



**संयुक्त सचिव स्तर के अफसरों पर केस चल सकेगा, इसके लिए अनुमति की भी जरूरत नहीं**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अब संयुक्त सचिव और उससे ऊपर के अफसरों पर भ्रष्टाचार का केस चल सकेगा और बाकायदा जांच हो सकेगी। इसके लिए उच्चाधिकारियों की अनुमति की जरूरत भी नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 11 सितंबर को यह आदेश दिया। कोर्ट के मुताबिक, यह ऑर्डर 11 सितंबर 2003 से मान्य होगा।

जस्टिस संजय किशन कौल की पांच जजों की बेंच ने एकमत होकर ये फैसला सुनाया। शीर्ष कोर्ट ने अपने 2014 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि तब दिल्ली स्पेशल पुलिस स्टेबलिशमेंट एक्ट 1946 के प्रावधान को रद्द कर दिया था। यह प्रावधान कुछ अफसरों को भ्रष्टाचार के खिलाफ जांच से सुरक्षा (इम्यूनिटी) प्रदान करता है। अब आदेश पूर्व प्रभाव से लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2014 का फैसला 11 सितंबर 2003 से ही मान्य होगा। 11 सितंबर 2003 से ही डीपीएसई एक्ट में धारा 6(ए) जोड़ी गई थी। इस धारा के मुताबिक, किसी जांच के लिए केंद्र सरकार के अप्रूवल की जरूरत होगी। अब सुप्रीम कोर्ट की संविधान बेंच को तय करना था कि क्या किसी संयुक्त सचिव लेवल के सरकारी अधिकारी को कानून के किसी प्रावधान के तहत गिरफ्तारी से मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, अगर उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे चलकर उस कानून को ही रद्द कर दिया गया हो।

कोर्ट को तय करना था कि क्या दिल्ली पुलिस स्पेशल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के सेक्शन 6(1) के तहत संयुक्त सचिव लेवल के अधिकारी को मिला संरक्षण तब भी कायम रहता है, जिसकी गिरफ्तारी इस धारा के रद्द होने से पहले की है। सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जो अधिकारी सेक्शन के रद्द होने से पहले गिरफ्तार किए गए थे, उनके खिलाफ केस चल सकता है।

## वन और वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में शहीदों के परिवारों को 10 से बढ़ाकर 25 लाख अनुग्रह राशि दी जाएगी : शिवराज

- 5 हजार रुपए वर्दी भत्ता और 1000 रुपए पौष्टिक आहार भत्ता मिलेगा
- मुख्यमंत्री ने राज्य वन शहीद स्मारक का लोकार्पण और चंदनपुरा नगर वन का शुभारंभ किया

**भोपाल , देशबन्धु।** वन और वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में शहीद होने वाले वन विभाग के कर्मचारियों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपए की जाएगी। वन विभाग के अमले को 5 हजार रुपए वर्दी भत्ता और 1000 रुपए का पौष्टिक आहार भत्ता भी दिया जाएगा। वन विभाग के महावत, कटर जैसे अल्प वेतन भोगी और अनियमित कर्मचारियों की मुख्यमंत्री निवास में बैठक बुलाकर उनकी समस्याओं के निराकरण और कल्याण एवं बेहतरी के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्रदेश में प्रति वर्ष राष्ट्र वन शहीद दिवस उद्देश्यपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये घोषणाएँ आज यहां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर राज्य वन शहीद स्मारक के लोकार्पण कार्यक्रम में की। उन्होंने चंदनपुरा नगर वन का वर्चुअली शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वन विभाग को प्रदेश में फारेस्ट कवर को बढाने में उनके योगदान के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश जंगलों की रक्षा करने वाला प्रदेश है। मुख्यमंत्री श्री चौहान >>शेष पृष्ठ 2 पर

## जम्मू–कश्मीर में 13,000 करोड़ का घोटाला : कांग्रेस

### कहा- भ्रष्टाचारी को मिली पदोन्नति, खुलासा करने वाले को सजा

**नयी दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने कहा है कि जम्मू–कश्मीर में जल जीवन मिशन में 13,000 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है और जिस अधिकारी ने इस घोटाले का खुलासा किया उसे जूनियर स्तर के पद पर तैनाती कर दी गई और घोटालेबाजों को पदान्नति मिली है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घोटाले का खुलासा करने वाले भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अशोक परमार को दंडित कर जल शक्ति विभाग को प्रमुख सचिव से पदावनत कर एआरआई एवं प्रशिक्षण विभाग में भेजा गया है जबकि 30 वर्ष की सेवा के बाद उनका पद वित्तीय आयुक्त का होना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि जम्मू–कश्मीर में हुए इस घोटाले को जी–20 सम्मेलन की आड़ में छिपाया जा रहा है। कमाल यह है कि जब अशोक परमार नाम का यह आईएएस अधिकारी गबन को सामने लाते हैं तो उनका >>शेष पृष्ठ 2 पर

### सरकार में घोटालों की बाढ़ आ गई : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके कहा कि- अब जब जी-20 की बैठक खत्म हो गई है तो मोदी सरकार को घरेलू मुद्दों पर अपना ध्यान लगाना चाहिए। मंहगाई के मोर्चे पर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए उन्होंने दावा किया कि बीते अगस्त माह में भोजन की थाली का दाम 24 फीसदी तक बढ़ गया। बेरोजगारी दर बढ़कर 8 फीसदी पर पहुंच गई है। युवाओं का भविष्य अंधकार में है। वहीं भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए खड़गे ने कहाकि मोदी सरकार में घोटालों की बाढ़ आ गई है।

### महाराष्ट्र के ठाणे में बड़ा हादसा

## 40 मंजिला इमारत की लिफ्ट गिरने से 7 की मौत

**महाराष्ट्र।** ठाण के बाल्कुम इलाके में 40 मंजिला रुनवाल ऐरीन इमारत की लिफ्ट गिरने से 7 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में बनकर तैयार हुई इस बिल्डिंग की छत पर वॉटरप्रूफिंग का काम हो रहा था। हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर काम खत्म कर लिफ्ट से नीचे आ रहे थे और लिफ्ट नीचे गिर गई। हादसे में मजदूरों की मौत हो गई।

कहा जा रहा है कि सात वर्कर इस लिफ्ट में सवार थे और वह सातों लिफ्ट के रोप गिरने से घायल हो गए और लिफ्ट का जो बेस था वह कर्मचारियों के ऊपर गिर गया जिसमें मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और एक कर्मचारी को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। बाद में इस कर्मचारी की भी मौत हो गई।

### तिरुपथुर में भीषण सड़क हादसा

## फुटपाथ पर बैठीं सात महिलाओं को ट्रक-वेन ने कुचला, सबकी मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुपथुर में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां फुटपाथ पर बैठी सात महिलाओं की वैन से कुचलने के बाद मौत हो गई। बताया गया है कि जब यह वैन सड़क के किनारे खड़ी थी, ठीक उसी दौरान लॉरी ने इसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे यह वैन फुटपाथ पर बैठी महिलाओं को कुचलती चली गई।

पुलिस के मुताबिक, जिस वैन से यह हादसा हुआ, वह फुटपाथ पर बैठी महिलाओं को ही ले जा रही थी। हालांकि, रास्ते में कुछ खराबी आ जाने की वजह से वे सभी इससे उतरकर सड़क किनारे बैठ गई थीं। ये महिलाएं कर्नाटक से लौट रही थीं। हादसे में 13 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, घायल हुए लोग वेल्लोर जिले में अंबुर के निकट ओनांगुट्टई गांव के उस समूह का हिस्सा थे, जो आठ सितंबर को कर्नाटक के धर्मशाला की यात्रा पर गया था।

## इंडिगो की फ्लाइट में यात्री पर यौन उत्पीड़न का आरोप, गुवाहाटी पुलिस को सौंपा गया आरोपी

**मुंबई/गुवाहाटी।** इंडिगो की उड़ान में यात्रा कर रहे एक यात्री पर अन्य यात्री के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप लगा है। उसे गुवाहाटी पुलिस को सौंप दिया गया है। विमान मुंबई से गुवाहाटी जा रहा था।

इंडिगो ने एक बयान में कहा कि शिकायतकर्ता ने स्थानीय पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एयरलाइन जरूरत पड़ने पर जांच में सहायता के तैयार है। हालांकि, एयरलाइन ने घटना के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। एयरलाइन ने कहा कि मुंबई–गुवाहाटी के बीच (इंडिगो फ्लाइट) 6ई–5319 पर यात्रा कर रहे एक यात्री को एक अन्य यात्री से कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत मिलने के बाद आगमन पर गुवाहाटी पुलिस को सौंप दिया गया।

शिकायतकर्ता ने स्थानीय पुलिस में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जहां जरूरी होगा, हम उनकी जांच में सहायता प्रदान करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में महिलाओं से छेड़छाड करने वालों को अब नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ में बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़,दुष्कर्म आदि के आरोपियों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अस्मिता बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।उनकी इस घोषणा के परिपेक्ष्य में यह आदेश जारी किया गया है। सामान्य प्रशासन द्वारा सभी विभागों, राजस्व मण्डल के अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को जारी निर्देश में कहा गया है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति हेतु ऐसे अभ्यर्थी, जिनके विरूद्ध बालिकाओं एवं महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि से संबंधित नैतिक अधोपतन की श्रेणी में आने वाले अपराध तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज हों, उन्हें शासकीय सेवाओं एवं पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकरण के अंतिम निर्णय होने तक प्रतिबंधित किया जाय।










**मिशन** — **अंतरिक्ष की महाशक्ति बनेगा भारत**

## इसरो बनाएगा आसमान में दुनिया का तीसरा स्पेस स्टेशन

**श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान-3 को चांद के साउथ पोल पर उतारकर इसरो ने एक ऐसा इतिहास रचा जिसकी दुनिया कायल हो गई। अब हमारा देश जल्द ही अंतरिक्ष की महाशक्ति के तौर पर जाना जाएगा। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन के तियागोंग स्पेस स्टेशन के बाद भारत दुनिया का तीसरा स्पेस स्टेशन बनाएगा। कई मायनों में यह ढ्रूस्ट्र और चीन के स्पेस स्टेशन से खास होगा।

चंद्रयान-3 मिशन के बाद भारत आदित्य एल-1 मिशन लांच कर चुका है, अब बारी भारत के सबसे महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान की है जो इसरो का पहला मानव मिशन होगा। ठीक इसके बाद भारत स्पेस स्टेशन प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने वाला है जो उसे दुनिया की टॉप स्पेस एजेंसी की कतार में सबसे ऊपर लाकर खड़ा कर देगा।



**कैसा होगा भारत का स्पेस स्टेशन**-भारत की ओर से जो स्पेस स्टेशन बनाया जाएगा उसका भार 20 टन होगा, जबकि इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन का भार तकरीबन 450 टन और चीनी स्पेस स्टेशन का वजन तकरीबन 80 टन तक है। इसरो की योजना इसे इस तरह तैयार करने की है ताकि इसमें 4-5 अंतरिक्ष यात्री रह सकें। इसे धरती की निम्न ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। इसे एलईओ कहते हैं जो तकरीबन 400 किलोमीटर दूर है।

**2030 तक पूरा होगा सपना**-भारत के स्पेस स्टेशन का ऐलान इसरो के निवर्तमान अध्यक्ष के सिवन ने 2019 में किया था। ये भी बताया था कि गगनयान मिशन के बाद भारत 2030 तक इस सपने को पूरा करेगा। दरअसल गगनयान मिशन इसका पहला चरण है।

जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों को धरती से 400 किलोमीटर दूर एलईओ कक्षा में भेजा जाएगा। जहां तक गगनयान मिशन जाएगा वहीं पर भारत ने स्पेस स्टेशन को स्थापित करने की प्लानिंग की है। खास बात ये है कि- भारत सरकार की ओर से स्पेस डॉकिंग जैसी तकनीक पर रिसर्च के लिए बजट में प्रावधान होने के बाद इस उम्मीद को और बल मिला। यह तकनीक स्पेस स्टेशन में प्रयोग की जाती है। >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## पुलिस ने साबुन के डिब्बों से जब्त की 21 करोड़ रुपये कीमत की 2.5 किलो हेरोइन, तीन गिरफ्तार

**गुवाहटी।** गुवाहटी के बाहरी इलाके में पुलिस ने तीन लोगों को उनके आवास से 21 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त करने के बाद गिरफ्तार किया है। एक खुफिया सूचना मिलने के बाद पुलिस ने रविवार की रात आरोपियों के पास से 2.527 किलो नशीला पदार्थ जब्त किया। आरोपियों ने नशीला पदार्थ 198 साबुन के डिब्बों के अंदर छिपाया था, जिसे पुलिस ने जोराबाट क्षेत्र में जब्त किया। गिरफ्तार किया गया आरोपी मणिपुर का रहने वाला है। पिछले दो दिनों में पुलिस द्वारा नशीली पदर्थों की यह दूसरी सबसे बड़ी जब्ती है। पुलिस द्वारा इन दो दिनों में दो करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन से भरी 21 साबुन के डिब्बे बरामद किया गया है।

## मोरक्को में मृतकों का आंकड़ा 2100 के पार

**विनाशकारी भूकंप से 2059 घायल, 1404 की हालत गंभीर**

**मराकेश।** मोरक्को में छह दशक के सबसे भीषण भूकंप में मरने वालों का आंकड़ा 2,122 पहुंच गया है। सबसे ज्यादा 1,293 मौतें अल हाउस प्रांत में हुई हैं। भूकंप में 2,059 लोग घायल हैं। इनमें से 1,404 की हालत गंभीर बताई गई है। भूकंप के कारण ऐतिहासिक शहर मराकेश व आसपास के इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित दूरस्थ इलाकों में बचाव अभियान जारी है। ऐसे में मृतकों का आंकड़ा और बढ़ सकता है। सरकार ने तीन दिन के राष्ट्रीय शोक का एलान किया है। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भूकंप से तीन लाख लोगों के प्रभावित होने का अनुमान लगाया है।

मोरक्को में छह दशकों के सबसे भीषण भूकंप के बाद हर तरफ तबाही के निशान बिखरे पड़े हैं। अस्पतालों के बाहर लाशों का ढेर पड़ा हुआ है। वहीं, विनाशकारी जलजले में जिंदा बच गए लोग मलबों में अपनों की जिंदगी तलाश रहे हैं।

## एलओसी पर घुसपैठ रोकने झौंके जा रहे हैं हजारों अतिरिक्त जवान

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** जैसे जैसे सर्दी नजदीक आ रही है, एलओसी से सटे राजौरी तथा पुंछ के दो जुड़वा जिले भारतीय सेना की चिंता का कारण बनते जा रहे हैं। पहली चिंता इन दोनों जिलों में एलओसी पार से पाक सेना द्वारा घुसपैठ के प्रयासों में लाई जा रही तेजी है तो दूसरा घुसने में कामयाब हो चुके आतंकियों से निपटने की। यही कारण था कि सेना ने इन दोनों जिलों में एलओसी और भीतरी इलाकों में अतिरिक्त जवानों की तैनाती आरंभ कर दी है। सेनाधिकारियों के बकौल, हजारों सैनिक रवाना किए जा रहे है जिनमें से कईयों को गुज्जर बक्करवाल समुदाय द्वारा सर्दियों में खाली कर दिए जाने वाले ढोकों पर कब्जे का टास्क दिया गया है।

जानकारी के लिए, सर्दियों की शुरुआत के साथ ही आतंकी अक्सर ऐसे शरणस्थलों पर कब्जा जमा लेते रहे हैं जिस कारण सेना व अन्य सुरक्षाबलों को कई बार इन दोनों जिलों में भयानक परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। कई बार ऐसे ढोकों को खाली करवाने की खातिर भीषण मुठभेड़ें भी हो चुकी हैं।

**ड्रोनों की भी ली जा रही सहायता**-इस बार की अतिरिक्त जवानों की तैनाती थोड़ी अलग तरह की भी है। इनमें अब ड्रोनों को भी शामिल कर लिया गया है। एक सेनाधिकारी का कहना था कि ड्रोनों की मदद से अब जवान दुर्गम क्षेत्रों में पैनी निगाह रखने में कामयाब होंगें और आतंकियों के साथ साथ पाक सेना के नापाक मंसूबों से निपट सकेंगें। सेनाधिकारियों के बकौल, विलेज डिफेंस ग्रुप और स्थानीय पुलिस की भी मदद इस बार की आशंकित परिस्थितियों से निपटने के लिए ली जा रही है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

#### वन और वन्य प्राणियों की....

नवनिर्मित वन भवन में आयोजित वन महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 44 शहीद वन कर्मियों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी तथा शाल-श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान का वन मंत्री श्री शाह ने अश्वगंधा का पौधा भेंट कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नगर वन चंदनपुरा, वन शहीद स्मारिका 2023, मध्यप्रदेश के समस्त नगर वन की स्मारिका और मध्यप्रदेश ईको टूरिज्म बोर्ड की गतिविधियों पर केंद्रित पुस्तिका अनुभूति का विमोचन किया। चंदनपुरा नगर वन पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। कार्यक्रम में वन राज्य मंत्री राहुल सिंह लोधी, अपर मुख्य सचिव वन जे.एन. कंसोटिया, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख रमेश कुमार गुप्ता और वन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। **मध्यप्रदेश ने वन सम्पदा का बखूबी संरक्षण किया**-मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने वन सम्पदा का बखूबी संरक्षण किया है। देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र मध्यप्रदेश में है, जो राज्य के क्षेत्रफल का 30 प्रतिशत और देश के कुल वन क्षेत्र का 12.30 प्रतिशत है। वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में भी हम आगे हैं। मध्यप्रदेश देश का टाइगर स्टेट तो है ही यहाँ तेंदुआ, घड़ियाल, गिध्दों की संख्या भी पर्याप्त है,साथ ही चीतों का भी पुनर्स्थापन हुआ है। उन्होंने कहा-वन कर्मियों की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वन मंत्री कुंवर विजय शाह ने कहा-वन और वन्य-प्राणियों की सुरक्षा के लिए कठोर कानून की आवश्यकता है।

#### जम्मू-कश्मीर में.....

एक साल में चार-पांच बार स्थानांतरण कर उपराज्यपाल उनको प्रताड़ित करते हैं लेकिन जो अधिकारी गबन करते हैं उनको प्रमोशन मिलता है। अनियमितताएं सबके सामने नहीं आए इसके लिए योजनाओं को बांट दिया जाता है और टेंडर से काम देने की परंपरा को अनदेखा किया जाता है। **दो राजनेतओं पर जाती है शक की सुई**-प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में 'जल जीवन मिशन' में इस घोटाले में शक की सुई दो राजनेतओं पर जाती है। इन नेताओं में पहला नाम उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का है और दूसरा नाम केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का है। श्री शेखावत पर शक की सुई इसलिए घूमती है कि उन्होंने घोटाले का खुलासा करने वाले को सजा दी है और भ्रष्टाचार के आरोपों में लिप्त नामजद अधिकारियों को बचाया है।

**अनियमितताओं की जांच के आदेश नहीं दिए**-उन्होंने सवाल किया कि प्रकरण के आरोपी को पकड़ने के लिए घोटाले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की गई है। इस बारे में गृह मंत्रालयों में शिकायत कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई लेकिन अनियमितताओं की जांच के आदेश नहीं दिए गए। उनका कहना था कि जिस अधिकारी को दंडित किया गया है वह दलित है और उसने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में शिकायत की है लेकिन अब तक उपराज्यपाल को तलब तक नहीं किया गया है।

#### इसरो बनाएगा....

**अमेरिका देगा भारतीय एस्ट्रोनॉट को ट्रेनिंग**-भारत का स्पेस स्टेशन बनकर तैयार होने से पहले ही अमेरिका भारतीय एस्ट्रोनॉट को प्रशिक्षण देगा। इसके लिए नासा और इसरो के बीच करार भी हो चुका है। 2024 में भारत के दो अंतरिक्ष यात्री इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भी जा सकते हैं। इससे पहले इन्हें अमेरिका के ह्यूस्टन में स्थित जॉनसन स्पेस सेंटर में ट्रेनिंग दी जाएगी। चंद्रयान-3 की लांचिंग के वक्त व्हाइट हाउस की ओर से जो बयान जारी किया गया था। उसमें भी इसकी पुष्टि की गई थी। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया था कि भारत ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, चंद्रयान-3 की जानकारी इस मिशन के काम आएंगी और नासा भारत के एस्ट्रोनॉट को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर रहने की ट्रेनिंग देगा। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी अपने बयान में कहा था कि गगनयान मिशन के बाद एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग लेने जाएंगे।


**न्यायालय तहसीलदार, तहसील पनागर जिला जबलपुर**

रा.प्र. क्र. / 0133/ब-121/2023-2024 पनागर, दिनांक 08/09/23

**// आम इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पौरूवा प.ह.नं. 08 तहसील पनागर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामस्वरूप कुर्मी पिता किशोरी लाल कुर्मी एवं अन्य कृषकों के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम पौरुवा प.ह.नं. 08 तह. पनागर जिला जबलपुर में स्थित भूमि जो निम्नानुसार है-

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम | खसरा नं. |
|---|---|---|
| 1 | सुरेश व अन्य | 82 |
| 2 | कोमल प्रसाद / गोविन्द | 76 |
| 3 | अशोक / रामनाथ | 80/1/1/1/1 |
| 4 | अनिल / अशोक | 80/1/1/1/2 |
| 5 | सरोज बाई | 80/1/1/2 |
| 6 | सरोज बाई | 80/1/2 |
| 7 | सरोज / जीवन लाल | 80/2 |
| 8 | इंद्रकुमार, छोटे, राकेश | 77 |
| 9 | बलराम / कुवंरलाल | 78/3 |
| 10 | पप्पू / गोपाल | 78/6 |
| 11. | पप्पू /गोपाल | 78/8 |
| 12 | अमिताभ / बलदेव | 78/1/1 |
| 13 | पप्पू / गोपाल | 78/5 |
| 14 | पवन / बम्हानंद | 78/4 |
| 15 | महेन्द्र | 78/7 |
| 16 | राजेश, मुकेश, कंधीलाल | 78/2 |
| 17 | मुन्नालाल / रामनाथ | 31/1 |
| 18 | करन सिंह / रामनाथ | 31/2 |
| 19 | ओमप्रकाश / सत्यप्रकाश / जयप्रकाश | 27 |
| 20 | रोशनीबाई | 28 |
| 21 | श्यामबाई | 29 |
| 22 | श्यामलाल | 20/173/1 |
| 23 | श्यामलाल | 20/173/3 |
| 24 | महेन्द्र पटेल | 19/1 |
| 25 | उत्तम पटेल | 19/2 |
| 26 | श्यामलाल | 24 |
| 27 | मुन्नी एवं अन्य / रामस्वरूप | 18 |
| 28 | श्यामलाल | 8 |

उपरोक्ता खसरा नं. की भूमि ग्राम में सुदुर सड़क का निर्माण किये जाने हेतु भूमि का दान शासन पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 08/09/23
पेशी दिनांक - 21/09/23

**तहसीलदार पनागर**



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील पनागर जिला जबलपुर**

रा.प्र. क्र. / 0129/ब-121/2023-2024 पनागर, दिनांक 08/09/23

**// आम इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम निरन्दुर प.ह.नं. 07 तहसील पनागर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक प्रदीप सिंह पिता ओमाकर एवं अन्य कृषकों के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम निरन्दपुर प.ह.नं. 07 तह, पनागर जिला जबलपुर में स्थित भूमि जो निम्नानुसार है-

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम | खसरा नं. | कुल रकवा | में से दान रकवा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रदीप सिंह / ओमकार | 186 | 0.210 | 0.010 |
| 2 | दिनेश कुमार / कुंजबिहारी | 187 | 0.240 | 0.010 |
| 3 | राजेश सिंह / रामसिंह | 188 | 0.130 | 0.010 |
| 4 | दिनेश कुमार कुंजबिहारी | 189 | 0.330 | 0.010 |
| 5 | दिनेश कुमार कुंजबिहारी | 221 | 0.730 | 0.010 |
| 6 | नरेश / कुंजबिहारी | 193 | 0.590 | 0.010 |
| 7 | गोपेश मधुमास / सुरेश कुमार | 214 | 0.480 | 0.010 |
| 8 | अजय लाल / तेजीलाल | 194 | 0.640 | 0.010 |
| 9 | नरेश / कुंजबिहारी | 195 | 1.890 | 0.010 |
| 10 | गोपेश मधुमास / सुरेश कुमार | 218 | 0.810 | 0.010 |
| 11 | राजेंद्र सुधा | 215 | 0.330 | 0.010 |
| 12 | रविकुमार / सुक्केलाल | 91 | 1.200 | 0.010 |
| 13 | गोपेश मधुमास / सुरेश कुमार | 219 | 0.240 | 0.010 |
| 14 | कैलाश / ताराचंद | 213/1 | 0.410 | 0.010 |
| 15 | राजकुमार / ताराचंद | 213/2 | 0.410 | 0.010 |
| 16 | अरविन्द / गोपाल प्रसाद | 198 | 0.700 | 0.010 |
| 17 | मोहन लाल /दलसिंह | 200/2 | 0.400 | 0.010 |
| 18 | बद्री प्रसाद / तेजीलाल | 138 | 1.990 | 0.010 |
| 19 | राजेंद्र / स्व लटोरे लाल | 203/1 | 0.400 | 0.010 |
| 20 | रामकृष्ण पटेल / ओंमकार | 203/2 | 0.910 | 0.010 |
| 21 | सुनीता / रिपुसूदन | 137/2 | 0.930 | 0.010 |

उपरोक्ता खसरा नं. की भूमि ग्राम में सुदुर सड़क का निर्माण किये जाने हेतु भूमि का दान शासन पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 08/09/23
पेशी दिनांक - 21/09/23

**तहसीलदार पनागर**



**न्यायालय तहसीलदार, तहसील पनागर जिला जबलपुर**

रा.प्र. क्र. / 0130/ब-121/2023-2024 पनागर, दिनांक 29/08/23

**// आम इश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम चिल्हिया प.ह.नं. 07 तहसील पनागर जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक राजेश कुमार पिता हल्केराम एवं अन्य कृषकों के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम चिल्हिया प.ह.नं. 07 तह. पनागर जिला जबलपुर में स्थित भूमि जो निम्नानुसार है-

| क्र. | भूमिस्वामी का नाम | खसरा नं. | में से दान रकवा |
|---|---|---|---|
| 1 | राकेश, राजेश कुमार / हल्केराम | 51 | 0.010 |
| 2 | राकेश, राजेश कुमार / हल्केराम | 77/2 | 0.010 |
| 3 | किशन लाल / भगवानदास | 48 | 0.010 |
| 4 | बलराम /किशनलाल | 77/1 | 0.010 |
| 5 | राकेश, राजेश कुमार / हल्केराम | 78 | 0.010 |
| 6 | बलराम /किशनलाल | 79 | 0.010 |
| 7 | संजय / भोला सरण | 89 | 0.010 |
| 8 | हल्केराम / भगवानदास | 85 | 0.010 |
| 9 | मदनलाल / भगवानदास | 86 | 0.010 |
| 10 | हल्केराम / भगवानदास | 87 | 0.010 |
| 11 | दसरू / नवल बर्मन व अन्य | 88 | 0.010 |
| 12 | शानबाई, महेश, राघवेन्द्र भरत, प्रवीण | 110/2 | 0.010 |
| 13 | किशनलाल, हल्केराम, ओंकारप्रसाद, मुन्नालाल, मदनलाल, कोशल्याबाई, लीलाबाई, रामकिशोर, चंद्रवती इंद्रकुमार, खिलौनाबाई भोलाशरण, काशीराम, प्यारीबाई अजीत, राजवती | 110/1 | 0.010 |

उपरोक्ता खसरा नं. की भूमि ग्राम में सुदुर सड़क का निर्माण किये जाने हेतु भूमि का दान शासन पक्ष में किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 29/08/23
पेशी दिनांक - 21/09/23

**तहसीलदार पनागर**



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda** विजया बैंक VIJAYA BANK देना बैंक DENA BANK

**बालाघाट शाखा : आजाद चौक, सर्किट हाउस रोड, बालाघाट (म.प्र.)**

**कब्जा नोटिस (चल एवं अचल संपत्ति के लिये)**

**(As per Appendix IV read with rule 8(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002**

सेक्यूरीटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत् नियम- 8(3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता को मांग सूचना में दर्शायी गयी राशि, उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर अदा करने को जारी किया गया था।

खातेदार (उधारकर्ता) द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जन सामान्य को यहां सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 साथ पठित एक्ट के साथ 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये यहां नीच वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से उधारीकर्ता और जन सामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये बैंक ऑफ बड़ौदा की संबंधित शाखा से निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगी। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत आस्ति उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem) करने के संबंध में एक्ट की धारा 13 की उपधारा (8) के तहत आकर्षित किया जाता है।

| क्र | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **ऋणी- मेसर्स भारत कॉपी उद्योग प्रोप. श्री सुनील कुमार ध्यानी** **जमानतदार- श्री अनेश शर्मा,** पताः वार्ड नं. 21, दर्जी मोहल्ला, बालघाट (म.प्र.)-481001 | रू. **2856509.29** + ब्याज एवं अन्य खर्चे 16.06.2023 से | (1) दृष्टिबंधक प्लांट एवं मशीनरी जिसका मूल्य 40.00 लाख रूपये प्रोजेक्ट कॉस्ट के अनुसार, स्थित ग्राम- गर्रा, तहसील- लालबर्रा, जिला- बालाघाट (म.प्र.) (2) बंधक सम्पत्ति स्थित ग्राम- गर्रा, पी.सी. नं. 14/77, रा.नि.मं.- कन्की, तहसील- लालबर्रा, जिला- बालाघाट, खसरा नं. 479/3/1 एवं 479/3/2 एरिया- 4500 वर्गफुट, सम्पत्ति स्वामी- श्री अनेश शर्मा पट्टेधारी श्री सुनील कुमार ध्यानी (फर्म के प्रोपराइटर)। चतुर्सीमा सेल डीड के अनुसार- उत्तर- अशोक चौरधिया, दक्षिण- रोड, पूर्व- रोड, पश्चिम- तबरेज/कबरेज खान की भूमि। (3) बंधक सम्पत्ति प्लाट भूमि स्थित ग्राम- सरेखा, वार्ड नं. 32 बालघाट, पी.सी.नं. 13/1, रा.नि.मं.- बालाघाट, तहसील- बालघाट, जिला- बालाघाट, खसरा नं. 310/1थ/2, एरिया- 799 वर्गफुट, सम्पत्ति स्वामी- श्री सुनील कुमार ध्यानी पिता श्री आनंद मणि चतुर्सीमा सेल डीड के अनुसार- उत्तर- राठौर की भूमि, दक्षिण- सुनील ध्यानी का मकान, पूर्व- अन्य का मकान, पश्चिम- 20 फुट चौड़ी रोड उसके बाद विक्रेता। | **16-11-2022** / **08-09-2023** |

**दिनांकः 12/09/2023, स्थानः बालाघाट** **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा**



**कार्यालय अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यात्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर**

**कार्यालय पता - तहसीली चौक अम्बेडकर भवन के सामने, जबलपुर**

दूरभाष 0761 (2625425) ई-मेल seresjabalpur@mp.gov.in

क्रमांक / 1079 / निविदा / ग्रायांसेवा / 2023 जबलपुर, दिनांक 08/09/23

**संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08/2023-24**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जबलपुर, नरसिंहपुर, बालाघाट क्रमांक-1 कटनी ण्वं सिवनी के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से प्रतिशत दर पर सरल क्रमांक-1 से 6 तक दो लिफाफा पद्धति एवं सरल क्रमांक 7 से 11 तक तीन लिफाफा पद्धति के अनुसार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा संशोधित प्रपत्र एपेडिक्स 2.10 अनुसार अद्यतन संशोधन, निर्धारित तिथि (Key Date) अनुसार तथा कॉलम 11 में उल्लेखित एस.ओ. आर. के अनुसार प्रभावशील दर अनुसूची सहित ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विवरण निम्नानुसार है-

| स. क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | विकास खण्ड | निविदा लागत (PAC) (राशि रूपये में) | अमानत राशि (राशि रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण का क्रम | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में लागू दर अनुसूची का दिनाक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | जबलपुर | 2023_RES_305360_1 | एन.आर.एल.एम. भवन निर्माण कार्य विकासखण्ड पाटन | पाटन | 2264004.00 | 45500.00 | 5000.00 | 180 दिवस | चतुर्थ | RES-04-01-2019 |
| 2 | नरसिंहपुर | 2023_RES_305373_1 | प्राथमिक शाला भवन निर्माण कहारटोला ग्राम घाटपिपरिया ग्राम पंचायत मनकवारा | चावरपाठा | 2149042.00 | 43000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 3 | नरसिंहपुर | 2023_RES_305374_1 | प्राथमिक शाला भवन निर्माण ग्राम गांगई | चीचली | 4446224.00 | 50000.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 4 | कटनी | 2023_RES_305934_1 | ग्राम बनगंवा बिगमा नाला के काजवे कम स्टाप डेम निर्माण कार्य | बड़वारा | 2118726.00 | 42400.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 5 | कटनी | 2023_RES_305935_1 | ग्राम खन्ना बंजारी दमदहा नाला सूर्य सनातन के पास काजवे कम स्टापडेम निर्माण कार्य | बड़वारा | 2118726.00 | 42400.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 6 | कटनी | 2023_RES_305360_1 | ग्राम बिचपुरा ददरा नाला में स्टापडेम निर्माण कार्य | बड़वारा | 2118726.00 | 42400.00 | 5000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 7 | बालाघाट-1 | 2023_RES_305375_1 | पुलिस लाईन परिसर बालाघाट स्थित तालाब का जीर्णोद्वार, विस्तारीकरण, सौंदर्यीकरण, (रेलिंग, पेवर ब्लाक, पीचिंग, डाक स्लेब, सी.सी. रोड, सी.सी. नाली. सेनेटरी सिवेज लाईन इत्यादि निर्माण कार्य) | बालाघाट | 5319465.00 | 53200.00 | 10000.00 | 180 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 8 | सिवनी | 2023_RES_305376_1 | स्लेव कल्वर्ट निर्माण कार्य- (1) सिवनी मण्डला रोड से जाम वनग्राम के चैनेज 740 मीटर पर ग्राम पंचायत मानेगांव (2) बम्होडी से फरेंदा मार्ग के चैनेज 1030 मीटर पर ग्राम पंचायत बम्होड़ी | सिवनी | 10570000.00 | 105700.00 | 12500.00 | 240 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 9 | सिवनी | 2023_RES_305377_1 | स्लेव कल्वर्ट निर्माण कार्य (1) केवलारी उगली मेन रोड से भोरगोंदी मार्ग के चैनेज 650 मीटर एवं 1050 मीटर पर ग्राम पंचायत सोनखार ( 2 ) रतनपुर से चिरई डोंगरी मार्ग के चैनेज 400 मीटर पर ग्राम पंचायत रतनपुर | केवलारी | 18144000.00 | 181440.00 | 12500.00 | 240 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 10 | सिवनी | 2023_RES_305378_1 | स्लेव कल्वर्ट निर्माण कार्य (1) चिखलापानी से रामपुरी मार्ग के चैनेज 500 मीटर पर ग्राम पंचायत चंदरपुर (2) बीसापुर मोहगांव से सकाटा मार्ग के चैनेज 1080 मीटर पर ग्राम पंचायत चंदरपुर | कुरई | 15245000.00 | 152450.00 | 12500.00 | 240 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |
| 11 | सिवनी | 2023_RES_305380_1 | स्लेव कल्वर्ट निर्माण- पिण्डरई बुट्टे से बावनथड़ी - मार्ग के चैनेज 600 मीटर, 1150 मीटर एवं 1830 मीटर पर ग्राम पंचायत पिण्डरई बुट्टे | कुरई | 13460000.00 | 134600.00 | 12500.00 | 240 दिवस | प्रथम | RES-11-04-2022 |

नोट - निविदा संशोधन से संबंधित जानकारियां ऑनलाईन देखी जा सकती है, जो कि प्रकाशित नहीं की जायेगी।

निविदा संबंधी तिथियाँ (Key Dates) -

(1) Date of Publishing of Tender/Document Download/Sale Start Date - 15.09.2023 AT 11:00AM
(2) Prebid Meeting Venue Office of S.E. RES Jabalpur - 19.09.2023 AT 11:00PM
(2) Document Download/Sale End Date/Technical Bid Submision End Date - 22.09.2023 AT 05:30PM
(3) Bid Opening Date - 25.09.2023 AT 11:00AM

**अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यात्रिकी सेवा जबलपुर मण्डल जबलपुर**

G-19550/23 **दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड, छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**

Phone- 0761-2977337 E-Mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्रं. 58 से 66/2023-24/तक/का.यं./लो.स्वा.यां मैके. खण्ड/ जबलपुर दिनांक 05.09.2023

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Sealed) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड जबलपुर के अन्तर्गत विभिन्न जिलों में उपखण्डों से विभिन्न विकासखण्डों के समस्त ग्रामों / बसाहटों में विभागीय ड्रिलिंग रिंग मशीनों / वाहनों द्वारा किये जा रहे नलकूप खनन, हैण्डपंप प्लेटफार्म निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य हेतु आवश्यकता अनुसार अनुभवी पुरुष श्रमिक - रिग ऑपरेटर, हैवी व्हीकल ड्राईवर एवं हैल्पर (इकाई मजदूर दिवस में) उपलब्ध कराने के लिये लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली में पंजीकृत एवं श्रमायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश शासन द्वारा पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है ।

| क्रं. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का नाम अनुभवी पुरूष श्रमिक रिंग ऑपरेटर /हैवी व्हीकल चालक/हेल्पर को उपलब्ध कराने | अनुमानित लागत रुपये (रुपये में) | प्रतिभूति राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक | प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 58/2023-24 | 2023_PHED_304889_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा.यां. मैके उपखण्ड सिवनी रिग मशीन क्र. BECN-25 हेतु। | 573214.00 | 11464/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 2. | 59/2023-24 | 2023_PHED_3044938_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा.यां. मैके उपखण्ड छिन्दवाड़ा रिंग मशीन क्र. ITH -10(152)हेतु । | 553106.00 | 11062/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 3. | 60/2023-24 | 2023_PHED_304847_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा.यां. मैके उपखण्ड छिन्दवाड़ा रिग मशीन क्र. BECN-15 हेतु। | 553106.00 | 11062/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 4. | 61/2023-24 | 2023_PHED_304955_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा. यां. मैके उपखण्ड डिण्डौरी रिग मशीन क्र. CR -07 हेतु। | 655345.00 | 13107/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 5. | 62/2023-24 | 2023_PHED_304967_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा.यां. मैके उपखण्ड बालाघाट रिग मशीन क्र. KLR-06 हेतु। | 573216.00 | 11464/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 6. | 63/2023-24 | 2023_PHED_304977_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा.यां. मैके उपखण्ड नरसिंहपुर रिग मशीन क्र. ITH -- 325 हेतु। | 553106.00 | 11062/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 7. | 64/2023-24 | 2023_PHED_304981_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा. यां. मैके. उपखण्ड कटनी रिग मशीन क्र. BECN-09 हेतु। | 757584.00 | 15152/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 8. | 65/2023-24 | 2023_PHED_304986_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा.यां. मैके. उपखण्ड जबलपुर रिग मशीन Koras Rig हेतु। | 635235.00 | 12705/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |
| 9. | 66/2023-24 | 2023_PHED_304996_1 | सहा. यंत्री, लोक स्वा.यां. मैके. उपखण्ड मण्डला रिग मशीन क्र. BRC -CR--04 हेतु । | 675455.00 | 13509/- | 2000/- | 05.09.2023 | 21.09.2023 |

निविदा की शर्तों का अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाइट में किया जा सकता है। नोट- निविदा में अन्य कोई संशोधन होता है, तो केवल ऑन-लाईन संशोधन किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं।

G-19545/23 **दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।** **(एस.के. कुरील) कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मैकेनिकल खण्ड जबलपुर**

# देश-प्रदेश

उवाच

## भाजपा की सामूहिक विदाई का आया समय



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सामूहिक विदाई का समय आ गया है। जिस प्रकार भाजपा के वरिष्ठ नेता अपने साक्षात्कारों में उनकी अपनी ही पार्टी द्वारा अपनी अवहेलना, उपेक्षा और अपमान की सरेआम बात कर रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि कांग्रेस के प्रति जन-समर्थन देखकर भाजपा पहले ही हताश हो चुकी है और दिखावटी चुनाव लड़ रही है, इसीलिए न उसके पास रणनीति है न सेनापति। इसीलिए न वो वरिष्ठों को महत्व दे रही है न कनिष्ठों को।

### भारत की वनडे में सबसे बड़ी जीत

# एशिया कप में पाक को 228 रनों से हराया

## कोहली-राहुल के बाद कुलदीप ने किया कमाल, वनडे में दूसरी बार पांच विकेट लिये



**कोलंबो।** कोलंबो में खेले गए 2023 एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 228 रनों से हरा दिया है। भारत ने पहले खेलने के बाद केएल राहुल और विराट कोहली के शतकों की बदौलत 50 ओवर में 2 विकेट पर 356 रन बनाए थे। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 32 ओवर में 128 रन ही बना सकी। हालांकि, पाकिस्तान के 8 विकेट ही गिरे, उसके दो खिलाड़ी चोटिल थे. इस वजह से उन्हें ऑलआउट दिया गया। भारत के लिए गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने कमाल कर दिया। कुलदीप ने 25 रन देकर पांच विकेट चटकाए।

### अतिथि विद्वानों और व्याख्याताओं की पंचायत में मुख्यमंत्री ने की कई घोषणाएं

# अतिथि विद्वान का मासिक वेतन 50 हजार तक होगा





## महाकाल पहुंचे मुख्यमंत्री, सपरिवार की पूजा

**भोपाल, देशबन्धु।** सभी शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वान को कार्य दिवस की बजाय मासिक वेतन दिया जाएगा और वह 50 हजार रुपए तक होगा। तकनीकी शिक्षा के अतिथि विद्वान इसमें शामिल होंगे। अतिथि विद्वानों को शासकीय सेवकों के समान अवकाश की सुविधा मिलेगी। अतिथि प्रवक्ताओं का मानदेय भी 20 हजार रुपये किया जाएगा।

एक अकादमिक सत्र में अपने महाविद्यालय के स्थान पर अतिथि विद्वानों को उनके आसपास के महाविद्यालय, जहां वे चाहेंगे, में स्थानांतरण की सुविधा भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहां अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं की पंचायत को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं की। उन्होने कहा कि अतिथि विद्वानों और अतिथि व्याख्याताओं के जीवन की अनिश्चितता को समाप्त करने के लिए राज्य शासन ने ये महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। श्री चौहान ने कहा कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी कि फॉलेन आउट की नौबत न आए। अतिथि विद्वान व्याख्याताओं के लिए पीएससी की परीक्षा में संशोधित कर 25 प्रतिशत पद आरक्षित किए जाने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए जाएंगे। अभी अतिथि विद्वानों को प्रतिवर्ष 4 और अधिकतम 20 अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। इसको बढ़ाकर अधिकतम 10 प्रतिशत तक अंक दिए जाएं। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि अब कोई भी अतिथि विद्वान, व्याख्याता जो लगातार पढ़ाने का कार्य कर रहा है उसको बाहर नहीं किया जाएगा।

# सिवनी को मिला एफएम रेडियो स्टेशन

**सिवनी, देशबन्धु।** क्षेत्रीय लोगों के लिए सौ वॉट क्षमता के एफएम रेडियो स्टेशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। इस बात की जानकारी केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सिवनी में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने क्षेत्रीय सांसद की मांग को स्वीकार करते हुए यह सौगात दी है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में ब्रॉडगेज रेललाइन की शुरुआत श्री मोदी के सपने के चलते हुई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप देश में 40 हजार किलोमीटर रेललाइनों का विद्युतीकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने 3 करोड़ आवास बनाकर आमजन को दिए हैं, इसमें सबसे ज्यादा आवास मध्यप्रदेश में मिले हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक जल पहुंच रहा है। मध्यप्रदेश में भी इसमें वृद्धि की गई है।

श्री ठाकुर ने जी-20 समिट का जिक्र करते हुए इसे देश के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इसके लिए मैं प्रधानमंत्री को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जी-20 समिट के सफल आयोजन में सारी दुनिया ने नए भारत की बुलंद तस्वीर को देखा है और नया भारत नई ऊंचाइयों की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सारी दुनिया भारत को उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है।

# प्रधानमंत्री 14 को बीना आएंगे, मुख्यमंत्री ने दिए तैयारियों के निर्देश



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 सितम्बर के मध्यप्रदेश दौरे के लिए जरूरी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाए। कार्यक्रम स्थल पर नागरिकों के लिए सुविधाजनक बैठक व्यवस्था सहित पेयजल और अन्य जरूरी प्रबंध किए जाएं। बीना नगर सहित कार्यक्रम स्थल परिसर में स्वच्छता एवं आवश्यक सौंदर्यीकरण कार्य भी किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का सागर जिले के बीना में रिफायनरी के पेट्रो केमिकल्स कॉम्प्लेक्स के प्रकल्प के भूमि-पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13767399F Rank L/HAV Name BINOD THAPA Presently residing at Vill-GORKHA NAGAR PO-SHEIKH NAGAR Teh- JAMMU Distt JAMMU (J&K) PIN-180006 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम SHAKUNTLA THAPA दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम SAKUNTALA THAPA है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम SAKUNTALA THAPA को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597076 दिनांक 11/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- SHAKUNTLA THAPA
सही नाम- SAKUNTALA THAPA

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13764518F Rank HAV Name ILIYAS AHAMAD Presently residing at Vill-DHARAON PO-DHARAON Teh- SAKALDEHA Distt CHANDULI (UP) PIN-232105 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम JAMELA BAGAM दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम JAMEELA BEGAM है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम JAMEELA BEGAM को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597052 दिनांक 11/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- JAMELA BAGAM
सही नाम- JAMEELA BEGAM

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 10363229K Rank HAV Name NAND KISHOR Presently residing at Vill-BUNGAL PO-BADHANI, TEH- PATHANKOT, DISTT-PATHANKOT, (PB) PIN 145001 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम LAKSHMI DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम LAXMI DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम LAXMI DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597068 दिनांक 09/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- LAKSHMI DEVI
सही नाम- LAXMI DEVI

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13764518F Rank HAV Name ILIYAS AHAMAD Presently residing at Vill-DHARAON PO- DHARAON Teh- SAKALDEHA Distt CHANDULI (UP) PIN-232105 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम ZISAN ALI दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम ZEESHAN ALI है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व स्कूल सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पुत्र के इस नाम ZEESHAN ALI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597051 दिनांक 11/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम-ZISAN ALI
सही नाम-ZEESHAN ALI

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 13772944K Rank L/NK Name ASHWANI KUMAR Presently residing at Vill- NAI BASTI SUNGAL PO-LEHER Teh- AKHNOOR Distt JAMMU (J&K) PIN-181201 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम VISHNO DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम VAISHNO DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम VAISHNO DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597071 दिनांक 09/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- VISHNO DEVI
सही नाम- VAISHNO DEVI

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि. 09/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गगन गुप्ता पिता श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता, श्रीमती सोनम गुप्ता पत्नी श्री गगन गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 476/एलआईजी-7 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सिविल लाइन सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44500332, 1000399534 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा ... व.फु. द्वितीय तल-600 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री श्याम मोहन कुमार पिता श्री चिरंजीव लाल गुप्ता का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.11.9.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेनु दुबे पत्नी श्री सतीश दुबे ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक पीएनओ-181 पिपरिया सरकारी स्कूल के सामने सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004259451 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप सिंह विक्रम सिंह ऋषिरमन सिंह पिता स्व. श्री रजिन्दर सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.8.9.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अर्चना तिवारी पिता श्री उदयभान सिंह तिवारी ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक पीएनओ-174 पिपरिया सरकारी स्कूल के सामने कुण्डम रोड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004259452 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. पर निर्मित भूतल 750 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री प्रदीप विक्रम ऋषिरमन सिंह पिता रजिन्दर सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 08/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डॉ. माया गुप्ता पत्नी श्री नीरज गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं.-364 फैस-2 पार्ट-2 चैतन्यसिटी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004425073 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1500 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री मनोज कुमार तिवारी पिता बृजराज तिवारी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 07/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नलिनकांत गुप्ता पिता श्री योगेन्द कुमार गुप्ता श्रीमती सतनाम गुप्ता पत्नी श्री नलिनकांत गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक फ्लेट नं.-25 ए राजुल बिहार पापुलर फैक्ट्री के सामने तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46701565, 1000382257 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 798 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 622 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 622 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती निधि बंसल अग्रवाल पुत्री डॉ. नरेश कुमार बंसल पत्नी श्री अमित अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

### PUBLIC NOTICE

I hitherto known as RAMESHAVARI W/o Amar Deep Bavaria, residing at H.No. 1140, Siddh Nagar Purani Basti Mukharjee Chowk, Manegaon, Ranjhi, Jabalpur (M.P)-482005 have changed my name shall hereafter be known as RAMESHAVARI BAVARIA.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

RAMESHAVARI
Signature
(in existing old name)

### न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 687/ अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शैली धोपे पति श्री कमलेश धोपे निवासी-3115 नर्मदा रोड रामपुर के द्वारा मौजा कटंगा प.ह.नं. 9 ख.नं. 20/7 डाय. शीट नं. ... डाय. प्लाट नं. 02 रकवा 1614 व.फु.को रजि. विक्रय दिनांक... के माध्यम से विक्रेता सतीश चन्द धोपे पिता स्व. रमेश चन्द धोपे पता-3115 मुराब कालोनी नर्मदा रोड जबलपुर से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/वसीयतनामा/बंटवारानामा/हस्तांतरण पत्र/फौती/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 15/09/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 04/09/2023 को जारी।

जारी दिनांक 04/09/2023
पेशी दिनांक 15/09/2023

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक
दण्डाधिकारी गोरखपुर, जबलपुर

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्रं/356/अ-6/2022-2023

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रद्योत कुमार बैनर्जी / के. डी. बैनर्जी नि. साउथ सिविल लाइन ने नजूल ब्लाक नं. 21 प्लाट नं. 7/6 ख निर्मित/रकवा 450 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा ....व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक ..... मृत्यु दिनांक 05/03/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 21 प्लाट नं. 7/6 ख निर्मित/रकवा 450 वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम सिविल स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ... रकवा .... व.फु./हे. श्रीमति बीनापानी बैनर्जी / स्व. कालीदास बैनर्जी के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 26/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 08/09/2023
पेशी दिनांक 26/09/2023

र.नं. 1150

तहसीलदार,
रांझी, जबलपुर

### मध्य प्रदेश शास. कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, रामपुर, जबलपुर (पं.क्र. 73)

कार्यालय - 55, अशोक बिहार, रामपुर, जबलपुर (म. प्र.) पिन - 482008

**संस्था की वार्षिक आमसभा की बैठक**

मध्यप्रदेश शासकीय कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति पंजीयन 73 की बार्षिक आमसभा की बैठक दिनांक 24/09/2023 को सुबह 11 बजे दिन रविवार, हनुमान मंदिर अशोक विहार मैं आयोजित है, जिसमें सभी सदस्यगण सादर आमंत्रित है ।

एजेंडा इस प्रकार है-

1. वर्ष 2021-22 के अंकेक्षण पर चर्चा ।
2. वर्ष 2022-23 के वार्षिक लेखा जोखा / वित्तीय पत्रकों का अवलोकन एवं अनुमोदन करना।
3. आगामी वर्ष 2023-24 के लिए आय व्यय का बजट तैयार करना।
4. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से।

भागवत प्रसाद गौतम, अध्यक्ष
शा. कर्म. गृह निर्माण सह. समिति मर्या. जबलपुर (पं. क्र. 73)

### In The Court Of XVI Additional District and Session Judge District Court, Jabalpur

Presiding Officer:
अरूण प्रताप सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(MJC GW/0000042/2023)**
प्रीति बाई पटेल ...वादी
**Vs**
आम जनता ...प्रतिवादी
**Process Id**-/ 2023
पेशी दि.:-25/09/2023

प्रेषिती-
**(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.।**

यह कि प्रार्थी प्रीति बाई पटेल ने आपके विरूद्ध एमजेसी गार्जियन एण्ड वार्डस एक्ट आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 6 गार्जियन एंड वार्डस एक्ट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 06 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

**टिप्पणी** - प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 6 गार्जियन एंड वार्डस एक्ट की छायाप्रति संलग्न है।

**कृपया ध्यान दें**- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(अरुण प्रताप सिंह)
जिला न्यायाधीश सोलहवें
जबलपुर (म.प्र.)

र.नं. 1151

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. 10363221X Rank HAV NAME AJIT SINGH of Presently residing at Vill-BALI, P/O- BALI, TEH-UDHAMPUR, DISTT-UDHAMPUR (J&K) PIN 182101 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम KUSHYLIA DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम KOUSHIYA DEVI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम KOUSHIYA DEVI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597067 दिनांक 09/09/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- KUSHYLIA DEVI
सही नाम- KOUSHIYA DEVI

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/151 दिनांक 11.09.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्री साहिल जसवानी पिता श्री महेश जसवानी 2. श्री आयुष जसवानी ना.बा. बली श्री महेश जसवानी ने मकान नं. 849एफ 1 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 730 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ वसीयतनामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13
मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2023-24/239 दिनांक 11/09/2023

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अशोक कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री शंभू दयाल गुप्ता ने भवन क्रं. 501 वार्ड जवाहरगंज भूतल जीएफ-875 प्रथम तल एफएफ-875 द्वितीय तल एसएफ-100 हक त्याग पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 501 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्रीमती राधारानी गुप्ता पिता/पति स्व. श्री शंभू दयाल गुप्ता भवन क्र. 501 पिन नं. 42000630, 1000363637 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-05,
नगर निगम, जबलपुर

### कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

क्रमांक/अधी, यंत्री / कालोनी सेल / 2023-24/502 दिनांक 08/09/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा / ग्राम मोहनिया न.बं. 391 प.ह.नं. 58/26 खसरा नं. 226, 231/1, 232, 233, 235, 237 कुल रकबा 2.01034 हेक्टेयर में से 1.671 हेक्टेयर भूमि पर (गुजराल हिल्स) विकासकर्ता / कालोनाईजर मेसर्स भगवती बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स जसलीन कौर की ओर से मुख्यत्यार आम श्री शंभूनाथ सोनकर कालोनाईजर 1119 चौथा माईल स्टोन मण्डला रोड तिलहरी जबलपुर द्वारा आवासीय भूखण्डीय विकास हेतु कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के एवज में भूखंड क्रमांक 13 से 19, 22 से 28, 44 से 52, 59 से 70 कुल 35 भूखण्ड क्षेत्रफल 2959.52 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए है ।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल का क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

र.नं. 1152

अधीक्षण यंत्री - कालोनी सेल, नगर निगम जबलपुर

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै Prema P पत्नि Krishnan उम्र 60 वर्ष निवासी- Enthalpalam, Nanniyode VTC Perumatty District Palakkad State Kerala PIN Code 678534 मेरे पुत्र का आर्मी सर्विस रिकॉर्ड नंबर 15706330N,Rank L/NK, Arundas K है, मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम P Prema एवं जन्म तिथि 01/07/1962 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Prema P एवं जन्म तिथि 05/12/1962 दर्ज है जो की सही है दोनों ही नाम एवं जन्मतिथि मेरी ही है। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम P Prema एवं जन्म तिथि 01/07/1962 के स्थान पर मेरा नाम Prema P एवं जन्मतिथि 05/12/1962 दर्ज किया जाकर पढ़ा हुआ लिखा जावे।

जबलपुर - 09/09/2023

### नाम एवं जन्मतिथि परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै, Tamilzrasi पत्नी Thangavel उम्र 48 वर्ष निवासी- House No3/296 Street-Velavan Nagar, Villge- Vilandai Post Office-Vilandai Telegram Office- Tirukoilur, Police Station-Manalurpet T.K- Tirukoilur District- Viluppuram, State- Tamil Nadu PIN code 605756, मेरे पुत्र का आर्मी नंबर-15705812W Rank-Sigmn Slvanandam T है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Tamil & जन्मतिथि 01/01/1971 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम Tamilzrasi & जन्मतिथि 01/01/1975 दर्ज है जो सही है दोनों एक हो व्यक्ति हैं। मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Tamil & जन्मतिथि 01/01/1971 के स्थान पर मेरा नाम Tamilzrasi & जन्मतिथि 01/01/1975 दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जावे।

जबलपुर - 11/09/2023

### नाम परिवर्तन

मैं उमाकांत गजभिये पिता स्व. श्री अम्बादास गजभिये निवासी 390/1, शारदा आपार्टमेंट गुप्तेश्वर रोड मदन महल, जबलपुर म.प्र. 482001, यह कि मेरे पासपोर्ट नं. J- 6182520 मे मेरा नाम गजभिये एका महार उमाकांत अम्बादास पिता स्व. श्री अम्बादास गजभिये दर्ज हो गया है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उमाकांत गजभिये पिता स्व. श्री अम्बादास गजभिये है। यह कि मेरे उक्त शपथ पत्र के आघार पर मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम उमाकांत गजभिये पिता स्व. श्री अम्बादास गजभिये करने की कृपा करें। यह कि मैं इस शपथ पत्र के माध्यम से यह प्रमाणित करता हूँ कि गजभिये एका महार उमाकांत अम्बादास पिता स्व. श्री अम्बादास एवं उमाकांत गजभिये पिता स्व. श्री अम्बादास गजभिये दोनो एक ही व्यक्ति अर्थात मैं स्वयं हूँ। यह कि मुझे उमाकांत गजभिये पिता स्व. श्री अम्बादास गजभिये के नाम से जाना व लिखा जावे ।

पुराना नाम - गजभिये एका महार उमाकांत अम्बादास
नया नाम - उमाकांत गजभिये पिता स्व. श्री अम्बादास गजभिये

### नाम परिवर्तन

मैं मोहम्मद समसाद खान आयु 64 वर्ष पिता - स्व. श्री जलाल मोहम्मद निवासी - म.नं. 3077 रद्दी चौकी, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड क. 40, गोहलपुर, जिला जबलपुर म.प्र. 482002 आधारकार्ड नं. 779734726201 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ, यह कि, मैं उपरोक्त पते पर स्थाई रूप से निवास करता हूँ। यह मेरा पासपोर्ट कं. B0552620 में मेरा नाम मोहम्मद समसाद एवं मेरे पिता का नाम मोहम्मद जलाल दर्ज है। यह कि, मेरा पूरा नाम मोहम्मद समसाद खान है, जो कि मेरे आधारकार्ड में भी दर्ज है एवं मेरे पिता का नाम स्व. श्री जलाल मोहम्मद है, जो कि मेरे आधारकार्ड में भी दर्ज है। यह कि, मेरे उक्त पासपोर्ट कं. B0552620 में मेरा पूरा नाम मोहम्मद समसाद खान एंव मेरे पिता का सही नाम स्व. श्री जलाल मोहम्मद दर्ज कर लिखा व पढ़ा जाये।

पुराना नाम - मोहम्मद समसाद
नया नाम - मोहम्मद समसाद खान

### कार्यालय वन संरक्षक मध्य वृत्त वन विभाग, स्टेशन रोड़, जबलपुर दूरभाष क्र. 0761-2624341

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि स्व. श्री विशनजी भाई पटेल पिता स्व. श्री कांती भाई पटेल, प्रोपराईटर मेसर्स अम्बा टिम्बर स्टोर्स, 874 गुप्तेश्वर वार्ड मदन महल जिला जबलपुर की मृत्यु दिनांक 11.06.2021 को हो जाने के फलस्वरूप उनके स्वामित्व की एक आरामशीन (माननीय उच्तम न्यायालय में प्रेषित सूची में क्रमांक 49) के संचालन हेतु अनुज्ञप्ति धारक का नाम विलोपित कर श्रीमती पुष्पा पटेल पत्नि स्वर्गीय श्री विशनजी भाई पटेल का नाम दर्ज किये जाने बावद आवेदन पत्र प्रस्तुत किये जाने पर काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु गठित राज्य स्तरीय समिति भोपाल की बैठक दिनांक 24.07.2023 में एजेण्डा क्रमांक 1.21 में लिये गये निर्णय अनुसार- चूंकि "प्रकरण उत्तराधिकारी को अनुज्ञप्ति स्थानांतरित करने से संबंधित हैं।" अतः कलेण्डर वर्ष 2021-2023 तक की जारी आरामशीन अनुज्ञप्ति क्रमांक/ जेबीपी/ एसएम/2021/80 में अनुज्ञप्तिधारक का नाम मेसर्स अम्बा टिम्बर स्टोर्स श्री विशनजी भाई पटेल मदन महल जबलपुर का नाम दर्ज चला आ रहा है अब नामांतरण आवेदन पर कार्यवाही अनुसार श्रीमती पुष्पा पटेल पत्नि स्व. श्री विशनजी भाई पटेल का नाम म.प्र. काष्ठ चिरान (विनियमन) नियम 1984 के प्रारूप "ग" नियम 4 (1) के अंतर्गत किया जाना प्रस्तावित हैं। यदि किसी अन्य व्यक्ति/ संस्था/वसीयतधारी को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति मय मूल दस्तावेंजों सहित अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। इस अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावें को मान्य नहीं किया जावेगा।

वन संरक्षक
मध्य वृत्त जबलपुर

र.नं.- 1149

### नाम में सुधार की सूचना

मैं *MOHAMMAD SHAFIUDDIN ANSARI S/O ABDUL MAJEED ANSARI* यह सूचित करता हूं कि मेरी कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं की अंकसूचियों में मेरा नाम *MUHAMMAD SHAFIUDDIN* लिखा हुआ हैं, जिसे बदलकर मैंने अपना नाम *MOHAMMAD SHAFIUDDIN ANSARI* रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, वोटर आई.डी. कार्ड, एवं बैंक पासबुक आदि में लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को *MOHAMMAD SHAFIUDDIN ANSARI* ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें।

पूर्व नाम - *MUHAMMAD SHAFIUDDIN*

वर्तमान नाम - *MOHAMMAD SHAFIUDDIN ANSARI*

पता - *221, CHANDNI CHOWK, CHHOTI MASJID KE PASS, MOULANA ABDUL KALAM AZAD WARD JABALPUR PIN-482001*

### कार्यालय संभागीय अधिकारी नगर पालिक निगम, जबलपुर संभाग क्रमांक-4 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर

पत्र क्रं./ संभा.अधि./04/एम/27 जबलपुर
दिनांक 05/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि संपत्तिकर पिन नं. 1000622293 में पंजीकृत भवन स्वामी श्री गजेन्द्र सिंह बांगा / केवल सिंह बांगा पर आवेदक उमादेवी सिंह पति अजय पाल सिंह मकान नं. 149/5 वार्ड 10 प्लाट क्षेत्रफल ... वर्गफुट निर्मित भूतल 140 प्रथम तल ... वर्गफुट, द्वितीय तल ... वर्गफुट, तृतीय तल ... वर्गफुट, संलग्न पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस पर किसी भी व्यक्ति या संस्था को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 4 छोटीलाईन फाटक गोरखपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-4
गोरखपुर नगर निगम, जबलपुर

र.नं.- 1145

### न्यायालय अपर कलेक्टर जबलपुर

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0190/अ-20(1)/2022-23 जबलपुर, दिनांक 11/09/2023

**आम इश्तहार**

आवेदक श्याम सुंदर अग्रवाल पिता स्व. शिवशंकर अग्रवाल निवासी 63 अशोक विहार रामपुर जबलपुर पटवारी हल्का रामपुर तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर ने इस न्यायालय के समक्ष नीचे विनिर्दिष्ट स्थाई पट्टे का भूमि स्वामी अधिकार में संपरिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है और जबकि यह संपरिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है एवं सुनवाई की तारीख 27/09/23 स्थान न्यायालय अपर कलेक्टर शहर कक्ष क्रमांक 12 जबलपुर पर 3.00 बजे नियत की गई है। उक्त स्थाई पट्टे में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे या तो स्वतः या विधिक व्यवसायी या मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से नियत तारीख को उपस्थित हो और अपनी आपत्तियां, यदि कोई हो तो प्रस्तुत करें। आपके उपस्थित नहीं होने पर एवं आपत्तियां को प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**स्थाई पट्टे का विवरण**

खसरा नम्बर- 9/13, 10/8, 11/12, 15/18, प्लाट नं.- 63, रकवा- 1500, भूमि स्वामी- श्याम सुंदर अग्रवाल, भू-भाटक- 558/- रूपये प्रतिवर्ष।

जारी दिनांक 11/09/2023
पेशी दिनांक 27/09/2023

अपर कलेक्टर
जबलपुर

र.नं.- 1145

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0737/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अर्चना रावत एवं अन्य पिता श्री शिवकांत उर्फ विजय कुमार रावत नि.-शीतला माई मंदिर घमापुर ने नजूल शी नं. 131 प्लाट नं. 180 निर्मित रकवा/रकवा 439.5 व.फु./ अवि.हिस्सा...ग्राम पनेहरा प.ह.नं. 25 खसरा नं. ... रकवा 439.5 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 19/10/1992 मृत्यु दिनांक 07/03/2011 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र शपथपत्र खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल शीट नं. 131 प्लाट नं. 180 निर्मित रकवा/रकवा 439.5 व.फु./अवि. हिस्सा.../ग्राम पनेहरा प.ह.नं. 25 खसरा नं. ... रकवा 439.5 व.फु./हे. अमर लाल, चमन लाल/ प्रेमलाल के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 22/09/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 08/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 08/09/2023
पेशी दिनांक 22/09/2023

तहसीलदार
रांझी जबलपुर

र.नं.- 1144

### वार्षिक साधारण आम सभा वर्ष 2023-24 हेतु सूचना

समिति के सभी सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 24/09/2023 दिन रविवार समिति कार्यालय पी-230, दुलारी छाया शास्त्री विहार कॉलोनी, राजीवगांधी वार्ड, जबलपुर समय सुबह 11.30 बजे आयोजित की गई है। अतः निर्धारित समय पर उपस्थित होने की कृपा करें। सभा में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। सभा में निम्नलिखित विषयों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिये जायेंगे।

**विषय सूची**

1 पिछली आम सभा 2022-23 के आडिट की पुष्टि करने बावत्।
2 वर्ष 2023-24 अनुमादित बजट का निर्धारण करने बावत विचार एवं निर्णय।
3 कालोनी के विकास कार्यो की समीक्षा करना।
4 वर्ष 2023-24 के समिति के लेखा-जोखा आडिट पास कराना एवं पुष्टि बावत् विचार।
5 जो सदस्य कमेटी की तीन बैठकों में सूचना के बाद उपस्थित नहीं हुए उन पर कार्यवाही करने के संबंध में विचार।
6 अन्य विषय जिसे सभा अध्यक्ष अनुमति प्रदान करेंगे।

नोट- निर्धारित समय पर कोरम के अभाव में सभा आधा घण्टे के लिये स्थगित कर दी जावेगी तत्पश्चात ठीक 12.00 बजे स्थगित बैठक इसी स्थान पर सभा की कार्यवाही शुरू कर सम्पन्न होगी। जिसमें कोरम पर विचार नहीं किया जावेगा। प्रबंधन कारिणी कमेटी के निर्णय अनुसार।

अध्यक्ष
लाल बहादुर शास्त्री गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. जबलपुर
पंजी. क्र. डीआर/जेबीआर152/1983

र.नं.- 1146

देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 12 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# मीडिया से बचते मोदी

एक ओर तो रविवार को सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में उभरे अनेक अंतरराष्ट्रीय मसलों के बारे में खबरें आ रही हैं, तो वहीं ये पहलू भी सामने आया है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को मीडिया से बात करने की इजाजत नहीं दी थी। शिखर सम्मेलन के पहले तथा मोदी-बाइडेन मुलाकात के बाद प्रेस अमेरिकी राष्ट्रपति से बात करना चाहता था, लेकिन उन्हें ऐसा करने नहीं दिया गया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने वियतनाम पहुंचकर यह जानकारी दी जिसे लेकर कांग्रेस के महासचिव जयराम नरेश ने तंज कसते हुए आरोप लगाया है कि 'पीएम मोदी बाइडेन से कह रहे हैं कि न प्रेस कांफ्रेंस करूंगा, न करने दूंगा।' (प्रेस कांफ्रेंस नहीं करेंगे और न ही आपको करने देंगे)। अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ने जो कुछ वियतनाम में कहा उसके मुताबिक उन्होंने (बाइडेन ने) मोदी से मानवाधिकारों के सम्मान और एक मजबूत समृद्ध देश के निर्माण में नागरिक संस्थाओं और स्वतंत्र प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व को उठाया था।

यह अपने आप में बड़ा विरोधाभास है कि एक ओर तो बाइडेन स्वतंत्र प्रेस की भूमिका याद दिला रहे हैं और स्वयं मोदी उतनी ही तेजी से उनकी सीख को दरकिनार करते हुए मीडिया से न स्वयं बात करते हैं और न ही अपने मेहमान को बात करने दे रहे हैं। पहली बात तो यह है कि एक राष्ट्रपति को दूसरे सम्प्रभु मुल्क के राष्ट्राध्यक्ष से यह कहने की आखिर ज़रूरत ही क्यों पड़ी कि वे मानवाधिकारों का सम्मान करें और नागरिक संस्थाओं व स्वतंत्र मीडिया की भूमिका को समझें। क्या अपने देश को हर घड़ी 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले राष्ट्रप्रमुख से इस बात की उम्मीद नहीं की जानी चाहिये कि वे इन तथ्यों को पहले से जानें? फिर, एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष को क्या यह सीख दी जाने की आवश्यकता इसलिये पड़ गई क्योंकि उसे इस बात का इल्म है कि मेजबान देश में ऐसा नहीं हो रहा है? यानी घर आया मेहमान जानता है कि आप मानवाधिकार का सम्मान नहीं करते, यह देश नागरिक संस्थाओं की भूमिका से अनभिज्ञ है और यहां मीडिया आज़ाद नहीं है।

सम्भव है कि भारत का विदेश मंत्रालय इस बात का कोई जवाबी बयान जारी करे या फिर यह भी हो सकता है कि वियतनाम दौरे के समापन अवसर बाइडेन जब मीडिया को विस्तार से सम्बोधित करें तो इस बाबत और भी खुलासा करें। अमेरिका का विदेश मंत्रालय भी वाशिंगटन से ऐसा कर सकता है। जो भी हो, बाइडेन का यह बयान भारत के लिये शर्मिंदगी लेकर आया है। वह इसलिये कि यहां होते मानवाधिकारों के हनन, नागरिक संस्थाओं व मीडिया की आज़ादी को लेकर गम्भीर स्थिति बन गई है। अधिक कष्टप्रद तो यह है कि जो कुछ भी बाइडेन ने कहा, उसका प्रमाण मोदी स्वयं और तत्काल दे रहे हैं। कदाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो कुछ कहा उसका आधार उन तक पहुंचती भारत की इस आशय की खबरें हो सकती हैं। इसके अलावा जून में मोदी जब अमेरिका गये थे तब भी उनसे बार-बार निवेदन किया गया था कि बाइडेन के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद वे साझा प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करें। मीडिया ही नहीं, सभी तरह के मंचों पर सवालों से भागने वाले मोदी इससे मुकरते रहे। एक बड़े दबाव के अंतर्गत मोदी इसके लिये राजी तो हो गये परन्तु केवल दो सवाल लेने के लिये तैयार हुए थे। उनसे भारत में होते अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न और देश में धार्मिक आजादी पर होने वाले हमलों से सम्बन्धित प्रश्न किये गये थे। यह भी पूछा गया था कि वे इससे निपटने के लिये क्या उपाय कर रहे हैं। सवालों का तार्किक व सिलसिलेवार उत्तर देने की बजाय प्रधानमंत्री ने उसी गोलमाल ढंग से बात की जिसके लिये वे जाने जाते हैं। इसके साथ ही उनकी भारतीय जनता पार्टी तथा मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों की ट्रोल आर्मी ने सवाल करने वाली मुस्लिम मीडियाकर्मी पर आलोचना की इस कदर बौछारें की कि बाइडेन प्रशासन तक को उसके बचाव में उतरना पड़ा था।

मोदी की पिछली यात्रा जब हुई थी, उसके पहले मणिपुर में साम्प्रदायिक हिंसा के मामले सामने आने लगे थे, धार्मिक स्वतंत्रता के मामले में भारत की रैंकिंग काफी नीचे जा चुकी थी जिसके सम्बन्ध में कई रिपोर्टें मिल रही थीं तथा हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने बतला दिया था कि मोदी के प्रश्रय से गौतम अदानी दुनिया का दूसरा सबसे अमीर व्यक्ति बना है। इन तमाम विषयों पर उनसे अमेरिकी मीडिया बात करना चाहता था लेकिन जिन मोदी साहब ने खुद के देश में 2014 यानी पीएम की कुर्सी सम्भालने के बाद से कभी प्रेस कांफ्रेंस नहीं की है वे अमेरिका में प्रेस कांफ्रेंस करने के लिये कैसे आसानी से तैयार हो सकते थे जबकि यहां मीडिया का बड़ा हिस्सा सरकार समर्थक है। 2021 में तो खुद बाइडेन एक तरह से व्यंग्य स्वरूप कह चुके थे कि 'अमेरिकी मीडिया की तुलना में भारतीय मीडिया का व्यवहार काफी अच्छा है' (स्वाभाविकत: मोदी ने इस पर रजामंदी दिखलाई थी)। कुल जमा यह देश के लिये शर्मनाक स्थिति है कि मीडिया से उनके बचने की चर्चा देश के बाहर उस व्यक्ति के द्वारा की जाये जिसकी आवाभगत में आपने पलक पांवड़े बिछाये थे तथा राजशाही को मात देने वाली आवभगत की थी। मोदी की मीडिया से बचने की हरकतें न सिर्फ भारतीय लोकतंत्र के लिये बेचैनी पैदा करने वाली हैं, बल्कि यह एक चुनी हुई सरकार द्वारा किया जाने वाला गैरजिम्मेदाराना रवैया है। मोदी को चाहिये कि वे मीडिया से वार्ताएं करें क्योंकि लोकतंत्र का अनिवार्य तत्व संवाद ही है।

# उपचुनाव : विकल्प के उभरने के संकेत

जी-20 के अनुपातहीन तमाशे की चकाचौंध से मोदीराज ने जिन बहुत सी अप्रिय सच्चाइयों को एक हद तक कामयाबी के साथ छुपाया है, उनमें एक सच्चाई प्रधानमंत्री मोदी और उनके नेतृत्व में चल रही संघ-भाजपा की जोड़ी के घटते जन-समर्थन की है। इसी सच्चाई का एक और सबूत, जी-20 के शुरू होने से ऐन पहले आए, छ: अलग-अलग राज्यों में हुए सात विधानसभाई सीटों के उपचुनाव के रूप में सामने आया है। बेशक, सभी जानते हैं कि आम तौर पर उपचुनावों में और खासतौर पर विधानसभाई उपचुनावों में, सत्ताधारी दलों के लिए अनुकूल स्थिति रहती है और इसलिए उप-चुनावों के नतीजों में बहुत ज्यादा अर्थ नहीं पढ़ा जाना चाहिए। फिर भी, देश के छ: अलग-अलग राज्यों में एक साथ हुए उपचुनावों के संकेतों को, महज स्थानीय मामला मानकर अनदेखा करना किसी भी तरह से तार्किक नहीं होगा। इन नतीजों के वृहत्तर संकेतों को पढ़ने से तब इंकार करना तो और बेतुका होगा, जब ये चुनाव देश के पैमाने पर बढ़ते तथा तीखे होते हुए राजनीतिक ध्रुवीकरण के संदर्भ में हो रहे थे, जिसकी अभिव्यक्ति विपक्षी मंच इंडिया के गठन के रूप में हो रही है।

इंडिया की मुंबई बैठक में, जो हाल के विधानसभाई उप-चुनावों से ठीक पहले, 31 अगस्त तथा 1 सितंबर को हुई थी, 28 राजनीतिक पार्टियों ने हिस्सा लिया था। बेशक, इस बैठक में आने वाले लोकसभा चुनाव में ही "मिलकर लड़ने" का संकल्प लिया गया था और वह भी जहां तक बन पड़े एकजुट होने का ही निश्चय किया गया था और अगले चंद महीनों में होने जा रहे चार राज्यों के महत्वपूर्ण विधानसभाई चुनावों तक की चर्चा नहीं की गई थी, तब विधानसभाई उपचुनावों के लिए औपचारिक रूप से एकजुट होने का तो सवाल ही कहां उठता है। इसके बावजूद, विधानसभाई चुनावों या उपचुनावों की चर्चा नहीं होना या आम चुनाव में भी "जहां तक बन पड़े...एकजुट होने" की ही बात करना भी, सत्ताधारी मोदी निजाम की ज्यादा से ज्यादा उजागर होती सांप्रदायिक तानाशाही के खिलाफ, विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा एकजुट होने के प्रवाह को नकारता नहीं है बल्कि उसकी जटिलताओं को पहचान कर, उनके बीच से अधिकतम एकता हासिल करने के प्रयास की, यथार्थवादिता को ही दिखाता है। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि छ: राज्यों में नतीजों ही नहीं, जमीन पर राजनीतिक कतारबंदियों की सारी भिन्नता के बावजूद, इन उपचुनावों के नतीजों से एक वृहत्तर हैडलाइन, जी-20 के शोर के नीचे मीडिया में बहुत तक दब जाने के बावजूद, "इंडिया 4, एनडीए 3" यानी इंडिया के भारी पड़ने की ही बनी है। दूसरी ओर एनडीए के लिए सबसे अनुकूल हैडलाइन भी इसका दावा करने से आगे नहीं जा सकी है कि, 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' यानी मुकाबला बराबरी पर छूटा! कहने की जरूरत नहीं है कि यह भी मोदीराज के लिए इंडिया की उपस्थिति से गंभीर चुनौती आने को तो दिखाता ही है, जबकि अभी तक इंडिया की तीन बैठकें ही हुई हैं और जनता के मुद्दों पर जन अभियान का सिलसिला तो अभी शुरू भी नहीं हुआ है।

सभी जानते हैं कि इन उप-चुनावों में उत्तर प्रदेश, झारखंड, बंगाल तथा केरल की एक-एक सीट यानी कुल चार सीटें भाजपा-विरोधी पार्टियों के खाते में गई हैं, जबकि त्रिपुरा की दो और उत्तराखंड की एक सीट भाजपा ने अपनी झोली में डाल ली है, हालांकि त्रिपुरा में उसने जिस खुल्लमखुल्ला धांधली से इन सीटों पर कब्जा किया है, इसकी हम जरा बाद में चर्चा करेंगे। यह अलग से कहने की जरूरत नहीं है कि सभी सात सीटों पर, भाजपा या उसके सहयोगी दल के उम्मीदवार मैदान में थे और उनकी तमाम कोशिशों के बावजूद, इस उपचुनाव में नतीजा वाकई 4 बनाम 3 का रहा है। फिर भी 'एनडीए ने अपना स्कोर बनाए रखा' की हैडलाइन का इस सीमित अर्थ में कुछ औचित्य माना जा सकता है कि उपचुनाव से पहले, इन सात में से



राजेन्द्र शर्मा

> इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी।

तीन सीटों पर ही भाजपा का कब्जा था, जबकि चार सीटों पर भाजपा-विरोधी दलों का कब्जा था और उपचुनाव के बाद भी स्कोर जस का तस रहा है! वैसे यह भी अर्द्ध-सत्य ही है क्योंकि उत्तर प्रदेश की घोसी सीट का विधायक, दलबदल करा के भाजपा के अपनी झोली में डाल लेने से ही, उस सीट पर उपचुनाव हो रहा था।

जैसा कि हमने पीछे कहा, इन उपचुनावों के नतीजों के वृहत्तर संकेतों को समझने के लिए, इस तीन के तीन और चार के चार के स्कोर का अर्थ सीमित ही है। जाहिर है कि इसका पहला कारण तो यही है कि भाजपा का तीन की तीन सीटें रहने का आंकड़ा भी धांधली से बना आंकड़ा है यानी जनमत को नहीं दिखाता है। त्रिपुरा की दोनों सीटों पर, सत्ताधारी भाजपा ने, पुलिस समेत समूची सरकारी मशीनरी की मदद से और चुनाव आयोग के आंखें मूंदने के सहारे, इतनी भारी धांधली की थी कि भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) को दोनों सीटों पर चुनाव निरस्त करने की मांग करनी पड़ी थी और चुनाव आयोग द्वारा सुनवाई ही नहीं किए जाने पर, उसे मतगणना के बहिष्कार का भी ऐलान करना पड़ा था। मतदान के पहले और मतदान के दिन, सत्ताधारी दल के पालतू गुंडों के आतंक, हिंसा तथा अपने प्रतिस्पर्द्धियों के कार्यकर्ताओं व पोलिंग एजेंटों पर हमलों की भीषणता का अंदाजा, एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि बॉक्सानगर में सीपीआई (एम) के सिर्फ 16 और धनपुर में 19 पोलिंग एजेंट ही, अपने मतदान केंद्रों तक पहुंच पाए थे और जल्द ही उन्हें भी मार-पीट कर तथा डरा-धमकाकर मतदान केंद्र छोड़ने पर मजबूर कर दिया गया। वोट की इस खुली लूट के बाद, भाजपा ने खुद को बॉक्सानगर विधानसभाई क्षेत्र में कुल 89 फीसद वोट लेकर विजयी घोषित करा लिया, जबकि इसी फरवरी में हुए विधानसभाई चुनाव में इस सीट पर भाजपा को सीपीआई (एम) उम्मीदवार ने ठीक-ठाक अंतर से हराया था। दूसरी विधानसभाई सीट, धनपुर पर हालांकि भाजपा की ओर से लड़ते हुए केंद्रीय मंत्री, प्रतिमा भौमिक ने फरवरी के चुनाव में जीत हासिल कर ली थी और बाद में उनके इस्तीफा देने के बाद ही यह सीट खाली हुई थी, इस सीट पर भाजपा का 71 फीसद वोट लेकर जीतना भी, अब तक के चुनावों के इतिहास में अभूतपूर्व है। ये नतीजे, बड़े पैमाने पर धांधली का ही संकेत करते हैं। और त्रिपुरा में सत्तारूढ़ भाजपा के चुनाव में बड़े पैमाने पर धांधली और वोट की लूट का यह पहला मामला भी नहीं है। वास्तव में 2018 के आरंभ में भाजपा के इस राज्य में सत्ता में आने के बाद से, हरेक चुनाव में यही कहानी दोहराई जाती रही है। इस फरवरी में हुआ विधानसभाई चुनाव में जरूर, तब चुनाव आयोग की सख्ती की वजह से, इस धांधली तथा लूट पर एक हद तक अंकुश लगा था और इसके नतीजे में भाजपा का गठजोड़ साधारण बहुमत के आंकड़े से नीचे फिसलते-फिसलते बचा था। सत्तारूढ़ भाजपा ने इसका बदला, चुनाव नतीजे आने के फौरन बाद, विपक्ष तथा खासतौर पर सीपीआई (एम) के खिलाफ हिंसा व आतंक की भयावह मुहिम से लिया था और अब उप-चुनाव में उसी का विस्तार देखने को मिला। विडंबना यह है कि सत्ता के सहारे, विपक्षी कम्युनिस्टों को कुचलने के लिए हिंसा, आतंक तथा दमन और खुली चुनाव धांधली का यह खेल, भाजपा ने बंगाल के ममता राज से सीखा लगता है।

शेष पांच विधानसभाई सीटों में से केरल की पुथपल्ली सीट पर, जो परंपरागत रूप से कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे यूडीएफ के पूर्व-मुख्यमंत्री, ओमन चांडी की परंपरागत सीट रही थी और उनके निधन से खाली हुई थी, उनके बेटे ने यूडीएफ की ओर से सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट के बल पर प्रभावशाली जीत दर्ज कराई है, जबकि राज्य में उसके प्रतिद्वंद्वी, सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले, एलडीएफ का उम्मीदवार मुकाबले में रहा है। यहां भाजपा वास्तविक मुकाबले से बाहर ही थी और उसका उम्मीदवार बहुत पीछे तीसरे नंबर पर रहा है, जहां वह अपनी जमानत भी जब्त करा बैठा। इसके विपरीत, प. बंगाल में धूपघुड़ी के उपचुनाव में, तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज कराई है, जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इस सीट पर जीत हासिल की थी। यहां भाजपा अगर संतोष हासिल कर सकती है तो इसी बात का कि इससे पहले हुए सागरदीघी के उपचुनाव के विपरीत, यह चुनाव भाजपा के उत्तरी बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्य चेलेंजर के बने रहने को दिखाता है। सागरदीघी उपचुनाव में वाम मोर्चा समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार ने, तृणमूल कांग्रेस से सीट छीन ली थी और भाजपा काफी दूर तीसरे स्थान पर खिसक गई थी।

शेष तीन सीटों का चुनाव व्यावहारिक माने में विपक्षी गठबंधन इंडिया और सत्ताधारी गठजोड़ एनडीए के बीच रहा था। इनमें से उत्तराखंड में, सत्तारूढ़ भाजपा ढाई हजार से कम वोट के अंतर से बागेश्वर सीट पर, अपने दिवंगत मंत्री की पत्नी को उम्मीदवार बनाकर, सबसे बढ़कर सहानुभूति के वोट और प्रशासन के दुरुपयोग के सहारे, किसी तरह से सीट बचाने में कामयाब रही। दूसरी ओर, उसे मुख्य चुनौती दे रहे कांग्रेस उम्मीदवार को, लगभग सारा भाजपा-विरोधी वोट मिला। समाजवादी पार्टी समेत अन्य पार्टियां कुछ सौ वोट तक ही सिमट गईं। इसकी उल्टी तस्वीर झारखंड में देखने को मिली, जहां डुमरी सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार ने, भाजपा-समर्थित आजसू उम्मीदवार को 17,513 हजार से ज्यादा वोट से करारी शिकस्त दी। झामुमो उम्मीदवार को समूचे विपक्ष का समर्थन हासिल था और सहानुभूति का लाभ भी मिला।

बहरहाल, इस चक्र में सबसे दिलचस्प और मानीखेज नतीजा, उत्तर प्रदेश में घोसी सीट का रहा। यह सीट, पिछले विधानसभाई चुनाव में प्रभावशाली अंतर से समाजवादी पार्टी के निशान पर जीते, दारासिंह चौहान के दलबदल कर भाजपा में शामिल हो जाने पर, विधानसभा से इस्तीफा देने से खाली हुई थी। भाजपा ने चुनाव के बाद मंत्री बनाने की मंशा जताने के साथ, दारासिंह चौहान को अपने निशान पर चुनाव में उतारा था और मुख्यमंत्री योगी समेत, अनेक मंत्रियों, सांसदों, विधायकों को चुनाव प्रचार में उतारकर, एक प्रकार से अपनी पूरी ताकत चौहान को जिताने के लिए लगा दी थी। ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभसपा) और संजय निषाद के नेतृत्व में निषाद पार्टी को अपने पाले में कर के भाजपा, अपने परंपरागत वोट के साथ राजभर व निषाद जैसे पिछड़े समुदायों का वोट जोड़ने और दूसरी ओर अल्पसंख्यक मतदाताओं को आतंकित करने के सहारे, अपनी जीत पक्की मानकर चल रही थी। लेकिन, समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की, 42,759 वोट से जीत ने दिखा दिया कि मोदी-योगी के डबल इंजन राज की पकड़ से, उत्तर प्रदेश का जन-मानस, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की उसकी सारी तिकड़मों के बावजूद, तेजी से फिसलता जा रहा है। याद रहे कि यह सिलसिला 2019 के आम चुनाव से ही जारी है, जिसका 2022 के चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने के बावजूद, समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन की सीटों व वोट में उल्लेखनीय बढ़ोतरी के रूप में काफी असर दिखाई दिया था। साफ है कि विपक्षी एकता की तमाम सीमाओं के बावजूद, जनता इंडिया के गिर्द विकल्प गढ़ने की ओर बढ़ रही है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# अपनी पहली चुनावी लड़ाई में इंडिया अलायंस ने एनडीए पर बनाई बढ़त

■ डॉ. ज्ञान पाठक

28 विपक्षी राजनीतिक दलों के नवगठित इंडिया गठबंधन और भाजपा के नेतृत्व वाले 39 राजनीतिक दलों के नवीनीकृत एनडीए ने अभी-अभी अपनी पहली चुनावी लड़ाई का फल चखा है। जिन छह राज्यों में उपचुनाव हुए उनमें से 4 में इंडिया गठबंधन मजबूत होकर उभरा है, सात में से 4 सीटें जीतीं, और 4 में से 3 क्षेत्रों में भाजपा और एनडीए पर बढ़त हासिल की है।

सितंबर 2023 विधानसभा उपचुनाव 7 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए हुए- पूर्वी क्षेत्र में झारखंड में डुमरी और पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी, पूर्वोत्तर क्षेत्र में त्रिपुरा में बॉक्सानगर और धनपुर, उत्तर प्रदेश में घोसी और उत्तरी क्षेत्र में उत्तराखंड में बागेश्वर, और दक्षिणी क्षेत्र केरल में पुथुप्पल्ली। इंडिया गठबंधन ने जो 4 सीटें जीतीं, वे धूपगुड़ी, डुमरी, घोसी और पुथुपल्ली थीं, जबकि एनडीए ने जो 3 सीटें जीतीं, वे बॉक्सानगर, धनपुर और बागेश्वर थीं।

परिणाम का एक और महत्वपूर्ण पहलू भी उल्लेखनीय है – इंडिया गठबंधन द्वारा जीती गई सभी 4 सीटें उसके विभिन्न घटकों द्वारा जीती गईं-

> राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है। सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

जैसे कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में धूपगुड़ी में जीत हासिल की, जेएमएम ने झारखंड में डुमरी में, सपा ने उत्तर प्रदेश में घोसी में, और केरल में कांग्रेस ने पुथुपल्ली में। यह स्पष्ट रूप से अधिकांश सीटों पर इंडिया गठबंधन सहयोगियों के बीच बेहतर सीट बंटवारे की व्यवस्था का संकेत देता है।

उत्तर प्रदेश और झारखंड में सीट बंटवारे की व्यवस्था की सफलता और इसके परिणामस्वरूप उपचुनाव में उत्साहजनक नतीजों से अब इंडिया गठबंधन के सहयोगियों को पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा से मुकाबला करने के लिए देश भर में सीट बंटवारे के लिए प्रेरित होना चाहिए। उपचुनावों के नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि इंडिया गठबंधन सहयोगी न केवल सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देने में सक्षम हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने में भी सक्षम हैं।

इसके विपरीत, एनडीए द्वारा जीती गई सभी 3 सीटें वास्तव में भाजपा द्वारा जीती गईं, जो कि अपने गठबंधन सहयोगियों के प्रति भाजपा नेतृत्व के बड़े भइये रवैये को दर्शाता है, जो पहले तो उनके साथ पर्याप्त संख्या में सीटें साझा नहीं कर सकता है और दूसरी बात यह है कि गैर-भाजपा एनडीए सहयोगी हालांकि संख्या में इंडिया गठबंधन सहयोगियों से ज्यादा हैं,चुनावी दृष्टि से महत्वहीन साबित हुए हैं। कुल मिलाकर भाजपा अपने ही दम पर है।

त्रिपुरा और उत्तराखंड में उच्च सांप्रदायिक ध्रुवीकरण सर्वविदित है, जिससे भाजपा को क्रमश: 2 और 1 सीटें जीतने में फायदा हुआ। पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तर प्रदेश और केरल में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण काम नहीं आया। यह स्थिति भाजपा के लिए काफी चिंताजनक है और इंडिया गठबंधन के लिए उत्साहवर्धक। प्रधानमंत्री मोदी के तथाकथित करिश्मे को घटते हुए और आरएसएस-भाजपा कबीले के हिंदुत्व प्रचार के कमजोर होना को- सभी बड़े राज्यों में देखा गया है। यह भाजपा नेतृत्व के लिए एक अतिरिक्त चिंता का विषय है, खासकर पश्चिम बंगाल, झारखंड और उत्तर प्रदेश के संबंध में, जहां कुल मिलाकर 136 लोकसभा सीटें हैं। केरल लोकसभा में 20 सीटें भेजता है और भाजपा को वहां हासिल करने के लिए कुछ भी नहीं है। त्रिपुरा और उत्तराखंड लोकसभा में केवल 2 और 5 सांसद भेजते हैं। जाहिर है, लोकसभा चुनाव 2024 में तीसरे कार्यकाल के लिए प्रयासरत प्रधानमंत्री मोदी के लिए इन उपचुनावों में हार का विशेष महत्व है।

प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश से काफी उम्मीदें लगाये बैठे हैं, जहां भाजपा ने 2019 के चुनाव में क्रमश: 18 और 62 लोकसभा सीटें जीती थीं। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन अभी भी इतना मजबूत है कि उसे आसानी से हराया नहीं जा सकता। टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में अपना दबदबा कायम कर लिया है और प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ठोस अभियानों के बावजूद उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में सपा मजबूत और विजयी हुई है।

टीएमसी नेता निर्मलचंद्र रॉय ने धूपगुड़ी में भाजपा की तापसी रॉय को 4309 वोटों के अंतर से हराया, डुमरी में जेएमएम की बेबी देवी ने आजसू पार्टी की यशोदा देवी को 17,153 वोटों के अंतर से हराया, और सपा के सुधाकर सिंह ने दारा सिंह चौहान को 42,759 वोटोंअंतर से हराकर घोसी सीट जीती। जीत का अंतर बताता है कि भाजपा ने झारखंड और उत्तर प्रदेश में अपनी जमीन काफी हद तक खो दी है, जिससे इंडिया गठबंधन को फायदा हो रहा है। जहां तक पश्चिम बंगाल का सवाल है, भाजपा को टीएमसी ने स्पष्ट रूप से मात दे दी है।

उत्तर प्रदेश के नतीजे सपा और इंडिया गठबंधन के लिए काफी उत्साहवर्धक हैं। विधानसभा चुनाव 2022 में सपा को 1,08,430 वोट मिले थे जबकि भाजपा को 86,214 वोट मिले थे। सपा के वोट बढ़कर 1,24,427 हो गये जबकि भाजपा के वोट घटकर 81,668 रह गये। यह केंद्र और राज्य में भाजपा नेतृत्व के लिए बेचैन करने वाला है, जो एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा की बढ़ती अलोकप्रियता और दूसरी ओर सपा और उसके नेता अखिलेश यादव की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत देता है।

झारखंड में, विधानसभा चुनाव 2019 में71,128 वोटों के मुकाबले झामुमो को वर्तमान उपचुनाव में 1,00,317 वोट मिले। हालांकि, 2019 में प्राप्त 36,840 वोटों के मुकाबले, आजसू पार्टी 83,164 वोट हासिल करने में सफल रही, शायद इसलिए कि उसे भाजपा के समर्थन से लाभ मिला। भाजपा ने 2019 में इस सीट पर चुनाव लड़ा था और उसे 36,013 वोट मिले थे। कहने की जरूरत नहीं है कि एनडीए का वोट शेयर ज्यादा नहीं बढ़ सका, जबकि जेएमएम और इस तरह इंडिया गठबंधन ने भारी बढ़त हासिल की है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा को झटका लगा है, क्योंकि भाजपा ने यह सीट विधानसभा चुनाव 2021 में टीएमसी के 1,00,333 के मुकाबले 1,04,688 वोट हासिल कर जीत ली थी। उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि दोनों पार्टियां अपनी जमीन खो रही हैं- भाजपा को केवल 93,304 वोट और टीएमसी को केवल 97,613 वोट मिले। टीएमसी के मुकाबले भाजपा तेजी से अपनी जमीन खो रही है। इसका एक कारण यह हो सकता है कि इंडिया गठबंधन में शामिल सीपीआई (एम) ने इस सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा किया है। राज्य ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की राजनीतिक संभावना को स्पष्ट रूप से कमजोर कर दिया है।

सितंबर 2023 के उपचुनाव के नतीजों से पता चलता है कि इंडिया गठबंधन पहले से ही प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के खिलाफ एक मजबूत राजनीतिक ताकत बनकर उभरा है, जबकि भाजपा की डगर नीचे की ओर फिसलन भरी नजर आ रही है।

## पावन प्रसंग

# आध्यात्मिक मार्ग है-योग

योग विद्या भारतभूमि की अमूल्य विरासत है। प्राचीनकाल से लेकर अब तक इस देवभूमि पर तपस्वियों, ऋषियों, योगियों, साधकों ने अपने साधना-तप पुरुषार्थ से योग की पुनीत परंपराओं को जाग्रत व पुष्ट बनाए रखा है। इसी धरा ने समूचे विश्व के समक्ष आत्मानुसंधान की प्रणाली के रूप में इस जीवन विज्ञान का अनावश्यक किया है। भारतीय जीवन-सिद्धांतों में योग का मार्ग शाश्वत और सनातन है। इस पर चलने वालों के लिए यह साधना-पथ सदैव ही परम कल्याणकारी रहा है। जिन्होंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्हेंने इसके मर्म एवं महत्व को जाना समझा है, उन्होंने योग मार्ग पर चलकर तपकर साधक, सिद्ध और योगी के रूप में विश्व मानवता के जीवन-पथ को आदिकाल से प्रकाशित एवं गतिमान बनाए रखने का कार्य किया है।

विगत कुछ दशकों में योग को लेकर भारत ही नहीं, अपितु समूचे विश्व में एक नई क्रांति और जाग्रति का वातावरण बना है। शिक्षा, चिकित्सा और समाज कल्याण से जुड़े संस्था- संस्थानों में प्राथमिकता से योग के शिक्षण प्रशिक्षण, प्रचार-प्रसार, शोध-साधना आदि के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। योग को लेकर अनेक स्वतंत्र संस्थान व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के विस्तार को गति दे रहे हैं। 21वीं सदी में योग के प्रति उत्तरोत्तर बढ़ते आकर्षण और रुचि को देखते हुए यदि इसे योगक्रांति की सदी कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अब योग केवल साधना मार्ग वालों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि चिकित्सा, कॅरियर, व्यवसाय, प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, सौंदर्य आदि अनेक क्षेत्रों में इसका विस्तार स्पष्टता से देखा जा सकता है।

जीवन-विद्या की सर्वोत्कृष्ट प्रणाली के रूप में प्राचीनकाल से चली आ रही योगविद्या का आधुनिक युग में इतना बहुआयामी विस्तार और विकास अत्यन्त गर्व की अनुभूति कराने वाला है, लेकिन योग के ऐसे आधुनिक विस्तार के साथ इस पुनीत प्राचीन परंपरा में कुछ विसंगतियां भी दिखाई देने लगी है, जो हम सभी के लिए चिंता और चिंतन का विषय है। यह सर्वप्रत्यक्ष है कि हमारी आधुनिक सभ्यता पर किस तरह भोगवाद की प्रवृत्ति हावी है। व्यक्ति स्वयं को केंद्र में रखकर संसार की हरेक चीज को सुख-संसाधन और उपभोग की वस्तु बनाने पर आतुर है। ऐसी प्रवृत्ति से ग्रस्त समाज में एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो योग को भी व्यावसायिकता का एक नया क्षेत्र समझता है।

योग की शिक्षा,डिग्री, प्रमाणपत्र, उपाधि आदि प्रदान करने वाले संस्थानों की भी उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है। स्वास्थ्य, चिकित्सा और कॅरियर को लेकर भारी संख्या में युवाओं का इस ओर आकर्षण बढ़ा है। समय की मांग की दृष्टि से यह अच्छा प्रयास है लेकिन चिंता की बात यह है कि योग की इस आधुनिक शिक्षा प्रक्रिया में इस चैतन्य विज्ञान का जीवन के साथ अंतर्संबंध एवं मूल उद्देश्य कहीं खोता सा नजर आ रहा है।

आदिकाल से इसका शिक्षण-प्रशिक्षण व मूल्यांकन का कार्य ऋषि स्तर के तपस्वियों, अनुशासित योगियों, शिष्यों, साधकों अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित कसौटियों में भी कहीं कोई छूट का प्रावधान नहीं रखा गया है। इसलिए आचार्य की योग्यता और शिक्षार्थी की पात्रता, दोनों योग के उद्देश्य पूर्ति की आवश्यक और अनिवार्य शर्तें हैं। यहां इस चिंतन की आवश्यकता है कि योग की शास्त्रीय अवधारणाओं, विचारों, सिद्धांतों की जानकारी अथवा योग क्रियाओं के कुछ बाह्य पक्ष की कुशलता प्राप्त करा देने मात्र से योग लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता और न ही कोई सार्थकता सिद्ध होती है, लेकिन वर्तमान में योग शिक्षा की यही सच्चाई पहचान बनते जा रही है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# पंजाब में नशे के खिलाफ सख्त हो सरकार

नशा नाश करता है।पंजाब में इन दिनों नशे का कारोबार फलफूल रहा है। सरकार और पुलिस की ढुलमुल नीतियों के कारण पंजाब में नशे कारोबारियों के हौसले बुलंद है। पंजाब में नशे का कारोबार शबाब पर है। लेकिन सरकार और पुलिस इस तरफ ध्यान नही दे रहे है। इस तरह नशे का कारोबार चलता रहा तो नवयुवा बर्बाद हो जाएंगे।पंजाब के किसान विश्व का पेट भरने के सक्षम है। नशे में फंसे किसानों के लिए बडी आफत है। नशे को खत्म करने के लिए अमृतसर में एक नौजवान सड़क पर उतर कर सरकार को जागृत करने की मुहिम छेड़ दी है। अमृतसर में चौक चौराहे पर बैनर तले नशे के खिलाफ आवाज उठा रहा है। लेकिन सरकार को कोई लेना देना नही है।अमृतसर में वन मैन शो प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस मुहिम से सरकार नशे के कारोबारियों को पकड़ कर सजा कर सके। लिहाजा, उस युवक ने ठान ली है कि जब तक नशे के कारोबारियों को सलाखों के पीछे नही धकेल देता हूँ। सुकून से बैठ नही सकता हूं। नशा के कारोबारियों को रोकने के लिए पंजाब में री हैबीटेशन सेंटर खोंलने की आवश्यकता है। नशा से कई पीढियां बर्बाद होती है। सरकार को सख्त रवैया अपनाना होगा। पूर्व मंत्री मजीठिया ने आप विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप नेता और नशे कारोबारियों में सांठगांठ है। पंजाब में नशे के खिलाफ ऐंटी ड्रग्स कमेटियां भी एक्टिव हो गई है। गांवो में मुहिम तेज कर दी है। सरकार की उदासीनता को दूर करने के लिए ये कमिटियां आग में घी का काम कर रही है। नशे के कारोबारियों पर भी शिंकजा कसा जा रहा है। पंजाब में नशे की रोकथाम नही की गई तो वो दिन दूर नही, जब घर घर नशेड़ी मिलने शुरू हो जाएंगे। सरकार इस तरफ ध्यान देकर नशे कारोबारियों की धरपकड़ कर उनकी जगह बताई जाए।

**कांतिलाल मांडोत सूरत**

# औधे मुंह गिरा टमाटर पर प्याज-आलू हुए महंगे

## फुटकर में प्याज 40 रूपये किलो की ऊंचाई पर



**जबलपुर,देशबन्धु।** एक समय था जब टमाटर की कीमत बढ़ते-बढ़ते 200 रूपये से लेकर 240 रूपये किलो तक की ऊंचाई तक पहुंच गई थी लेकिन जैसे ही आसपास के जिलों व लोकल आवक शुरू हुई तो टमाटर के दाम तेजी से गिरने लगे और अब आलम यह है कि फुटकर में टमाटर की कीमत घट कर 20 से 30 रूपये तक आ गई है। इसके विपरीत आलू प्याज की कीमतें ऊंची हो गई हैं, फुटकर में जहां आलू की कीमत बढ़ते-बढ़ते 25-30 रूपये किलो तक हो गई है वहीं प्याज की कीमत बढ़कर 40 रूपये किलो तक पहुंच गई है। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक प्याज का उत्पादन कम होने के कारण भाव एक बार फिर से चढ़ने लगे हैं, वर्तमान में प्याज की आवक कमजोर है, यही वजह है कि प्याज की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। दूसरी तरफ आलू की आपूर्ति भी कमजोर बनी हुई है। जबकि मांग का दबाव अधिक है, यही वजह है कि आलू की कीमतें भी तेज हो रही है।

**हरी सब्जियों में तेजी बरकरार -** उपभोक्ता हरी सब्जियों की आपूर्ति बढ़ने पर ऊंची कीमतों से राहत की उम्मीद लगा रहे थे लेकिन फिलहाल हरी सब्जियों में तेजी का रूख बरकार है। फुटकर में मुनाफाखोरी के चलते जहां भटा 40 रूपये किलो के ऊंचे भाव पर बिक रहा है वहीं बरबटी, तुरई, शिमला मिर्च की कीमत 60 रूपये किलो तक बोली जा रही है। भाजियों में पालक 80 रूपये किलो के ऊंचे भाव तक बिक रही है। जबकि भिण्डी के भाव 40 रूपये और लौकी-कददू के भाव 30 रूपये किलो तक बोले जा रहे हैं। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक जैसे-जैसे हरी सब्जियों की लोकल आपूर्ति बढ़ेगी, वैसे-वैस कीमतों में गिरावट का दौर शुरू हो जायेगा। हालाकि आसपास के उत्पादक क्षेत्रों से हरी सब्जियों की आवक धीरे-धीरे बढ़ना शुरू हो गई है।

# तकनीक एवं डिजिटल इन्फार्मेशन के ज्ञान से ही विद्यार्थियों का होगा सर्वांगीण विकास

**जबलपुर, देशबन्धु।।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग द्वारा निरंतर विविध कार्यक्रम एवं व्याख्यान आयोजित किये जा रहे हैं। जिससे छात्र-छात्राएं अपनी पढ़ाई एवं कैरियर संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारी शिक्षा-दीक्षा के साथ-साथ अलग से प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त कर सकें और एक्सपर्ट से महत्वपूर्ण जानकारी के साथ-साथ सवाल-जवाब कर अपनी कमजोरियों को दूर कर सकें। इसी श्रृंखला में कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. पी. बी. शर्मा के मुख्य आतिथ्य में बायर कॉप साइंस लिमिटेड द्वारा वैज्ञानिक आउटरीच के अंतर्गत पुनर्योजी कृषि और स्थिरता एवं बायर में छात्रों के लिये अवसर विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. शैलेष शुक्ला, रीजनल ब्रीडिंग एफ्टी लीड (एससीआई), बेयर कॉप साइंस लिमिटेड और जनेकृविवि के पूर्व छात्र रहे। कार्यक्रम का संचालन एमएससी के छात्र श्री भोलाराम एवं आभार प्रदर्शन डॉ. एस. बी. दास ने किया। इस अवसर पर डॉ. एस. बी. दास विभागाध्यक्ष कीटशास्त्र विभाग, डॉ. जयंत भट्ट, विभागाध्यक्ष पौधरोग विभाग डॉ. ए.के. जैन, प्रोफेसर श्री आलोक सिंह सेंगर, डॉ. आर.एस. मरावी. डॉ. अमित झा सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।





# सेन्ट मेरी विद्यालय के छात्रों ने जीते गोल्ड

**जबलपुर, देशबन्धु।** वर्ल्ड कराटे महासंघ एवं एशियन कराटे संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था एस सी के एफ आई द्वारा बीसवीं स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2023 उज्जैन में आयोजित की गई। जिसमें सेंट मेरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्हीएफजे के छात्रों ने 7 स्थानों पर कब्जा करते हुए एक गोल्ड, 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किए। विजय छात्र युवराज सिंह ने गोल्ड मेडल, दिव्या सोनी और सूर्यदेव सिंह ने सिल्वर मेडल तथा शाहजीन फातिमा खान और आदित्य कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्राचार्य महोदया एवं प्रबंधन कमेटी द्वारा विजयी छात्रों को बधाई दी गई।

# कु.प्रबंधन के कारण 600 मेगावॉट बिजली पुनः खरीदने की नौबत आयी

**जबलपुर,देशबन्धु।** रबी सीजन के लिए 600 मेगावॉट बिजली खरीदी निविदा से प्रदेश के बिजली कम्पनियों द्वारा कु.प्रबंधन सामने आया है। यह आपत्ति नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शका मंच के अध्यक्ष डॉ.पीजी नाजपांडे ने मप्र विद्युत नियामक आयोग को भेजकर समीक्षा करने का निवेदन किया है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि बिजली आपूर्ति के लिए 15 हजार मेगावॉट के दीर्घ अवधि के अनुबंध किये गये है। बिजली नहीं खरीदने पर भी डेढ़ हजार करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा चुका है।

वास्तविकता में रबी सीजन में इन्हीं दीर्घ अवधि के अनुबंध वालों को बिजली आपूर्ति के लिए कहा जाना था, लेकिन ऐसा नहीं होकर कम अवधि के लिए पुनः बिजली खरीदी निविदायें जारी की गई है। ताप विद्युत संयंत्रों की कुल उत्पादन क्षमता 5400 मेगावॉट है, लेकिन प्लानिंग सही नहीं होने के कारण रबी सीजन से मांग बढ़ने के बावजूद भी कोई ना कोई इकाई मेंटेनेंस के लिए बंद रखी जाती है। यही हाल जल परियोजनाओं का है। टॉस जैसी परियोजना की इकाईयां अधिकांश समय बंद रहती है। खामियाजा उपभोक्ता को भुगतना पड़ेगा। रजत भार्गव एड.वेदप्रकाश अधौलिया, डीआर लखेरा, सुशीला कनौजिया ने बताया कि कु-प्रबंधन के कारण हो रही अतिरिक्त बिजली खरीदी का बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ेगा।

# पमरे में संरक्षा एवं सुरक्षा पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के लगभग 3000 से भी अधिक रूट कि.मी. के ट्रैक के अनुरक्षण एवं गाड़ियों के सुरक्षित सञ्चालन कार्य की जिम्मेदारी को पमरे द्वारा बड़ी तत्परता से निभाया जा रहा है, चालू वित्तीय वर्ष में पमरे द्वारा समय समय पर रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार सघन संरक्षा अभियान चलाकर रेल सञ्चालन को और भी बेहतर करने के कई कदम उठाये गए हैं। इसी कड़ी में गाड़ियों की गति में बढ़ोतरी के साथ सुरक्षित संचालन को ध्यान में रखते हुए पमरे द्वारा ट्रैक टर्न आउट एवं क्रासिंग पर सामान्य स्विच के स्थान पर थिक वेब स्विच लगाये जाने की शुरुआत की गयी है एवं तीव्रता से इस कार्य को अंजाम दिया जा रहा है ढ्ढ माह अगस्त 2023 में पमरे इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 11 नग थिक वेब स्विच लगाये गए एवं इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष में संचयी रूप से अभी तक 99 नग थिक वेब स्विच लगाये जा चुके हैं ढ्ढ उल्लेखनीय है कि थिक वेब स्विच के कारण ट्रेन और भी सुरक्षित एवं अधिक गति से टर्न आउट से पास हो जाती है। बीते अगस्त माह में पमरे द्वारा यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा को देखते हुए 01 समपार फाटक को बंद किया गया है ओर इस प्रकार इस वित्तीय वर्ष में अभी तक कुल 09 समपार फाटकों को बंद किया गया है। इसके साथ-साथ अगस्त माह में 01 स्टेशन बिल्डिंग पर रूट रिले इंटरलॉकिंग/पैनल/इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का कार्य किया गया है इस वित्तीय वर्ष में अब तक 11 स्टेशन बिल्डिंग पर रूट रिले इंटरलॉकिंग/ पैनल/ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग स्थापित किये जा चुके हैं जो कि गाड़ियों के सञ्चालन को और भी अधिक तेज एवं सुरक्षित बनाता है ।

# लैंड जिहाद आरोप में नया मोड़, प्रभा मुखर्जी का अंतिम संस्कार गुप्त रूप से कराने की शिकायत सही नहीं मिली

**जबलपुर, देशबन्धु।** फल का व्यापार करने वाले दो युवकों पर लैंड जिहाद के आरोप के मामले में नया मोड़ आ गया है और पुलिस की जांच में झूठे आरोप लगाकर ब्लैकमेल करने का षणयंत्र किया गया था, इसका खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी के निर्देश पर मामले की जांच करने वाली एडिशनल एसपी, सिटी प्रियंका शुक्ला ने साफ किया है कि अमित व जयंत मुखर्जी की हत्या के आरोप मनगढ़ंत पाए गए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से होने का तथ्य रेखांकित हुआ है।

स्वजनों ने हत्या का संदेह नहीं जताया था। साथ ही भंडारी अस्पताल की ओर से भी इस सिलसिले में कोई तहरीर पुलिस को नहीं भेजी गई थी। इसी तरह प्रभा मुखर्जी का अंतिम संस्कार एक प्रापर्टी ब्रोकर के साथ मिलकर दोनों मुस्लिम युवकों द्वारा गुप्त रूप से किए जाने का आरोप भी जांच रिपोर्ट में झूठा पाया गया है।

एडिशनल एसपी, सिटी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि इस मामले की जांच प्रक्रिया के दौरान गवाहों के बयान दर्ज किए गए। प्रभा मुखर्जी की मृत्यु 29 अप्रैल, 2015 को हुई थी, जिनकी अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया। मुकेश जैन, सुलभ शर्मा, मनोज कुमार दुबे ने अपने कथनों में साफ किया है कि अंतिम संस्कार बंगाली रीति-रिवाज से हुआ था। इस दौरान बंगाली पंडित के साथ अशरफ गुड्डु व अशरफ के अलावा तीनों गवाह मौजूद थे।

एडिशनल एसपी, सिटी प्रियंका शुक्ला ने बताया कि जांच रिपोर्ट में यह तथ्य भी उजागर हुआ है कि बंगाली ब्राह्मण वृद्धा प्रभा मुखर्जी ने अपने पति हर्ष मुखर्जी व पुत्रद्वय अमित व जयंत मुखर्जी की मृत्यु के बाद अशरफद्वय के नाम दो पंजीकृत वसीयतनामे व विक्रय पत्र निष्पादित किए थे। इस संबंध में कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई। अधीनस्थ अदालत ने अशरफद्वय के पक्ष में निर्णय लिया था। कुल मिलाकर संपत्ति प्रकरण सिविल प्रकृति का है और हाई कोर्ट में विचाराधीन है।

# आज सायंकालीन एवं 13 सितम्बर को प्रातःकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ललपुर जलप्रदाय योजनांतर्गत 42 एमएलडी जलशोधन संयंत्र अंतर्गत भँवरताल उच्चस्तरीय टैंक में 24७ योजना के तहत् 600 एम.एम. व्यास का वाल्व व टी बदलने का कार्य आज दिनांक 12 सितम्बर को किया जाना है, जिसके चलते उक्त तिथि को भँवरताल टैंक से सायंकालीन एवं दिनांक 13 सितम्बर को प्रातःकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। इस अतिमहत्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', जलप्रभारी एकता गुप्ता एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने खेद व्यक्त किया है।

# बिजली संबंधित शिकायतों के लिए शिविर आयोजित

**जबलपुर,देशबन्धु।** विद्युत नियामक आयोग के पत्र क्रमांक 2023- 13/2/23 एवं पत्र क्र.2197 25/10/2022 के तारतम्य जबलपुर शहर वृत स्तरीय विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम 12 सितंबर मंगलवार प्राय:11.00 बजे आहुत किया गया है। सम्मानित विद्युत उपभोक्ता से अनुरोध है कि बिलिंग मीटर नए कनेक्शन टीसी वोल्टेज आदि संबंधित शिकायतों के लिए मिशन कंपाउंड परिसर संभागीय कार्यालय में आहुत फोरम में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें पंजीबद्ध करवायें। प्राप्त आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही कर संबंधित शहर संभाग द्वारा नियमानुसार निराकरण किया जायेगा।

# रेलवे स्कूल मे छात्र संघ के पदाधिकारियों ने समारोह मे पूर्ण निष्ठा की शपथ ली

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित रेलवे की डब्ल्यू एस ई सी शाला में सोमवार को सत्र 2023-24 के लिए छात्र संघ में चुने गए स्कूल पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डब्ल्यूसीआर डब्ल्यू डब्ल्यू ओ जबलपुर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती गुरमीत कौर, उपाध्यक्ष श्रीमती आभा आनंद, सेक्रेटरी श्रीमती रेणु रंजन, ट्रेजरार राधा गुप्ता व स्कूल इंचार्ज दर्शिता, अरुणा सोने, रिचा दुबे एवं प्रवीणा पांडे के साथ ही समिति की अन्य गणमान्य सदस्याएं उपस्थिति रही।



शाला प्राचार्या आशा अवस्थी के मार्गदर्शन में शाला नायक आशुतोष पांडे व शाला नायिका कुमारी हिमानी शुक्ला ने पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से अपने दायित्व को निर्वहन करने की शपथ ली।

इस अवसर पर स्कूल वाइस कैप्टन पीयूष गुलेरी ,प्राशी नागौरे , रेड हाउस कैप्टन लोकेश ज्ञानचंदानी , पूर्णि ताम्रकार , ब्लू हाउस कैप्टन अंश गुप्ता ,जानवी पाली, ग्रीन हाउस कैप्टन - अमन सोनकर , आस्था गुप्ता , येलो हाउस कैप्टन - सुंदरम सिंह ,तनीषा बैस , रेड हाउस वाइस कैप्टन- संदीप सिंह ,श्रेया चौरसिया , ब्लू हाउस वाइस कैप्टन- अभिवंश समुद्रे ,प्रियंका ज्ञानचंदानी , ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन -अभिनव, अक्षरा अहूजा, येलो हाउस वाइस कैप्टन - देवाशीष गुप्ता, चारमिन पाल, स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन आदित्य, वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन -अविनाश पाठक, कल्चरल कैप्टन सक्षम त्रिपाठी , कल्चरल वाइस कैप्टन श्रुति द्विवेदी, स्कूल बैंड दल कप्तान द्वारा शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत आदि छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए जो अति सराहनीय थे।

# हिन्दी महोत्सव आज 12 से, निबंध लेखन, भाषण, सामान्य ज्ञान, साहित्यिक कृतियों पर नाट्य मंचन और पुस्तक प्रदर्शनी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश विद्युत परिवार हिन्दी समिति द्वारा हिन्दी महोत्सव 2023 का आयोजन 12 से 14 सितंबर तक शक्ति?भवन स्थित केन्द्रीय ग्रंथालय में किया गया है। तीन हिन्दी महोत्सव नए स्वरूप व आकर्षक ढंग से आयोजित होगा। प्रदेश विद्युत हिन्दी परिवार के अध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने जानकारी दी कि तीन दिवसीय हिन्दी महोत्सव में तात्कालिक निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण व हिन्दी साहित्य, व्याकरण व भाषा विज्ञान पर केन्द्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित होगी। हिन्दी महोत्सव का इस बार विशेष आकर्षण समागम रंगमंडल द्वारा दो कृतियों पर नाट्य मंचन होगा। हिन्दी महोत्सव में साहित्यक पुस्तकों की प्रदर्शनी संयोजित की गई है।

हिन्दी महोत्सव का उद्घाटन आज 12 सितंबर को हिन्दी महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर वरिष्ठ कथाकार राजेन्द्र दानी मुख्य अतिथि होंगे। इस दिन प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समागम रंगमंडल द्वारा 'अग्नि और बरखा' नाटक का मंचन नए स्वरूप में किया जाएगा। 13 सितंबर को तात्कालिक निबंध व 14 सितंबर को तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

प्रतियोगिता में नियमित व संविदा कर्मियों के साथ बाह्यसेवा प्रदाता के माध्यम से नियोजित कार्मिक भी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में जबलपुर स्थित विद्युत कंपनियों के नियमित व संविदा कार्मिकों के अलावा बाह्यसेवा प्रदाता के माध्यम से नियोजित कार्मिक भी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को व्यक्तिगत पुरस्कार के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया गया। विद्युत परिवार हिन्दी समिति के अखिलेश अग्रवाल, आलोक श्रीवास्तव, राजेश पाठक, शशिकांत ओझा, घनश्याम पांडे, पराग मिश्रा, नुसरत सिद्दीकी, लोकेश उपाध्याय, खुशबू शर्मा, मनीषा झारिया, ऋचा अग्निहोत्री, राजीव गुप्ता, शहजादा शकील आफरीदी, नारायण बहादुर क्षत्रीय, सुहास कोरडे, सतीश जैन, अनुज तिवारी, रावेन्द्र कुमार वर्मा, राकेश यादव व राकेश स्वामी आदि ने सभी विद्युत कंपनियों के नियमित व संविदा कार्मिकों के अलावा बाह्यसेवा प्रदाता के माध्यम से नियोजित कार्मिकों से हिन्दी महोत्सव और इसकी प्रतियोगिता में भाग लेने का अनुरोध किया है।

# ज्योति मिश्रा की कृति शबरी के रघुनंदन राम का विमोचन सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रेम ही मानवता है ।जिसके अंतस में प्रेम है, वह जीवन-जगत के प्रत्येक क्षेत्र में विशिष्टता हासिल कर सकता है। ज्योति मिश्रा प्रभा की कृति शबरी के रघुनंदन राम में शबरी और राम के मिलन को दो सभ्यताओं और संस्कृति का मिलन बताते हुए शबरी के माध्यम से उसके भक्तिमय प्रेम की आराधना की है। तदाशय के उदगार कला,साहित्य, संस्कृति को समर्पित पाथेय संस्था के तत्वावधान में कवयित्री,कथाकार ज्योति मिश्रा प्रभा की काव्य कृति %शबरी के रघुनंदन राम का विमोचन करते हुए अतिथियों ने व्यक्त किए। साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य में कलावीथिका में आयोजित समारोह के अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे एवं मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजकुमार सुमित्र, श्रीमती गीता शरत तिवारी थीं। साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने कहा की यह कृति समजिक समरसता की प्रेरणा देती है। ऐसा साहित्य जिसमें जिसमें सामाजिक जागृति का भाव निहित हो वह साहित्य कभी घूमिल नहीं होता। प्रारंभ में संयोजक राजेश पाठक प्रवीण ने शबरी के रघुनंदन राम कृति के रचनात्मक पक्ष की व्याख्या की। कथाकार श्रीमती ज्योति मिश्रा ने कहा की शबरी के भक्ति भाव और प्रेम भाव का उनके जीवन में विशेष प्रभाव पर पड़ा। शबरी कृति की रचना करते हुए उन्हें विलक्षण अनुभूतियां भी हुई। प्रारम्भ में वंदना सोनी ने आराधना गीत प्रस्तुत किया।

# एग्रीकल्च र इन्फास्ट्रमक्चेर के क्षेत्र में ऋण वितरण को दें प्राथमिकता

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला स्तचरीय साख समन्वनय समिति की बैठक में कलेक्टेर सौरभ कुमार सुमन ने बैंक अधिकारियों को एग्रीकल्चोर इन्फासस्ट्र्यक्चनर के क्षेत्र में ऋण वितरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये है। कलेक्टोर कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को संपन्न हुई इस बैठक में सुमन ने केन्द्र और राज्यि शासन द्वारा प्रायोजित स्वे-रोजगार योजनाओं के प्रकरणों में ऋण की स्वी्कृति और वितरण को भी गति देने के निर्देश भी बैंक अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्र जयति सिंह भी मौजूद थी।



कलेक्टर ने बैठक में बैंको के सीडी रेशियो की समीक्षा करते हुये बैंक अधिकारियों से कहा कि उन्हें प्राथमिकता क्षेत्र, एमएसएमई सेक्टरर, डेयरी एवं कृषि उत्पाषदों के प्रसंस्कयरण के साथ-साथ कृषि अवसरंचना के क्षेत्र में ऋण बढ़ाने पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। उन्होपनें किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत पशुपालक किसानों एवं मत्य्षे कृषकों को क्रेडिट कार्ड वितरण के लंबित प्रकरणों के निराकरण में भी गति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टतर ने बैठक में कृषि अवसंरचना क्षेत्र में ऋण वितरण पर निजी बैंको के खराब प्रदर्शन पर अप्रसन्निता भी व्याक्त की।

श्री सुमन ने राष्ट्री य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत नये महिला स्वनङ्कसहायता समूहों को व्यतवसाय शुरू करने के लिये ऋण उपलब्धा कराने को प्राथमिकता देने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिये। उन्होानें मुख्यीमंत्री उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वकनिधि योजना, मुख्यनमंत्री स्ट्रीयट वेंडर योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के लिये चलाई जा रही स्व्रोजगार ऋण योजनाओं की बैंकवार प्रगति की समीक्षा भी बैठक में की। कलेक्टिर ने बैठक में सीएम हेल्पईलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुये कहा कि इस दिशा में बैंको को अपने परफार्मेंस में और सुधार लाना होगा। उन्हो्नें कहा कि सीएम हेल्परलाइन की शिकायतें निचले स्तशर पर ही अटेंड की जाये। श्री सुमन ने सीएम हेल्पसलाइन से प्राप्त पेंशन संबंधी सभी शिकायतों को इसी माह निराकृत करने तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देने की हिदायत भी दी। बैठक में रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैंक के प्रबंधक विवेक कुमार, जिला व्यानपार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक, नगर निगम की सहायक आयुक्त अंकिता जैन, सभी बैंको के जिला समन्वययक तथा स्वदरोजगार ऋण योजनाओं से जुड़े विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

# राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की टीम ने किया कुंडम का भ्रमण

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की भोपाल से आई टीम ने तरल अपशिष्ट प्रबंधन के मद्देनजर आज सोमवार को ग्राम पंचायत कुंडम का भ्रमण किया गया । ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जयति सिंह द्वारा ग्राम पंचायत कुण्ड म में स्वच्छता चौपाल लगाकर यहां भोपाल की टीम से तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु सर्वे कराकर उचित तकनीक का चयन कर संरचनाओं का निर्माण कराने की बात कही थी । भोपाल से यूनिसेफ के राज्य सलाहकार साबिर, अतुल त्रिवेदी एवं राज्य जल स्वच्छता मिशन के राज्य सलाहकार रजनीश, गौरव एवं गजेंद्र द्वारा ग्राम पंचायत में स्वच्छता प्रेरक सरपंच, स्वा- सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा के बाद नालियों का गंदा पानी तालाब में मिलने वाले स्थागन का भ्रमण किया गया। इस दौरान टीम द्वारा तीन स्थानों को चिन्हित किया गया, जहाँ तालाब में नालियों का गंदा पानी मिलने से रोकने के लिये उपयुक्त संरचना का निर्माण किया जा सकता है । भोपाल से आई यह टीम इस बारे में जल्दी ही अपनी रिपोर्ट जिला पंचायत को सौंपेगी ।

## नर्मदा-हिरण नदी बचाओ की मुहिम में जुटे ग्रामीण



**जबलपुर, देशबन्धु।** राजीव गांधी पंचायती राज संघटन एवं नर्मदा बचाओ हिरण बचाओ के संयोजक विवेक अवस्थी ने बताया नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध से विस्थापित ग्राम चुटका, जो कि मंडला जिले में स्थित है, में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा परमाणु संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

अगर परमाणु संयंत्र स्थापित होता है तो इससे भारी मात्रा में गर्मी पैदा होगी,विकरणी युक्त जल नर्मदा नदी में मिलेंगा जो नर्मदा नदी को दूषित करेंगा जिससे जीव जंतु सहित लोगो के जीवन पर प्रभाव पड़ेगा,वही रेडियोधर्मी कचरे के निपटरण करने की कोई सुरक्षित विधि विज्ञान के पास नही है।


वही हिरण नदी मे भी लगातार रेत उत्खनन से जो दुर्दसा हो रही है उससे हिरण नदी का अस्तित्व भी खतरे में नजर आता है ,ओर हिरण नदी का पानी भी दुसित हो रहा है,चुटका परियोजना बंद हो एवं नदियो का समुचित विकास हो इसके लिए राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के नाम पर कटंगी नगर में नायब तहसीलदार महोदया निधि शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन सौंपने के पहले सैकड़ो लोगों की संख्या में मुख्य मार्ग से होते हुए सभी लोगो ने नर्मदा बचाओ के नारे लगाते हुए जनता को जागरूक भी किया। जिसमे क्षेत्र के तरवर सिंह, विजय सिंह पटेल, जगत सिंह,राकेश दुबे, नेकनारायन सिंह, ललित सोनी, सुरेन्द्र शुक्ला, जयंत जैन ,शंभु सोनी,जगदीश सोनी कमला प्रसाद पटेल,राजेश सोनी, रघुनाथ सिंह,फूल सिंग यासिर अराफ़ात मन्नू सहित सभी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## फिंगर पेंटिंग में दिखाई जी-20 समिट की ताकत

### शहर के दो भाइयों ने उंगलियों से बनाई कलाकृति

**जबलपुर, देशबन्धु।** जी-20 सम्मेलन की दुनिया भर में धूम रही। दो दिन अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हुई चर्चा ने दुनिया को एक सूत्रद्ध में पिरोया। देश की मेजबानी में हुए इस आयोजन का उत्साह और उमंग दिखाने के लिए शहर के दो भाई सिंटू और दुर्गेश ने कला का जरिया चुना। इसके चलते दोनों भाइयों ने फिंगर पेंटिंग से दो दिवसीय जी-20 सम्मेलन का नजारा दिखाया और पोस्टर का निर्माण किया। एक्रेलिक रंगों का इस्तेमाल

दोनों भाइयों ने उंगलियों की कलाकारी से जी-20 समिट का पोस्टर 6 घंटों की मेहनत से तैयार किया है। उन्होंने बताया कि आर्ट के लिए उन्होंने एक्रेलिक रंगों का इस्तेमाल किया, जिससे आर्ट फुल ऑफ ब्राइटनेस लग रहा है। सोशल मीडिया पर यह पोस्टर काफी ट्रेंड कर रहा है।




पीएम के साथ अमरिकन राष्ट्रपति

कैनवास पर जी-20 समिट के ब्रांड लोगो के अलावा प्रधानमंत्रद्धी नरेन्द्र मोदी और अमरीका के राष्ट्रपति की आकर्षक तस्वीरों को पहले तैयार किया गया है। इसमें वसुदेव कुटुंबकम का नारा भी प्रमुखता से शामिल है।

पहले भी तैयार किए आर्ट वर्क

फिंगर पेंटिंग आर्टिस्ट सिंटू मौर्य और दुर्गेश ने बताया कि इस कला के पहले भी वे प्रधानमंत्री, राजनीतिक हस्ती, फिल्मी और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के चित्रद्ध फिंगर पेंटिंग से तैयार कर चुके हैं। वे शेडो आर्ट बनाने में भी एक्सपर्ट है, जिसके चलते उनकी कला सोशल मीडिया पर भी ट्रेंड करती हैं।

## गौड़ ब्राह्मण महासभा के स्थापना दिवस पर कजलियां मिलन समारोह आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** हमने अभी तक विकास और समृद्धि की एक लंबी यात्रा तय की है। हमारी इस यात्रा में समाज के हर सदस्य का भरपूर सहयोग और योगदान रहा है। हमारा प्रयास है कि समाज निरंतर प्रगति करे, आर्थिक समृद्धि की राह पर आगे बढें। उक्ताशय के विचार गौड़ ब्राह्मण महासभा के स्थापना दिवस सह कजलिया मिलन समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एचडी सीठा ने व्यक्त किए। विशिष्ठ अतिथि मोती लालजी जोशी ने समाज को अग्रणी बनाए रखने महत्वपूर्ण टिप्स दिए। स्थानीय हितकारिणी लॉ कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि शंकर दत्त जी पचौरी, गिरीश शर्मा, राकेश शर्मा, अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज हमारा समाज हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। कार्यक्रमों में हर वर्ग की उत्साह पूर्वक भागीदारी हो रही है। अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने कहा कि हमें अभी समृद्धि का लंबा सफर तय करना है इसके लिए सभी समासदों का स्नेह मयी आशीर्वाद जरूरी है। मंत्री डॉ राजेश शर्मा ने पिछली बैठकों का ब्यौरा रखते हुए अब तक की समस्त गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों, बच्चों ने एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की। श्रीमति कांता सीठा का प्रेरक पाठ, अरविंद शर्मा की गुदगुदाने वाली रचनाओं से सभा स्थल तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर विजय तिवारी, सुनीत शर्मा, सर्वेश्वर शर्मा, गणेश स्वामी, नर्मदा शंकर जोशी, लक्ष्मीकांत शर्मा, शैलेश शर्मा, सोमराज शर्मा, विमल शर्मा, अजय शर्मा, गीता पचौरी, रजनी उपाध्याय, मणि शर्मा, पुष्पा पचौरी, जयश्री पचौरी, अमिता स्वामी, सरोज तिवारी, अर्चना शर्मा सहित अनेक सभासद उपस्थित रहे।



## इमाम अहले सुन्नत सैय्यदना आला हज़रत का उर्स मुबारक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** इमाम अहले सुन्नत सैय्यदना आला हज़रत का उर्स मुबारक का एहतेमाम आज 12 सितंबर मंगलवार मुताबिक पच्चीस सफर को आस्ताना ए आलिया दारूस्सलाम उपरेनगंज मे किया गया है। इस मौके पर सुबह 8 बजे कुरानख्वानी का एहतेमाम किया जाएगा एवं 10 बजे कुल शरीफ की न्याज की जायेगी। मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद सिद्दीकी आयोजन की सरपरस्ती करेंगे। महफिल मे हुजूर गौसे आजम के तोशा शरीफ की न्याज का भी एहतेमाम किया जाएगा। नायबे मुफ्ती ए आज़म म. प्र. सज्जादानशीन हज़रत मौलाना मुहम्मद मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने वक़्त का ख्याल रखते हुए शिरकत करने व सवाबे दारेन हासिल करने की गुजारिश की है। गढ़ा मुजावर मुहल्ले मे भी आला हज़रत के उर्स के मौके पर दोपहर 2.38 बजे कुल शरीफ का एहतेमाम किया गया है आसिफ कादरी, अर्शद कादरी ने अक़ीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की है।

## संस्कृति में समाहित है श्रेष्ठ भारत

**जबलपुर, देशबन्धु।** सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रतिभागियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। आकर्षक वेशभूषा, बेहतरीन संवाद और मुद्राओं से भारतीय संस्कृति के दर्शन हुए। केन्द्रीय विद्यालय वीएफजे में संभाग स्तरीय राष्ट्रीय एकता पर्व का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय समारोह में जबलपुर संभाग से 17 केवि से 185 प्रतिभागी शामिल हुए। सोमवार को गायन, चित्रद्धकला प्रतियोगिता एवं अन्य प्रतियोगिताओं में छात्रद्धों ने रंग जमाया।

**नाट्य मंचन से जागरुकता**-कार्यक्रम में छात्रद्धों ने विज्ञान के प्रति ललक, चीजों को समझने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना, र्परिस्थतियों का सामना करना और महिलाओं के हित में आवाज उठाने का संदेश नाट्य मंचन से दिया गया। इस मौके मुख्य अतिथि केवि संगठन उपायुक्त सौमित श्रीवास्तव, प्राचार्य केवि प्रवीण कुमार नायडू, केवि प्राचार्य आकांक्षा सैम्युअल, अमित श्रीवास्तव, प्राचार्य गुरमीत सिंह, उपप्राचार्या उमा स्वामी, डॉ. कल्पना पाठक, नामिता सिंह मौजूद रहीं ।







## मानकुंवर कॉलेज फालसा के पौधों का किया रोपण

**जबलपुर, देशबन्धु।** पौधरोपण प्रकृति संतुलन के लिए जरूरी है। सिर्फ पौधरोपण ही नहीं, बल्कि इनके संरक्षण की जिम्मेदारी उठाना भी हमारा कर्तव्य है। पौधरोपण के साथ संरक्षण की शपथ लेकर शासकीय मानकुंवर कॉलेज में एनएसएस वॉलेन्टियर्स ने पौधरोपण किया। इस दौरान फालसा फल के पौधे अधिक संख्या में रोपे गए। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संध्या चौबे, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुणा, डॉ. उज्जवला खारपाटे, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी मौजूद थे।

## शासकीय महाकोशल कॉलेज में कॅरियर के पहले आत्म मूल्यांकन करें

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसी भी कॅरियर को चुनने से पहले आत्म मूल्यांकन आवश्यक है। यह बात महाकोशल कॉलेज में आयोजित व्याख्यान में उपक्षेत्रद्धीय रोजगार अधिकारी, जयता गुप्ता ने यह बात कही। सहायक रोजगार अधिकारी गोपाल शरण ने नेशनल कॅरियर सर्विस पोर्टल की जानकारी दी। इस मौके परप्राचार्य डॉ. एसी तिवारी, नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल, डॉ. महेन्द्र कुमार कुशवाहा, डॉ. राहुल झारिया, डॉ. तरूणेन्द्र साकेत मौजूद थे।





## महाकोशल विज्ञान परिषद् विज्ञान के ज्ञान से जुड़ेगे स्टूडेंट्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** विज्ञान की पाठशाला में स्टूडेंट्स की जिज्ञासाओं का समाधान होगा। महाकोशल विज्ञान परिषद् के तत्वावधान में 3 से 7 अक्टूबर तक जिज्ञासा कार्यक्रम होगा। इस संबंध में सोमवार को विवरणिका का विमोचन किया गया। इस मौके पर रादुविवि कुलपति डॉ. कपिल देव मिश्रा, जेएनकेविवि कुलपति डॉ. पीके मिश्रा, एमयू कुलपति डॉ. अशोक खंडेलवाल, इंजी. केसी शर्मा, जेईसी प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक, डॉ. सुनीता शर्मा मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 12 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी, नक्षत्र-अश्लेषा।**

**मेष** — भावनाओं का अतिरेक आपके मन को संवेदनशील बना देगा, इसलिए किसी की वाणी और व्यवहार से आपको जल्द बुरा महसूस होगा।

**वृषभ** — आपकी चिंताएं कम होंगी। इस कारण स्फूर्ति और उत्साह बना रहेगा। आज अधिक कल्पनाशील बनेंगे।

**मिथुन** — आज आपको काम में निश्चित रूप से सफलता मिलेगी, परंतु इसमें विलंब हो सकता है। प्रयत्न जारी रखें। आपकी आर्थिक योजनाओं में थोड़े विघ्न आएंगे।

**कर्क** — आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। आपका आज का दिन मित्रों और स्नेहियों के साथ मौज-मस्ती में गुजरेगा।

**सिंह** — किसी बात की चिंता आपको लगी रहेगी। इसका असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। स्वभाव में गुस्से के कारण किसी से विवाद हो सकता है।

**कन्या** — आपकी शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से आपको लाभ होगा। व्यापार और नौकरी करने वाले लोगों को आर्थिक लाभ हो सकेगा।

क.

**तुला** — आज भाग्य आपके साथ होने से आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। आपका मान सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — आज शारीरिक थकान और आलस्य महसूस होगी, इस कारण काम करने में उत्साह नहीं होगा। आपके काम में उच्च अधिकारियों का व्यवहार नकारात्मक रहने से आप निराशा अनुभव करेंगे।

**धनु** — कुछ खराब प्रसंग, बीमारी या उग्र स्वभाव के कारण आप मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। आपको क्रोध पर नियंत्रण में रखने की सलाह दी जाती हैं।

**मकर** — आज आप दैनिक कामों को किनारे रखकर मनोरंजन तथा लोगों से मिलने-जुलने में समय व्यतीत करेंगे। आप मनोनुकूल भोजन और प्रवास से खुशी महसूस करेंगे।

**कुंभ** — आज आप अपने काम में सफलता प्राप्त करेंगे। लोग आपके काम की सराहना करेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ आपके संबंध अधिक मजबूत बनेंगे।

**मीन** — आपकी सृजनशक्ति में वृद्धि होने के कारण आप कला और साहित्य में रुचि लेंगे। आप अत्यधिक भावनाशील बनेंगे और स्नेहीजनों के साथ सम्बंध प्रगाढ़ बनेंगे।

मा.

## नगर निगम के मृत सफाई ठेका कर्मचारी के आश्रितजनों को आखिर कब मिलेगा भविष्य निधि का मौलिक अधिकार

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर निगम में विगत 30 वर्ष से नीचे से ऊपर तक सफाई ठेके के नाम में भीषण मनमानी का दौर चल रहा है इस बीच अनेक सेक्टरों में सफाई कर्मचारी की असमय मृत्यु हो गई नगर निगम एवं सफाई ठेकेदार को इनसे मात्र सफाई कार्य व भविष्य निधि काटने से मतलब है। मप्र डोम डुमार महासंघ एवं सफाई मजदूर महादलित गठबंधन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर गौतेल ने बताया कि जबलपुर के सभी कार्यालय में सफाई कार्य ठेकेदारों के द्वारा कराया जा रहा है जिस पर हजारों सफाई मजदूरों को भविष्य निधि संगठन के दायरे में लाने का लगातार भरसक प्रयास किया जा रहा है वर्ष 2004 से आज तक सफाई मजदूरों के नाम से करोड़ों रूपये भविष्य निधि के खाते में सूतखोर सफाई ठेकेदार एवं भ्रष्ट अधिकारियों से जमा कराये गये हैं 25/30 वर्ष से जबलपुर मप्र के सभी कार्यालय में सफाई कार्य प्राइवेट आदि ठेकेदारों के द्वारा कराया जा रहा है प्रत्येक कार्यालय के प्रत्येक ठेकेदार के द्वारा प्रत्येक कर्मचारी के वेतन से प्रतिमाह ठेकेदार अपनी राशि भी मजदूर के वेतन से ही काट लेता है। उक्त ठेकेदार ने पूर्व के सफाई ठेकेदार गुड्डू यादव को सफाई का जुम्मा सौंप दिया है जब कंपनी का ठेकेदार पूर्व ठेकेदार गुड्डू यादव को सफाई मजदूरों का मासिक वेतन देने से पहले मजदूर की भविष्य निधि काट के भुगतान करता है, उक्त गुड्डू ठेकेदार भी जब सफाई मजदूर को मासिक वेतन भुगतान करने के पहले भविष्य निधि के नाम पर 1000 और ठेकेदार प्रत्येक कर्मचारी के वेतन से काट लिये जाते हैं

## महिला उद्यमियों का होगा सम्मेलन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश एसोसिएशन ऑफ विमन एंटरप्रिन्योर के तत्वावधान में 25 और 26 सितम्बर को होटल कृष्णा में बिजनेस बियांड बॉर्डर्स और विविधा प्रदर्शनी बाय मावे का आयोजन होगा। एसोसिएशन फाउंडर डॉ. अर्चना भटनागर ने बताया कि इस सम्मेलन में 25 देशों से महिला उद्यमी शामिल होंगी। इसके पूर्व यह आयोजन स्वीप के नाम से शहर में हो चुका है। समारोह में मध्य प्रदेश के उद्योग एवं निवेश मंत्री राज्यवर्धन सिंह ब्रोशर का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में पैकेजिंग एंड ब्रांडिंग, आने वाले 5 वर्षों में निर्यात की संभावनाएं, स्टार्टअप द्वारा व्यापार के अवसर, डिजिटल मार्केट में व्यापार वृद्धि की संभावनाएं जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। सूक्ष्म एवं लघु महिला उद्यमियों को विविधा प्रदर्शनी में अंतरराष्टीय डेलीगेट्स के साथ बिजनेस बियांड बॉर्डर्स में मीटिंग करने के मौके मिलेंगे।



## रेल कर्मचारियों के बीच पहुंचे डबलूसीआरईयू के पदाधिकारी, जानी समस्याएं

**जबलपुर, देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के पदाधिकारियों ने गत दिवस जबलपुर से नरसिंहपुर के बीच आधा दर्जन स्टेशनों के बीच कर्मचारियों के बीच पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना और समझा कि कार्य के दौरान उनको कौन-कौन सी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कर्मचारियों ने भी उन्मुक्त होकर अपनी समस्याओं से यूनियन को अवगत कराया, यूनियन पदाधिकारियों ने भी उनकी सभी समस्याओं को रेल प्रशासन के समक्ष मुखरता के साथ उठाकर हल कराने का आश्वासन दिया. आमतौर पर छोटे-छोटे स्टेशनों के कर्मचारी, खासकर जो कर्मचारी लगातार फील्ड में रहते हैं वे अपनी समस्याएं ऊपर तक नहीं पहुंचा पाते हैं, इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर डबलूसीआरईयू के मंडल सचिव काम. रोमेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष काम. बीएन शुक्ला द्वारा जबलपुर से करकबेल रेलखंड का रेल ट्रेक के किनारे-किनारे दौरा किया। इस दौरान रेल लाइन पर कार्य करने वाले एक-एक ट्रेकमैन सहित अन्य कर्मचारियों से संवाद किया. इस दौरान बेलखेड़ा, करकबेल, श्रीधाम, भिटौनी, विक्रमपुर,कछपुरा स्टेशनों कादौरा कर प्रत्येक गेट, गैंग में कार्यरत ट्रैकमैन साथियों एवं टीआरडी, एसएंडटी स्टाफ, स्टेशनों में कार्यरत कर्मचारियों से सीधा संवाद किया गया. उनकी समस्याओं को सुना गया कुछ समस्याओं का त्वरित निराकरण भी किया गया।

## सहायक शिक्षकों को ना पदनाम ना उच्च पद प्रभार ना पद क्रम सूची ना ग्रेड पे में सुधार-सिर्फ उपेक्षा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वर्तमान में षिक्षा विभाग में उच्च पद प्रभार देने की कवायत जोरों पर चल रही है जहां व्याख्याता से प्राचार्य, हेड मास्टर से हाई स्कूल प्राचार्य, उच्च श्रेंणी षिक्षक से व्याख्याता हेतु कांउसलिंग की जा रही है। वहीं 35 से 40 वर्ष जो सहायक शिक्षक नियमित शिक्षक के रूप में विभाग को अपनी सेवा देते आ रहा है ना तो उनकी अंतिम त्रुटिरहित वरिष्ठता सूची जारी की जा रही है न ही उच्च पद प्रभार देने की कोई पहल की जा रही है वहीं ना तो 30 वर्ष की सेवा पूंर्ण करने पर 5400 रू का ग्रेड पे दिया जा रहा है कुल मिला कर नियमित सहायक शिक्षकों की उपेक्षा की जा रही है जिससे प्रदेश के सहायक शिक्षकों में रोष व्याप्त है। किंतु शासन-प्रशासन सहायक शिक्षकों की सुध तक नहीं ले रहा। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, हेमन्त ठाकरे, रऊफ खान, अषोक राय, एनोस विक्टर, क्रिस्टोफर नरोन्हा, धनराज पिल्ले, उमेष सिंह ठाकुर, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया, ओम प्रकाष झारिया, गोपीषाह, रामकुमार कतिया, सुधीर अवधिया, आषा राम झारिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, विनोद सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष चैरसिया, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, सरीफ अहमद अंसारी, आषीष कोरी, मनीष मिश्रा, एस.बी.रजक, सुखराम विष्वकर्मा आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की है कि सहायक षिक्षकों को वरिष्ठता एवं योग्यतानुसार उच्च पद प्रभार दिया जाए।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती श्यामा तिवारी** - 11/09/2023 को प्रात: 10 बजे पंडित सतानंद त्रिपाठी (पंडितजी) की धर्मपत्नि एवं राजीव तिवारी (राजू) संजीव तिवारी सोनू की पूज्यनीय माता जी श्रीमति श्यामा तिवारी का निधन हो गया है उनकी अंतिम यात्रा 12/09/23 को मंगलवार प्रात: 10 बजे निज निवास कोष्टा मोहल्ला शारदा चौक दुर्गा मंदिर के पास से गुप्तेश्वर मुक्तिधाम प्रस्थान करेगी।



**श्री दयाल झा**- गायत्री नगर अधारताल निवासी श्री दयाल झा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शंभू बेन**- एमईएस कॉलोनी बंगला नं. 1 कटंगा केंट निवासी श्री शंभू बेन (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जय शंकर दुबे**- बस्ती नं. 2 अमखेरा रोड गोहलपुर निवासी श्री जय शंकर दुबे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गायत्री बाई पठारिया**- कांचघर पुलिस लाइन निवासी श्री गुलाब सिंह पठारिया की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री बाई पठारिया (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती रूपा श्रीवास्तव**- संजय नगर शंकर होटल के पास निवासी श्री संजय श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती रूपा श्रीवास्तव (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राज बहादुर गुप्ता**- जगमोहन का बाड़ा बेलबाग निवासी श्री राज बहादुर गुप्ता (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री घनश्याम करियार**- दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री कंधी लाल करियार के पुत्र श्री घनश्याम करियार (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सजीवन ठाकुर**- चांदमारी लालमाटी निवासी श्री राज सजीवन ठाकुर (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नर्मदा प्रसाद काछी**- जोगनी नगर रामपुर निवासी श्री नर्मदा प्रसाद काछी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती किरन झारिया**- सिद्धबाबा वार्ड रामलीला मैदान के पास निवासी श्री राम चरन झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती किरन झारिया (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती पूर्णिमा बाई शर्मा**- जानकी नगर निवासी श्री लक्ष्मी नारायण शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती पूर्णिमा बाई शर्मा (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल चौधरी**- बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री किशन लाल चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती विद्या मेहता**- जानकी नगर विजय नगर के पास निवासी श्री हरिनाथ मेहता की धर्मपत्नी श्रीमती विद्या मेहता (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि शंकर शर्मा**- गुप्तेवर निवासी श्री रवि शंकर शर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# जबलपुर के तीन बदमाश नकली नोटों के साथ मैहर में गिरफ्तार, एक फरार

**जबलपुर/सतना, देशबन्धु।** सतना जिला स्थित मैहर में पुलिस की टीम ने तीन कुख्यात हिस्ट्रीशीटरों को उस वक्त पकड़ा है। जब वे कार से लाखों के नकली नोट की खेप जबलपुर जा रहे थे। कार सवार बदमाशों से 1 लाख 92 हजार 6 सौ रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। पकड़े गए कुख्यात हिस्ट्रीशीटरों में दो जबलपुर के रहने वाले हैं। एक आरोपी फरार जित्तू उर्फ जितेन्द्र पटेल तिलवारा भेड़ाघाट रोड का रहने वाला है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 सीई 1939 से लाखों के नकली नोट की खेप लेकर कुख्यात हिस्ट्रीशीटर जबलपुर के लिए रवाना हुए। जब वे मैहर जिला सतना से आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर कार को रोक लिया, पुलिस को देखते ही हिस्ट्रीशीटरों ने कूदकर भागने की कोशिश की, तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक मौका देखकर भाग निकला। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर कार की तलाशी ली तो उनके पास से एक लाख 92 हजार 6 सौ रुपए के नकली नोट



## शहर ला रहे थे लाखों रुपये नकली नोट

बरामद किए हैं। नकली नोट की खेप लाने वाले आरोपियों को पकडऩे में मैहर टीआई अनिमेष द्विवेदी, नादन देहात टीआई संजय दुबे, सब इंस्पेक्टर महेंद्र गौतम, प्रधान आरक्षक राघवेंद्र सिंह, अनिल सिंह, रविंद्र दोहरे,आरक्षक अनूप तिवारी, चालक जय बागरी एवं रवि सिंह चौहान शामिल थे।

**पकड़े गए आरोपी–**

–सौरभ सिंह पिता राघवेंद्र सिंह तोमर उम्र 28 वर्ष निवासी पोरसा जिला मुरैना हाल धरमवीर पेट्रोल पंप भिंड रोड पुष्कर कॉलोनी,

–अंकित पिता नेतराम कुशवाहा 25 वर्ष निवासी गढापुरवा गढ़ा जबलपुर

–आशीष सिंह पिता महेंद्र सिंह राजपूत 26 वर्ष निवासी ग्राम झोझी शहपुरा जिला जबलपुर। वहीं फरार आरोपी जित्तू उर्फ जितेन्द्र पटेल निवासी तिलवारा भेड़ाघाट रोड बताया जा रहा है।

**इसके खिलाफ जबलपुर में दर्ज है 32 प्रकरण–**

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी हिस्ट्रीशीटर अंकित सिंह कुशवाहा के खिलाफ जबलपुर के विभिन्न थानों में 32 मामले दर्ज है। आरोपी अंकित कुशवाहा नागपुर महाराष्ट्र में लूट के मामले में फरार चल रहा है। वहीं सौरभ तोमर के खिलाफ मंडला एवं ग्वालियर में 4 अपराध दर्ज हैं।

# पश्चिम बंगाल एवं उड़िसा के चोर जबलपुर में रहकर कर रहे थे चोरियां

## 5 आरोपियों से 5 लाख कीमत से ज्यादा के सोने चांदी के जेवर बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पुलिस ने पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जो पश्चिम बंगाल व उड़ीसा से आकर जबलपुर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। शातिर चोरों ने जबलपुर सहित सिवनी व होशंगाबाद में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक दर्जन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए पांच लाख रुपए के सोने व चांदी के जेवर बरामद किए हैं। इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक टीके विद्यार्थी ने कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में दी है।
पत्रकार वार्ता में चर्चा के दौरान

एसपी ने बताया कि पश्चिम बंगाल व उड़ीसा से जबलपुर आए इन शातिर बदमाशों ने भानतलैया पानी की टंकी दंगल मैदान में नीलू सोनकर का मकान किराए से लिया था। इसके बाद शहर में घूम-घूम कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। यहां तक कि सिवनी व होशंगाबाद तक जाकर सूने घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदातें करने लगे। लम्बे समय से भानतलैया क्षेत्र में रहकर चोरी की वारदातें कर रहे इन




शातिर चोरों को पकड़ने पुलिस ने अब कहीं पकड़ा है। पुलिस को पूछताछ में आरोपियों ने एक दर्जन से ज्यादा चोरी की वारदातें करना स्वीकारा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब पांच लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं।

**पकड़े गये आरोपी–**

–मोहम्मद रोनी पिता मोन्टू शेख उम्र 29 साल निवासी कुमार गंज थाना शाहपुर जिला दीनापुर पश्चिम बंगाल कलकत्ता।

–मोहम्मद फिरोज पिता फरहन शेख उम्र 25 साल निवासी कुमार गंज थाना शाहपुर जिला दीनापुर पश्चिम बंगाल कलकत्ता।

–मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद जयहुल उम्र 25 साल निवासी ग्राम खुदगांव थाना मिसरा जिला सुन्दरगढ़ उड़ीसा।

–शुभो पिता गुलजार शेख उम्र 26 साल निवासी ग्राम खुदगांव थाना मिसरा जिला सुन्दरगढ़ उड़ीसा।

–मोहम्मद राजू पिता मोहम्मद सहीदुल शेख उम्र 19 साल निवासी ग्राम कुमारगंज थाना शाहपुर जिला दीनापुर पश्चिम बंगाल।

## इन घरों में की चोरी की वारदातें

लार्डगंज में 25 मार्च 2023 को धर्मेन्द्र चौधरी निवसी गणेश नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर चोरी किए गए।

–लार्डगंज में 28 मार्च 023 को नरेन्द्र प्रसाद शुक्ला निवासी यादव कालोनी कछपुरा के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की गई।

–लार्डगंज में 29 मई 2023 को मुन्नालाल जैन निवासी राज किराना के पास यादव कालोनी में सूने मकान का ताला तोडकर नगद 70 हजार रुपए चोरी किए गए।

–लार्डगंज में 13 जुलाई 2023 को पकंज सेन निवासी गणेश नगर कछपुरा के सूने घर में चोरी।

–लार्डगंज 23 अगस्त 2023 को प्रदीप देव पुजारी निवासी हर्षित नगर के घर चोरी।

–लार्डगंज 29 अगस्त 2023 को अंकित जैन उम 35 वर्ष निवासी राज किराना के पास यादव कालोनी के घर से एक लाख रुपए की चोरी।

–अधारताल 28 अगस्त 2023 को मुकेश शर्मा निवासी जय प्रकाश नगर के घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी।

–विजय नगर में 26 फरवरी को सत्यम असाटी निवासी मथुरा विहार कालोनी के घर में चोरी।

–विजय नगर में 17 जनवरी 2022 को अमित जैन निवासी शिव नगर विजय नगर में सोने-चांदी के जेवर चोरी।



## अधारताल में पुलिस ने ट्रक में पकड़ी लाखों की शराब

**जबलपुर,देशबन्धु।** शराब कारोबारी के ट्रक में भरकर अवैध रूप से लाई जा रही शराब पर अधारताल पुलिस ने कार्यवाही करते हुए लाखों रूपये कीमत की शराब जब्त की है। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा जब्त किए गए एलपीटी ट्रक में लगभग 300 पेटी शराब बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब ठेकेदार बड़ा शराब कारोबारी है। जिसके द्वारा जबलपुर में दमोहनाका, महाराजपुर, सिहोरा, खितौली, पाटन, गोसलपुर के अलावा अन्य ग्रुपों का ठेका लिया गया है। पुलिस को सूचना मिली की एक एलपीटी ट्रक में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब महाराजपुर लाई जा रही है। शराब को महाराजपुर शराब दुकान में जाएगा। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दाऊ मैरेज गार्डन के पास एलपीटी ट्रक डीएल 1 एलएम 8711 को रोक लिया। जांच करने पर पुलिस को बड़ी मात्रा में शराब मिली है, जिसकी कीमत लाखों रूपये बताई जा रही है।

## गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

### 3 किलो से अधिक गांजा व मोटर सायकिल बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में नशे के सौदागर के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी मादक पदार्थों की तस्करी तेजी से की जाने लगी है।इसी कड़ी में कटंगी थाना अंतर्गत बेलखाड़ू में बघोड़ा पुल के पास पुलिस ने एक युवक को गांजा बेचते रंगे हाथ पकड़ा है।

इस संबंध में कटंगी थाना प्रभारी पूजा उपाध्याय ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि बेलखाडू में बघोड़ा पुल के पहले बरगद के पेड़ के पास एक युवक बिना नम्बर की काले रंग की हीरो स्पेलेण्डर मोटर सायकिल लिये खड़ा है। जो थैले में गांजा रखे हुये किसी ग्राहक के इंतजार में है। पुलिस ने सूचना के आधार पर तत्काल बघोड़ा पुलिस के पास दबिश दी। जहां एक युवक बिना नम्बर की काले कलर की हीरो स्पेलेण्डर मोटर सायकिल में बैठा दिखा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम लवकेश मिश्रा पिता रामप्रसाद मिश्रा उम्र 34 वर्ष निवासी नरसिंह दिवाले के पास वार्ड नम्बर 14 थाना जबेरा जिला दमोह बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह मोटर सायकिल के हेंडल में टंगे थैले के अंदर 4 पैकेट में गांजा रखा मिला, जो तौल करने पर 3 किलो 800 ग्राम होना पाया गया। पुलिस ने आरोपी से गांजा व मोटर सायकिल जप्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

### दिव्यांगो को वितरित किये गये इलेक्ट्रीक वाहन

**जबलपुर,डिंडौरी,देशबन्धु।** जनजातीय कल्याण केंद्र महकौशल, ग्राम बरगांव, तहसील शहपुरा, जिला डिंडौरी में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के मरीजों ने जांच और चिकित्सा का लाभ लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता, जननायक बिरसामुण्डा और रानी दुर्गावती के चित्रों पर माल्यार्पण करके की गई। जिसके बाद आयोजकों, अतिथियों और चिकित्सकों को तिलक करके शिविर का शुभारंभ किया गया।

इस शिविर में अस्थि रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सकों के अलावा अन्य चिकित्सकों ने भी सेवाएं दी। शिविर में दिव्यांगो को इलेक्ट्रीक वाहन भी वितरित किये गये। इस नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर में जबलपुर और रीवा मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम में शामिल हुए अन्य लोगों ने संस्था की ही गौशाला में भी अपनी सेवाएं दी। इस आयोजन में आयुक्त नि: शक्तजन संदीप रजक, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की अधिष्ठाता डॉ. गीता गुईन, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जितेंद्र जामदार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय प्रताप सिंह इत्यादि मौजूद रहे। एवं इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में श्री राघवेंद्र, सीए राजेश जैन, अध्यक्ष मनोहर लाल साहू, सचिव दिग्विजय सिंह, विक्रम सिंह, जाम सिंह एवं स्थानीयजनों का विशेष योगदान रहा।

## गायत्री विद्या मंदिर में शिक्षक सम्मान समारोह




**जबलपुर,देशबन्धु।** गायत्री विद्या मंदिर उ.मा. विद्यालय साकेत नगर में शिक्षक सम्मान समारोह प्राचार्य मीना विश्वकर्मा के निर्देशन में आयोजित हुआ कार्यक्रम अध्यक्ष आरसी विश्वकर्मा, मुख्य अतिथि जगत बहादुर अन्नू महापौर विशिष्ठ अतिथि विनय सक्सेना विधायक उत्तर मध्य, अशोक कुमार शर्मा अध्यक्ष पंचशील गृह निर्माण समिति, सलिल खरे, वरिष्ठ समाज सेवी, पार्षद अमरीश मिश्रा, मनीषा विश्वकर्मा एवं प्राचार्या मीना विश्वकर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उक्त अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य द्वारा सभी मंचासीन अतिथियों का तिलक एवं उपहार के द्वारा सम्मान किया गया। विधायक ने विद्यालय में प्रयोगशाला के उपकरणों की आवश्यकता समझते हुए प्रायोगिक उपकरण उपलब्ध कराने की घोषणा की तथा अशोक कुमार शर्मा ने विद्यालय विकास के लिए ग्यारह हजार रूपये की नगद राशि विद्यालय को भेंट की एवं शिक्षकों की छात्र-छात्राओं के प्रति त्याग और परिश्रम की प्रशंसा की कार्यक्रम के तृतीय चरण में गायत्री विद्या मंदिर समिति द्वारा शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन दिनेश केवट एवं आभार आरसी असाटी ने किया।



## महिलाओं ने राधा-कृष्ण और यशोदा की लीलाओं पर किया मनमोहक नृत्य

**जबलपुर,देशबन्धु।** दीवा क्लब के तत्वावधान में सोमवार को कृष्णा होटल परिसर में कृष्णा जन्माष्टमी का कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें क्लब की महिलाओं ने राधा-कृष्ण, यशोदा आदि की लीलाओं पर मनमोहक नृत्य प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की ड्रेस थीम राधा, कृष्ण, यशोदा, गोपियां, मीरा और पारंपरिक वेशभूषा के अनुसार तैयार हो कर आए थे। कार्यक्रम में विविध प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जैसे रेंप वॉक, बेस्ट मेकअप एवं बेस्ट ड्रेस आदि का आयोजन किया। कार्यक्रम में दीवा क्लब की प्रेसिडेंट प्रियंका कल्चुरी अग्रवाल और क्लब के डायरेक्टरस अल्पना परिहार, मंजुश्री अग्रवाल, वर्षा गोलक्षा, एकता परिहार, जसवीन छाबड़ा, दिव्या गुलाटी, कोमल अडनानी, नीतू शाह, रितु सयानी गाला, मनीषा श्रीवास्तव, जूही दत्त, गुरलीन छाबड़ा की भूमिका प्रमुख रही। कार्यक्रम को क्लब के मेम्बर्स ने सफल बनाया ।

## राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान समारोह की तैयारी विशेष बैठक

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोंडवाना साम्राज्य के अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस 18 सितम्बर 23 की तैयारी के संबंध में गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर और एवं अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की एक विशेष बैठक गोंडवाना राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह प्रतिमा स्थल गोंडवाना चौक जबलपुर में 12 सितम्बर को सायं 5 बजे आयोजित है समस्त सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, जिलाध्यक्ष नेमसिंह मरकाम, अजय झारिया, गयाप्रसाद धुर्वे, राजेन्द्र चौधरी, घनश्याम यादव, डीएल कोर्चे, अंजना इनवाती, दिशा इनवाती, जगदीश नन्हेट, सतेन्द्र उरेती, राजू चौधरी आदि ने बैठक में शामिल होने की अपील की है।

# पट्टे व संपत्ति स्वामी का आवेदन राजस्व अधिकारी ने कर दिया है निरस्त

## पूर्व विस अध्यक्ष के भतीजे को रिज्वाइंडर पर जवाब पेश करने मोहलत

**जबलपुर,देशबन्धु।** होशंगाबाद में नगर पालिका की 60 हजार वर्ग फुट जमीन पर तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष के भतीजे द्वारा अतिक्रमण किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। मामले की सुनवाई दौरान अनावेदक की ओर से रिज्वाइंडर पेश किया गया। जिसमें कहा गया कि राजस्व विभाग द्वारा पट्टे व भूमि स्वामी का आवेदन पहले ही खारिज किया जा चुका है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ तथा जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने रिज्वाइंडर पर जवाब पेश करने समय प्रदान करते हुए अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता वीरेन्द्र यादव की ओर से साल 2018 में यह जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसमें कहा गया था कि अरूण शर्मा होशंगाबाद में नर्मदा एजुकेशन नामक संस्था का संचालन करते है। संस्था के संचालक होने के साथ-साथ वह विधानसाभ अध्यक्ष सीताशरण शर्मा के भतीजे है। आरोप है कि संस्था की आड़ में उन्होनें नगर पालिका की 60 हजार वर्गफुट जमीन पर कब्जा कर रखा है। इस संबंध में जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर से शिकायत की गयी थी। कलेक्टर ने शिकायात पर जांच के निर्देश नायब तहसीलदार को दिये थे। नायब तहसीलदार द्वारा एसडीएम को सौंपी गई रिपोर्ट में शिकायत को सही पाया गया था। इसके साथ ही अनुशंसा की गई थी कि नगर पालिका के सीएमओ को अतिक्रमण हटाने उचित कार्यवाही करनी चाहिए। नायब तहसील की जांच रिपोर्ट के बावजूद भी शासकीय जमीन को मुक्त कराने किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं किये जाने पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। मामले में आरोप है कि राजनीतिक प्रभाव के कारण मामले में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। वहीं अनावेदक की ओर से पेश किये गये जवाब में कहा गया कि उक्त जमीन साल 1957 में सोसायटी से खरीदी थी। इसके बाद साल 1988 में जमीन के पटटे के लिए आवेदन किया था। याचिकाकर्ता की ओर से लिखित आवेदन पेश कर कहा गया कि उक्त जमीन एजुकेशन सोसायटी को आवंटित की गयी थी। एजुकेशन सोसायटी




को आवंटित जमीन बेची नहीं जा सकती है। राजस्व अधिकारी ने उनकी रजिस्ट्री को अवैध माना है। इसके अलावा राजस्व अधिकारी ने उनके पटटे का आवेदन भी खारिज कर दिया है। रिज्वाइंडर पर जवाब पेश करने के लिए आवेदक ने समय प्रदान करने का आग्रह किया। जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने सुनवाई दो सप्ताह आगे बढ़ा दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता केके गौतम ने पैरवी की।

## बलात्कार व पास्को के मामले में दोषमुक्त किये जाने को चुनौती

### हाईकोर्ट ने तलब किया रिकॉर्ड व केस डायरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** बलात्कार व पास्को के प्रकरण में आरोपी को जिला न्यायालय द्वारा दोषमुक्त किये जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। यह अपील राज्य सरकार ओर से दायर की है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने मामले में की सुनवाई करते हुए केस डायरी पर अधीनस्थ अदालत का रिकार्ड तलब किया है।

राज्य सरकार की ओर से दायर अपील में कहा गया है कि नर्मदापुरम जिले के शिवपुर थानान्तर्गत ग्राम चौकी निवासी एक रिश्तेदार के घर आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने पीड़िता परिजनों के साथ गई थी। उसी दौरान पीड़िता अचानक से गायब हो गई। जिसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी गई। उसके दूसरे दिन पीड़िता गांव के समीप मिली थी। जिसने बताया कि आरोपी ब्रृज किशोर दायमा उम्र 22 वर्ष विवाह समारोह से बुलाकर उसे अपने साथ ले गया। एक घर के पीछे ले जाकर उसने जबरदस्ती दुराचार किया। पुलिस ने पास्को तथा बलात्कार के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। अपील में कहा गया था कि प्रकरण के दौरान पाया गया कि पीड़ित पक्ष द्वारा आपसी समझौते का आवेदन पेश किया गया, जिसे न्यायालय ने अस्वीकार कर दिया। इतना ही नहीं न्यायालय ने पीड़िता की जन्म तिथि के संबंध में स्कूल के दाखिला खारिज तथा उसके परिजनों के बयानो में अंतर पाया। इसके अलावा डीएनए रिपोर्ट में भी स्पष्ट अभिमत न पाते हुए आरोपी को दोषमुक्त करार दिया। जिसके खिलाफ उक्त अपील दायर की गयी है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद केस डायरी व रिकॉड तलब किया है।

## मेधावी छात्रा को हाईकोर्ट से राहत

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट से एक मेधावी छात्रा को बड़ी राहत मिली है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने छात्रा को नीट यूजी की दूसरे राउंड काउंसिलिंग के तहत अनारक्षित गवर्नमेंट स्कूल (जीएस) वर्ग की रिक्त सीट पर प्रवेश देने के निर्देश दिये है।

यह मामला नरसिंहपुर निवासी मुस्कान खान की ओर से दायर किया गया। जिसमें कहा गया कि मप्र सरकार ने पहले बार एमबीबीएस की कुल सीटों में से 5 फीसदी सीटें शासकीय स्कूल के मेधावी छात्रों के लिए आरक्षित की थीं। जिसके बाद प्रदेश में कुल 195 सीटें जीएस वर्ग में रखी गईं, जिनमें से 90 सीटें सामान्य वर्ग के लिए और शेष आरक्षित वर्ग के लिए थीं। याचिकाकर्ता छात्रा ओबीसी वर्ग से है, लेकिन इस वर्ग में उसका चयन नहीं हुआ। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि शासकीय स्कूल की जो सामान्य वर्ग के लिए 90 सीटें आरक्षित रखी गईं थीं, उनमें से केवल 10 सीटें ही भरीं गईं। ऐसे में शासन ने बची हुई सीटों को सामान्य पूल में वापस भेज दीं। दरअसल पूर्व में न्यायालय ने याचिकाकर्ता को मॉपअप राउंड की काउंसलिंग में शामिल करने के निर्देश दिए थे। बाद में याचिकाकर्ता की ओर से संशोधन आवेदन प्रस्तुत कर मांग की गई कि दूसरे राउंड की काउंसलिंग की रिक्त सीटों में से उसे एक सीट पर प्रवेश दिया जाये। न्यायालय ने आवेदन स्वीकार कर उक्त निर्देश दिये।

# जनआशीर्वाद यात्रा में ही मिला सदस्यता से सामूहिक इस्तीफा

## अधिवक्ता संघ के भाजपा से सामूहिक इस्तीफा देने से सिहोरा जिला आंदोलन को मिली तेजी

**सिहोरा, देशबन्धु।** आए थे हरिभजन को खोंटन लगे कपास, ये मुहावरा सिहोरा में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में देखने को मिला। यहां जनाशिर्वाद यात्रा में आशीर्वाद की जगह पार्टी से सामूहिक इस्तीफा सौंपने की बात ने पार्टी संगठन को सोचने पर विवश कर दिया।

सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच जन आशीर्वाद यात्रा में सिहोरा पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल को सिहोरा के अधिवक्ता संघ के 22 सदस्यों ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा का पत्र सौंपा।अपने पत्र में अधिवक्ताओं ने स्वयं को भाजपा का सदस्य बताते हुए इस बात की पीड़ा व्यक्ति की कि उन सहित सभी सिहोरा वासियों ने भाजपा को लगातार 20 वर्षों से सिहोरा में विधायक और जबलपुर को एक सांसद देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की, लेकिन इसके बाद भी आज दिनांक तक सिहोरा के अस्तित्व की रक्षा के लिए दोनो के द्वारा कोई भी महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए गए ।विगत 20 वर्षों से अंतिम अधिवेशन सूचना जारी न करने और 2 वर्षों के लंबे धरना प्रदर्शन और अनुरोध के बाद भी जिला ना बनने से सिहोरा वासी अब आक्रोशित है। विदित हो कि इससे पूर्व भी सिहोरा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूर्व प्रचारक के द्वारा उनके पिता को मिले मीसाबंदी सम्मान को वापस किया गया था ।साहू परिवार के दो सदस्यों द्वारा मीसाबंधी ताम्रपत्र वापस करते समय भी भाजपा द्वारा सिहोरा की उपेक्षा से दुखी होकर यह करना संबोधित किया गया था।

# मऊगंज से फरार आरोपी ने छग में व्यापारी का अपहरण कर उतारा मौत के घाट

**रीवा देशबन्धु।** मऊगंज जिले से फरार एक आरोपी नें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में रहने वाले व्यापारी का अपहरण कर हत्या की संगीन वारदात को अंजाम दिया है। पहले तो व्यापारी के लापता होने पर पुलिस और परिजन उसकी तलाश करते रहे लेकिन तकरीबन एक हफ्ते बाद व्यापारी की लावारिश हालत में बाइक मिलने के बाद उसके अपहरण और हत्या का पर्दाफाश हुआ है। अपहरण और हत्या करने वाला व्यापारी का ही कर्मचारी निकला है जो मध्यप्रदेश के मऊगंज जिले का रहने वाला है। पुलिस ने फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और अब वारदात में शामिल अन्य आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।



**ये है पूरा मामला**–छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी बांसाझाल सब्जी का व्यापार करते थे। बताया गया कि बांसाझाल 2 सितंबर को अचानक से लापता हो गए। परिजनों ने लापता व्यापारी के गुमशुदगी की शिकायत तखतपुर थाने में दर्ज कराई गई थी। पुलिस और परिजन लापता व्यापारी की तलाश कर ही रहे थे तभी लगभग एक सप्ताह बाद बंधिया तालाब के पास एक कार और व्यापारी की बाइक लावारिश हालत में पड़ी मिली। पुलिस नें पहले तो व्यापारी के गुमशुदगी को अपहरण के मामले में तब्दील किया और फिर कार नम्बर के आधार पर आरोपी साजन खान निवासी जिला मऊगंज ग्राम टड़हर व उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया।

**व्यापारी के पास सब्जी ढोने का काम करता था आरोपी**

मऊगंज जिले से एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार आरोपी साजन खान पिता मुन्ना उर्फ अययूब खान बीते एक साल से बिलासपुर के सब्जी व्यापारी बांसाझाल के पास सब्जी ढोने का काम करता था। वह गाड़ी में सब्जी लोडकर जबलपुर पहुंचाता था। बताया जा रहा है कि आरोपी और व्यापारी के बीच पैसों के लेन देन को लेकर विवाद हो गया था और इसी के चलते आरोपी नें व्यापारी का अपहरण कर हत्या कर दी। पुलिस ने फिलहाल आरोपी की निशानदेही पर व्यापारी के शव को भी बरामद कर लिया है। इधर वारदात में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में बिलासपुर पुलिस आरोपी को लेकर मऊगंज पहुंची और आरोपियों के संबंधित ठिकानों में दबिश दी है। बताया गया है कि आरोपी के खिलाफ मऊगंज थाना सहित लौर थाने में भी प्रकरण दर्ज है जिसे मऊगंज पुलिस पूंछताछ के लिये ज्यूडीशियल रिमांड में ले सकती है।

## सार-समाचार



### अखण्ड भारत चेतना दल का राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** इंडियन कॉफी हाउस कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर मध्यप्रदेश में अखण्ड भारत चेतना दल का राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी अध्यक्ष श्री गिरजेश श्रीवास्तव द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की गयी एवं जनता के नाम संदेशपत्र जारी किया गया।पार्टी ग्रामीण एवँ शहरी विकास, समान शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी,उद्योग, कृषि, पर्यावरण, स्वक्षता, बेघरों को घर, न्याय व्यवस्था का सरलीकरण, महिलाओं की भागीदारी, भ्रष्टाचार व आतंकवाद मुक्त भारत के निर्माण के प्रति संकल्पित है।इस अवसर पर निम्नलिखित पदाधिकारियों एवँ सदस्यों की उपस्थिति रही।

गिरजेश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सूरज नारायण कुशवाहा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, एडवोकेट सुनील कुमार सिंह, राष्ट्रीय महासचिव संगठन, डॉ ज्ञानचंद आत्मा,राष्ट्रीय महासचिव, संजय दुबे,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष,निखिल रंजन श्रीवास्तव राष्टीय प्रचार प्रसार ,एड,बालमुकुन्द मिश्रा राष्ट्रीय सलाहकार,राजीव गुप्ता, राष्ट्रीय सचिव, ब्रजेश चौधरी राष्ट्रीय सचिव,राममोहन वर्मा राष्ट्रीय संरक्षक, श्रीमती भारती सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती अमृता गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती, सुषमा दुबे, राष्ट्रीय महासचिव महिला प्रकोष्ठ, पण्डित विनोद भगवताचार्य राष्ट्रीय सचिव, महेन्द प्रताप सिंह राष्ट्रीय सचिव ह्वश्च प्रभारी, के के दुबे ,अमित शुक्ला प्रदेश अध्यक्ष सूचना एवँ प्रसारण प्रकोष्ठ, श्रीमती भावना मालवीय जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, अमित मालवीय जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्रीमती मंजू पटेल जिला उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ग्रामीण, शरद पटेलजिला अध्यक्ष ग्रामीण, एड,रविकुमार सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष बिधि प्रकोष्ठ, एड,राकेश पटेल,एड देवकुमार लोधी,एड,भरत रजक, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष कृषि प्रकोष्ठ, सुशील भटनागर प्रदेश अध्यक्ष सुरक्षा समिति,श्रीमती बबिता पुन यादव जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ, श्रीकांत चौबेजिला सचिव कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ,गोपाल सोनकर समाज सेवी,एवँ सम्मानीय सदस्यों की उपस्थिति सराहनीय रही।राष्ट्रीय महासम्मेलन में मध्यप्रदेश विधानसभा एवँ लोकसभा पर चुनावी चर्चाएं हुई। अखण्ड भारत चेतना दल ने जनता के नाम सन्देश पत्र जारी किया।

### युवा उत्सव 2023-24 के कार्यक्रम प्रारंभ

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में सोमवार से युवा उत्सव 2023 के कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ पहले दिन प्रश्न मंच एवं क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था प्रश्न मंच में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान पर कुमारी मनीषा पटेल बीए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर कुमारी पुष्प लता लोधी बी. ए. फर्स्ट ईयर एवं तृतीय स्थान पर मयंक गुप्ता एवं स्वाति सोंधिया रहे। इन छात्र–छात्राओं को जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता मैं भाग लेने हेतु चयनित किया गया है। प्रश्न मंच का संचालन श्री गौरव द्विवेदी एवं श्री जागेश्वर प्रजापति जी ने किया प्राचार्य डॉक्टर मनोज श्रीवास्तव के संरक्षण में प्रभारी डॉक्टर नीता तिवारी के नेतृत्व में उपरोक्त प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 1ः00 से आयोजित है पेंटिंग प्रतियोगिता में स्पॉट पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता होगी। डॉ गीता पांडेय इस प्रतियोगिता की प्रभारी हैं।

### जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में हिमाक्षी प्रीतवानी ने पाया तीसरा स्थान




### नगर को किया गौरवान्वित

**गोसलपुर, देशबन्धु।** साहित्यिक सांस्कृतिक शैक्षणिक संस्था मित्र संघ एवं नगर निगम जबलपुर के संयोजन में स्वच्छ रहे हमारा जबलपुर के संबंध में आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में गोसलपुर निवासी हिमाक्षी प्रीतवानी पिता दीपक प्रीतवानी ने इस प्रतियोगिता में शामिल होकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता से नगर गौरान्वित हुआ है बताया जाता है की इस प्रतियोगिता में 4506 बच्चो ने भाग लिया था।

# हमारा कार्यक्षेत्र किसी जाति या संप्रदाय के लिए नहीं है : डॉ. मोहन भागवत

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती वर्ष उद्घाटन समारोह पानीपत के पट्टीकल्याण स्थित सेवा साधना केन्द्र में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम्पूज्य सरसंचालक डॉ मोहन भागवत, विशेष अतिथि श्री अश्विनी कुमार चौबे, केन्द्रीय उपभोक्त मंत्री, भारत सरकार थे।




मुख्य अतिथि डॉ. भागवत ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर हार्दिक शुभमानाएँ देते हुए कहा कि, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पचास वर्ष तो पूरे हो गये, ग्राहक ठगा न जाये, यह रोकना ग्राहक पंचायत का काम है।

हमारा कार्यक्षेत्र किसी एक जाति–मत–पंथ और सम्प्रदाय का नहीं है। विशिष्ट प्रांत या भाषा नहीं है। हमारा लक्ष्य संपूर्ण समाज में उपभोक्ताओं को ग्राहक श्रेणी तक जागरूक करना है। ग्राहक वह है जो, वस्तु के गुण, मूल्य, उपयोगिता एवं संतुष्टि का आकलन कर बौद्धिक चेतना से वस्तु का चयन करें। इस अवसर पर उन्होंने ग्राहक पंचायत के कार्यकर्ताओं को अगले पच्चीस वर्षों के लक्ष्य को निर्धारित कर ''प्लेटिनम जयंती''(75 वर्ष) तक ग्राहक आंदोलन को जन–आंदोलन में बदलने का लक्ष्य दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय उपभोक्ता राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री अश्विनी कुमार चौबे जी ने अपने उद्बोधन में भ्रम फैलाने वाले विज्ञापनों पर सख्ती की बात कहीं। केन्द्रीय शासन ग्राहकों के हितों को ध्यान में रखते हुए भ्रम फैलाने वाले विज्ञापनों पर सख्ती बनाये हुए है। कोरोना काल में जैसे मेसेज आते थे, यह करने से कोरोना नहीं होगा, यह खाने से कोरोना से वचाव होगा आदि पर हमने रोक लगाई है। ग्राहक को भी सजग रहना होगा। श्री चौबे जी ने कहा कि, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के ग्राहकों के हित में उठाये विषयों पर शासन गंभीरता से विचार करता है एवं उनके सकारात्मक सुझावों को ग्राहक हित में लागू भी करता है। मैं संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को ग्राहक जागरण श्रेणी में सक्रियता से सहभागिता करने पर हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, महाकौशल प्रांत के प्रात सचिव डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि, विभिन्न सत्रों में आयोजित इस तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती उद्घाटन कार्यक्रम में प्रसिद्ध टी.व्ही पत्रकार रूबीका लियाकत ने ''उपभोक्तावादः हमारे परिवार व्यवस्था पर आक्रमण'', राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के अखिल भारतीय पर्यावरण प्रमुख श्री गोपाल आर्य जी, ने ''पर्यावरण संरक्षणः हमारी जीवनशैली और हम'', चंढीगढ़ की प्रसिद्ध कलाकार श्रीमति पल्लवीपिंगे ने नाट्य मंचन, प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी, कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, ने ''सुमंगलम् अर्थव्यवस्था और ग्राहक की संतुष्टि'' पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम के समापन सत्र में श्री न्यायमूर्ति अरूण कुमार मिश्रा जी, अध्यक्ष राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने मार्गदर्शन देते हुए ''मानवाधिकार के संदर्भ में उपभोक्ता अधिकार एवं खाद्य सुरक्षा अधिनियम'' पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीन दिवसीय स्वर्ण जयंती वर्ष कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नारायण भाई शाह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर सबनीस, राष्ट्रीय सचिव श्री जयंत भाई कठेरिया स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह के समिति अध्यक्ष श्री अशोक पाण्डे जी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री दिनकर सबनीस ने कार्यकर्ताओं को पूरे वर्ष किए जाने वाले कार्यक्रमों का लक्ष्य देते हुए लगभग 70 लाख परिवारों तक ग्राहक पंचायत को पहुँचाने का आवहान किया। इस अवसर पर महाकौशल प्रांत के प्रांत सचिव डॉ. संदीप श्रीवास्तव ने आमंत्रित अतिथियों को अपने कार्यों से अवगत कराते हुए ''शुभेच्छा पत्र'' एवं हस्तनिर्मित रक्षासूत्र भेंट किए। महाकौशल प्रांत की ओर से कोषाध्यक्ष श्रीमति मंजू वैश्य, संगठन मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह, प्रांत संयोजक श्री शीलनिधी मिश्रा एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता ।

# राज्यसभा सांसद तन्खा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**बरेला, देशबन्धु।** जबलपुर से निवास मंडला दौरे पर राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तनखा का बरेला शारदा नगर में कांग्रेसियों ने बड़ी मात्रा में एकत्र होकर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अरविंद तिवारी विनोद श्रीवास्तव सत्येंद्र गर्ग मुकेश पटेल नरेश पटेल विजय जैन अनुराग पटेल राजकुमार पटेल दिनेश सोनी इंद्रजीत लोधी पार्षद भूपेंद्र यादव सागर गौर सुनील सोनकर सुमन बर्मन राजीव गौतम पंचम यादव अंकित पटेल गुड्डू झरिया साकेत दुबे मुन्ना सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# `महंगवा गांव में चल रहे जुआफड़ पर पाटन पुलिस की दाबिश

**पाटन देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत मन्नी महंगवा गांव में पाटन पुलिस की दाबिस से जुआ खेलने वालो में हड़कम मंचा है। पाटन थाना प्रभारी नवल आर्य से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 10/09/2023 को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मन्नी महंगवा में कई जगहों पर लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम रवाना की गई जहा बब्लू पटेल के मकान के सामने कुछ लोग जुआ खेलते दिखे पुलिस को अपनी ओर आता देख जुआरी भागने लगे पुलिस ने तत्काल घेरा बंदी करके चार जुआरी को मौके से पकड़ा जिनके नाम है सत्य पाल सिंह,डाल सिंह,इंदु सिंह,राहुल सिंह वही जुआ फड़ से 2710 रूपये जप्त किए। वही एक और फड़ पर दाबिस देकर 960 रूपए जप्त करते हुए जुआरी शेख फिरोज,धीरज,दिनेश को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ पकड़ा। इसी गांव में चल रहे तीसरे फड़ पर पुलिस ने दाबिस दी जहां जुआ खेल रहे अनिल,टेक राम को पकड़ कर 1860 रूपए जप्त करते हुए सभी पकड़े गए जुआरियों पर जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही ही गई।



# लगजरी कार से जाली नोटों की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार

## मैहर अनुभाग की पुलिस ने हाइवे में तस्करों को घेरा

**सतना, देशबन्धु।** जाली नोटों की तस्करी करने जा रहे लग्जरी कार में सवार तीन बदमाशों को मैहर अनुभाग की पुलिस ने पकड़ा है। बेहद शातिर इन आरोपियों के कब्जे से 192600 रुपए कीमत के 1013 जाली नोट जब्त किए गए हैं। एसपी आशुतोष गुप्ता के कुशल निर्देशन, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह एवं एसडीओपी मैहर राजीव पाठक के मार्गदर्शन में यह बड़ी कार्रवाही थाना प्रभारी मैहर अनिमेष द्विवेदी एवं थाना प्रभारी नादन देहात संजय दुबे के नेतृत्व में की गई है।




**सब इंस्पेक्टर को मिली खबर**

शहर भ्रमण के दौरान 10 सितंबर को उप निरीक्षक महेंद्र गौतम को सूचना मिली कि एमपी 20 सीई 1939 नंबर की डार्क ग्रे स्विफ्ट गाड़ी में चार व्यक्ति जाली नोटों की खेप लेकर हाइवे के रास्ते जा रहे हैं। इनमें एक ग्वालियर का और तीन जबलपुर के रहने वाले हैं। यह खबर पुलिस के आला अफसरों को लगी तो पुलिस टीमें नाकाबंदी के लिए रवाना की गईं।



**पुलिस को देख भागा आरोपी**

तस्करों की गाड़ी को पुलिस ने घेराबंदी कर रोका तो कार सवार एक आरोपी गाड़ी रुकते ही भाग गया। इस बीच सर्तकता से पुलिस ने बाकी तीन को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियो में सौरभ सिंह तोमर पिता राघवेन्द्र सिंह तोमर (28) निवासी पोरसा जिला मुरैना, अंकित कुशवाहा पिता नेतराम कुशवाहा (25) निवासी गढ़ापुरा थाना गढ़ा जिला जबलपुर और आशीष सिंह राजपूत पिता महेन्द्र सिंह राजपूत (26) निवासी ग्राम झोझी थाना शहपुरा गिटोनी जिला जबलपुर हैं।

**दो फरार आरोपियों की चल रही तलाश**

**जीतू को तलाश रही पुलिस**

भागने वाले आरोपी का नाम जितू उर्फ जीतेन्द्र पटेल निवासी तिलवारा के पीछे भेड़ाघाट जिला जबलपुर है। इसकी तलाश में पुलिस टीमें रवाना की गई हैं। इसके अलावा इसी गिरोह के भाईजान निवासी रिक्सलवा मधुवनी बिहार को भी पुलिस तलाश रही है। पकड़ में आए तीनों आरोपियों के कब्जे से 192600 रुपए के 1013 जाली नोट जब्त किए गए हैं। इनमें 200 के 913 नकली नोट तथा 100 रुपए के 100 जाली नोट बताए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ आइपीसी की धारा 489क, 34 के तहत केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

**इनकी रही अहम भूमिका**

जाली नोअ के सौदागरों को पकडने में थाना प्रभारी मैहर निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, थाना प्रभारी नादन देहात निरीक्षक संजय दुबे, उप निरी महेंद्र गौतम, प्रधान आरक्षक राघवेन्द्र सिंह, अनिल सिंह, रविन्द्र दोहरे, आरक्षक अनूप तिवारी, चालक जय बागरी, रवि सिंह चौहान की अहम भूमिका रही।

**आरोपियों से 192600 के जाली नोट जब्त**



## चीन ने भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने के आसार हैं। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र ने रविवार को येलो चेतावनी जारी करते हुए कहा कि रविवार सुबह आठ बजे से सोमवार सुबह आठ बजे तक गुआंग्डोंग, हांगकांग, मकाओ, गुआंग्शी, हैनान, ताइवान और सिचुआन के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है, मौसम रिपोर्ट में प्रति घंटा वर्षा 80 मिलीमीटर से अधिक वर्षा होने के अनुमान जताये गए हैं।

# शिखर सम्मेलन : ऋषि सुनक अपनी सादगी से सोशल मीडिया पर छाये रहे



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में दो दिवसीय जी-20 शिखर सम्मेलन का समापन हो चुका है। भारत मंडपम् में संपन्न हुआ शिखर सम्मेलन दुनियाभर के सबसे ताकतवर राष्ट्राध्यक्षों और नेताओं की भागीदारी का गवाह बना। शिखर सम्मेलन से इतर भारतीय मूल के ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की सादगी लोगों को भा गई है। सोशल मीडिया पर लोग उनके सरल अंदाज की वाह-वाही कर रहे हैं।

पहले शिखर सम्मेलन से समय निकालकर पत्नी अक्षता संग अक्षरधाम मंदिर पहुंचना। फिर सम्मेलन के बीच बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना से उनकी मुलाकात का दृश्य। हसीना कुर्सी पर बैठीं हैं और सुनक नंगे पैर घुटनों के बल उनसे बात कर रहे हैं। दिल्ली में शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के साथ भारत ने दुनिया को न सिर्फ अपनी मेहमान-नवाजी दिखाई, बल्कि चीन और पाकिस्तान को कूटनीतिक मात देकर एक तीर से कई निशाने साधे। शनिवार को शिखर सम्मेलन के पहले दिन भारत-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर का ऐलान हो गया। भारत की इस अभूतपूर्व सफलता पर चीन को मिर्ची भी लगी। ड्रैगन ने इस मामले में अमेरिका को खूब खरी-खोटी भी सुनाई।

इससे इतर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक शिखर सम्मेलन के दौरान अपनी सादगी से सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं। लोग सुनक की तारीफ करते नहीं थक रहे। रविवार को ऋषि सुनक ने अपनी पत्नी अक्षता के साथ अक्षरधाम मंदिर में पूजा की। जी-20 समिट के बीच समय निकालकर सुनक ने अक्षरधाम मंदिर में काफी वक्त बिताया। सुनक ने कहा कि वह हिन्दू हैं और उन्हें इस बात का बहुत गर्व है।

शेख हसीना संग मुलाकात में छाए-शिखर सम्मेलन के दौरान ऋषि सुनक की एक और तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। वह बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना संग बात कर रहे हैं। हसीना कुर्सी पर बैठीं हैं और सुनक नंगे पैर घुटनों के बल उनसे बात कर रहे हैं।

**लोगों के रिएक्शन**-वायरल हो रही पोस्ट को एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर लोगों के खूब रिएक्शन मिल रहे हैं। अयानंग्शा मैत्रा नामक यूजर ने इस सोशल मीडिया पर साझा किया। तस्वीर में सुनक को फर्श पर बैठे हुए हसीना के साथ बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। वायरल पोस्ट में कैप्शन है, बड़े आदमी में अहंकार नहीं होता! यूके के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक प्रधान मंत्री शेख हसीना के साथ एक बातचीत के दौरान फर्श पर बैठ गए।

## आज का इतिहास

1873-पहला टाइपराइटर ग्राहकों को बेचा गया।
1912-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रभावशाली सदस्य फ़िरोज़ गाँधी का जन्म।
1928-फ्लोरिडा में भीषण तूफान से 6000 लोगों की मौत।
1944-अमेरिकी सेना ने पहली बार जर्मनी में प्रवेश किया।
1948-पाकिस्तान के नेता मोहम्मद अली जिन्ना का निधन।
1959-तत्कालीन सोवियत संघ का रॉकेट 'लूना 2' चांद पर पहुंचा।
1966-भारतीय तैराक मिहिर सेन ने डार्डनेलेस जलडमरूमध्य को तैर कर पार किया।
1971-जयकिशन प्रसिद्ध संगीतकार (शंकर जयकिशन) का निधन।
1983-प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता, गायक, पत्रकार तथा लेखक रंजन का निधन।
1987-इथोपिया में संविधान को अंगीकार किया गया।

## अब गायब हो गए चीन के रक्षा मंत्री? अपने ही चुने लोगों को किनारे लगा रहे घबराए शी जिनपिंग

भारत में हो रहे जी20 सम्मेलन में शामिल होने से इनकार करने के बीच कई रिपोर्ट्स ऐसी आई थीं कि शी जिनपिंग अपने ही घर में घिरे हुए हैं। वैश्विक राजनीतिक समीकरणों और आर्थिक मंदी की वजह से उन्हें सत्ता के हाथ से फिसलने का डर सता रहा है। बीते कुछ समय में शी जिनपिंग ने अपने उन विश्वस्त लोगों को भी किनारे कर दिया है जिनपर वह कभी बहुत भरोसा करते थे। अब सोशल मीडिया पर चीनी रक्षामंत्री ली शांगफू के गायब होने के कयास लगाए जा रहे हैं। जापान में अमेरिकी राजदूत राहम इमैनुएल के एक पोस्ट के बात चीनी रक्षा मंत्री को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। चीनी न्यूज एजेंसी ने हाल ही में कहा था कि शी जिनपिंग ने रक्षा मंत्री के सामने सुरक्षा और स्थिरता को लेकर बातें रखी थीं। उन्होंने कहा था कि सेना में उच्च स्तर की एकता की जरूरत है। चीनी रक्षा मंत्री ली आखिरी बार बीजिंग में हुए चीन-अफ्रीका पीस ऐंड सिक्योरिटी फोरम की बैठक में नजर आए थे। इसके बाद से वह सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आए हैं।

**इसी तरह बदले गए थे विदेश मंत्री**

इसी तरह चीन के विदेश मंत्री किन गैंग भी अचानक लापता हो गए थे। इसके बाद उन्हें मंत्री पद से हटा दिया गया। वह एक महीने से ज्यादा वक्त तक सामने नहीं आए थे। किन गैंग को भी राष्ट्रपति शी जिनपिंग का करीबी माना जाता था। उन्होंने 10 साल तक यह जिम्मेदारी संभाली। अचानक चीनी सरकार ने वांग यी को यह जिम्मेदारी सौंप दी। यह भी नहीं बताया गया कि किन गैंग को पद से क्यों हटाया गया है। बता दें कि किन गैंग की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी थी और उनकी तुलना राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होने लगी थी। किन गैंग के अलावा पीएलए में रॉकेट फोर्स के दो वरिष्ठ अधिकारियों को भी हटा दिया गया। चीनी सेना ने पांच साल पहले के एक घोटाले को लेकर भी दोबारा जांच शुरू की है। यह जांच हार्डवेयर खरीद से जुड़ी हुई है। सेना की तरफ से कहा गया कि यह जांच अक्टूबर 2017 से जुड़ी है। उस वक्त ली इक्विपमेंट डिपार्टमेंट के हेड थे। हालांकि घोटाले से उनके संबंध के बारे में कुछ नहीं कहा गया था।

## जी-20 के साझा प्रस्ताव पर क्यों ठगा महसूस कर रहे यूरोप, पर भारत से खुश है रुस

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित जी-20 समिट को लेकर कहा जा रहा था कि यह रूस-यूक्रेन युद्ध की छाया में हो रहा है। दुनिया की शीर्ष 20 अर्थव्यवस्थाओं के इस आयोजन में साझा प्रस्ताव को लेकर लंबी बहस हुई। इस पर मंथन हुआ कि इसकी भाषा क्या रखी जाए। कहा जाता है कि 200 घंटों की चर्चा और मेहनत के बाद संयुक्त प्रस्ताव तैयार हुआ, लेकिन अब उसकी भाषा को लेकर यूरोप और अमेरिका में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूरोपीय नेताओं की उनके ही घर में आलोचना हो रही है कि साझा प्रस्ताव में रूस के खिलाफ कोई बात ही नहीं की गई। ऐसे में इन नेताओं की कूटनीतिक रणनीति पर सवाल उठ रहे हैं।

दरअसल साझा प्रस्ताव की भाषा पर इसलिए सवाल उठ रहे हैं क्योंकि उसमें कहीं भी रूस को हमलावर देश नहीं बताया गया। यहां तक यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस का जिक्र ही नहीं है। यही नहीं यूक्रेन पर हमला नहीं बल्कि साझा प्रस्ताव में 'यूक्रेन में युद्ध' लिखा गया है। इस तरह रूस को हमलावर देश बताने वाली भाषा नहीं लिखी गई है। माना जा रहा है कि भारत, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील की लॉबिंग के चलते यह संभव हुआ है। इसे लेकर रूस बेहद खुश है। उसके विदेश मंत्री सेर्गेई लावरोव तो इतने खुश थे कि उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव हमारी अंतरात्मा की आवाज है।

**पुतिन के मंत्री तो गदगद, कहा- हमारी अंतरात्मा की आवाज**

रूस के लिए यह इसलिए भी खुशी की बात है क्योंकि वह जी-20 में आइसोलेट होने से बच गया। इसके उलट कई देशों की मदद से ऐसा प्रस्ताव पारित हुआ, जिसमें उसकी कोई आलोचना नहीं हुई। युद्ध के लिए उसे जिम्मेदार बताने और हमलावर देश करार देने जैसी चर्चा भी नहीं हुई। इससे पहले बीते साल इंडोनेशिया में हुई समिट में रूस को हमलावर देश बताया गया था। यही वजह है कि रूस तो प्रस्ताव की भाषा से गदगद है, लेकिन अब यूरोप और अमेरिका में नेताओं की आलोचना हो रही है।

## चीन नहीं कर सकता ताइवान पर हमला, ड्रैगन के आर्थिक संकट का हवाला देते हुए बोले जो बाइडन



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को कहा कि दुनिया की दूसरी महाशक्ति चीन आर्थिक संकटों की आशंका के बीच ताइवान पर हमले नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि महीने भर के अंदर उनकी चीन के शीर्ष नेतृत्व से दो बार बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा है कि बीजिंग की आर्थिक लड़खड़ाहट चीन पीपुल्स आर्मी को ताइवान पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित नहीं करेगी। बाइडन ने कहा कि उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित जी20 के शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नंबर 2, चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से अनौपचारिक बातचीत की है। पिछले साल इंडोनेशिया में जी20 में बाइडेन और शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत के बाद से यह वार्ता दोनों शक्तियों के बीच लगभग 10 महीनों में उच्चतम स्तर की बैठक थी। मार्च में प्रधानमंत्री बने ली ने शी के स्थान पर विश्व नेताओं की मौजूदगी में जी20 में भाग लिया। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच जी20 में बातचीत की उम्मीद नहीं थी लेकिन शिखर सम्मेलनों में ऐसी मुलाकात और अनौपचारिक बातचीत आम बात है।

बाइडेन ने संवाददाताओं से कहा, मेरी टीम, मेरा स्टाफ अभी भी राष्ट्रपति शी के लोगों और उनके मंत्रिमंडल से मिलता है। मैं आज भारत में उनके नंबर 2 व्यक्ति से मिला। उन्होंने आगे कहा,हमने स्थिरता के बारे में बात की और दक्षिणी गोलार्ध के बारे में भी। वह बिल्कुल भी टकरावपूर्ण नहीं था। व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि बाइडन ने शिखर सम्मेलन में एक चीनी नेता से मुलाकात की है। उन्होंने बिना विस्तार से बताए शी के बारे में कहा, उनकी योजना का एक प्रमुख आर्थिक सिद्धांत अभी बिल्कुल भी काम नहीं कर रहा है। मैं इससे खुश नहीं हूं, लेकिन यह सच है कि वह काम नहीं कर रहा है।हालांकि, बाइडन ने कहा- फिलहाल उनके हाथ पूरा तंत्र हैं।

## सुडोकू 6314

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | 8 | 2 | | | 4 |
| 8 | | | 6 | 5 | | 7 | 9 | |
| | | | | | | | | 3 |
| | 8 | | | | | | | |
| | 4 | 1 | 7 | | 9 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 3 | |
| 9 | | | | | | | | |
| | 7 | 4 | | 9 | 8 | | | 6 |
| 6 | | | 4 | 2 | | 1 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6314

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. नथुना
३. संग्रह करना, एकत्र करना
५. मुक्ति, तारण
६. समय सूचक
७. वांछित वस्तु के अभाव में बेचैन होना
९. सिद्ध करना, पूजा, उपासना
१०. निष्कासित करना, बाहर करना
१२. नौकर
१३. सूचित, चेतावनी (उर्दू)
१४. कदापि (उर्दू)
१६. गीत, गाना (उर्दू)
१८. शुद्ध और दमकता सोना
२०. सशस्त्र
२१. अपमिश्रित,
२३. महिमामंडित

**ऊपर से नीचे:-**

१. नाटककार
२. फूलों का बगीचा
३. व्यवहृत करना
४. अमीर, धनी
५. उत्तेजित करना, भड़काना
८. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)
१०. झरना
११. लच्छेदार बातें करने वाला, झूठा (उर्दू)
१२. स्वास्थ्य (उर्दू)
१३. आनंद, खुशी
१४. सदैव साथ रहने वाला (उर्दू)
१५. श्रीकृष्ण
१७. कमल
१८. घड़े से उत्पन्न
२०. झुका हुआ
२२. कसक

### वर्ग पहेली-6313

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्र | वं | २ च | ना | ■ | ■ | 3 भि | त्ति | ४ चि | त्र |
| भा | ■ | टु | ■ | ५ आ | कां | क्षा | ■ | ते | ■ |
| ६ वि | षै | ला | ■ | म | ■ | ७ ट | क | रा | ८ व |
| त | ■ | ल | ■ | ९ द | र्श | न | ■ | ■ | च |
| ■ | १० आ | स | ११ व | नी | ■ | ■ | १२ प्र | धा | न |
| ■ | द | ■ | स | ■ | १३ ब | ढ़ि | या | ■ | ब |
| १४ नि | र | १५ स | न | ■ | धि | ■ | १६ स | १७ मृ | द्ध |
| रं | ■ | ह | ■ | १८ स | र | १९ स | ■ | णा | ■ |
| २० कु | मु | द | ■ | ब | ■ | २१ ब | द | ल | २२ ना |
| श | ■ | २३ य | क | ब | य | क | ■ | ■ | श |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### तुर्की में 3 हजार फीट नीचे फंसे गुफा शोधकर्ता

**अंकारा,** (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क के एक गुफा (केव) शोधकर्ता को तुर्की में बचाने के प्रयास जारी हैं, जो 3,000 फीट नीचे फंसे हुए हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, मार्क डिकी एक अनुभवी कैवर और न्यू जर्सी प्रारंभिक प्रतिक्रिया टीम के प्रमुख हैं जो आमतौर पर दूसरों को बचाते हैं, बीमार पड़ गए। जिसके बाद 170 से अधिक बचावकर्मियों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने उनकी सहायता के लिए तुर्की की तीसरी सबसे गहरी गुफा में एक मेडिकल रिले प्रणाली स्थापित की है। मार्क डिकी गुफा में मैपिंग अभियान के दौरान गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव से पीड़ित हो गए थे। एएफएडी में खोज और बचाव विभाग के प्रमुख रेसेप साल्सी ने कहा, जैसे ही हमें मेडिकल टीम से हरी झंडी मिलेगी, हम निकासी शुरू कर देंगे। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, एजेंसी के एक क्षेत्रीय अधिकारी सेनक यिल्डिज़ ने कहा कि यह एक कठिन ऑपरेशन है... एक स्वस्थ व्यक्ति को बाहर आने में 16 घंटे लगेंगे। न्यू जर्सी स्थित गुफा बचाव समूह ने कहा कि उन्हें आईवी तरल पदार्थ और कम से कम चार लीटर रक्त दिया गया।

# कार के परखच्चे उड़े, विस्फोट से फिर दहला पाकिस्तान, सैनिकों को बनाया निशाना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को एक अस्पताल परिसर के पास सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाकर बम विस्फोट किया गया, जिसमें अर्धसैनिक बलों के पांच जवान सहित आठ लोग घायल हो गये। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह हमला वारसाक रोड पर स्थित प्राइम हॉस्पिटल के सामने फ्रंटियर कोर (एफसी) के कर्मियों पर हुआ।

वारसाक के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि विस्फोट में एफसी के पांच अधिकारी और तीन नागरिक घायल हुए हैं। खान ने कहा, ऐसा लगता है कि यह आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) हमला था। जांच जारी है और बम निरोधक इकाई की रिपोर्ट से विस्फोटक की प्रकृति का पता चलेगा। शहर के पुलिस प्रमुख अशफाक अनवर ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्टों से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि यह आत्मघाती विस्फोट था।

ऐसा लगता है कि विस्फोटक सड़क के किनारे रखा गया था। पाकिस्तान में आतंकी हमले आम हो गए हैं। बीते सप्ताह उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा में तालिबान के आतंकियों ने दो सीमा चौकियों पर हमला कर दिया था। इसमें कम से कम चार पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे वहीं कई लोग घायल भी हो गए थे। अलकायदा का करीबी माना जाने वाला तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान सरकार को खुले तौर पर धमकी दे चुका है।

**बदलाव** | *2024 में होने वाली सीबीएसई का बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ा फैसला*

# परीक्षा पैटर्न से लेकर मार्किंग स्कीम तक में किया बदलाव

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा पैटर्न में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सीबीएसई ने यह बदलाव अगले वर्ष 2024 में होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में करने का फैसला किया है। छात्रों को बदलाव के बारे में समझाने के लिए बकायदा नए सैम्पल पेपर भी रिलीज कर दिए गए हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक।**

जो छात्र अगले वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे छात्र जारी किए गए इन सैम्पल पेपर्स की मदद से इन बदलावों को जान सकते हैं।

सीबीएसई के यह सैंपल पेपर छात्रों को अभी से जानकारी देंगे कि आने वाली परीक्षा में किस प्रकार के सवाल पूछे जाएंगे। प्रश्नों के अलावा छात्रों को यह भी पता लग सकेगा की परीक्षा में किस प्रकार की मार्किंग रहेगी। सीबीएसई ने अपने यह नए सैंपल पेपर आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए हैं। बोर्ड परीक्षा में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब 50 प्रतिशत सवाल कंपीटेंसी बेस्ड होंगे। वर्ष 2024 में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्र सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट से इन सैंपल पेपर का पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं। वर्ष 20 24 से लागू होने वाले सीबीएसई परीक्षा में एनालिटिकल, कॉन्सेप्ट बेस्ड सवाल ज्यादा आएंगे। विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके अलावा एमसीक्यू, शॉर्ट आंसर्स सभी में सवालों की वेरायटी यही रहेगी। तकरीबन 50 प्रतिशत सवाल एमसीक्यू, और एक से दो मार्क्स के रूप में बदल दिए गए हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, अब बोर्ड परीक्षाओं का उद्देश्य छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा।




- **सीबीएसई के नए सैंपल पेपर से मिलेगी जानकारी**
- **छात्रों में विषयों की समझ का मूल्यांकन करना होगा परीक्षाओं का उद्देश्य**

विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई पद्धति से कोचिंग और याद रखने की आवश्यकता में कमी आएगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के अलावा स्कूली शिक्षा पद्धति में और भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन बदलावों के अंतर्गत11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान विषयों का चयन सीमित नहीं रहेगा। आने वाले दिनों में छात्रों को 11वीं और 12वीं कक्षा में अपनी पसंद के विषय चुनने की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कक्षा 11 और 12 के छात्रों को कम से कम दो भाषाएं पढ़नी होंगी।

मंत्रालय का कहना है कि 11वीं और 12वीं कक्षा में पढ़ाई जाने वाली इन भाषाओं में से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए।

# खेल जगत

## इशान किशन ऐसे खिलाड़ी हैं जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखते हैं : रैना

**नई दिल्ली**। भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने आईपीएल के दौरान गुजरात लायंस में इशान किशन के साथ बिताए समय को याद किया और बताया कि कैसे विकेटकीपर-बल्लेबाज टीम में सौहार्द और टीम भावना लेकर आए। रैना ने जियोसिनेमा से कहा, मैंने हमेशा कहा है कि इशान किशन को ओपनिंग करनी होगी क्योंकि वह एक मजबूत चरित्र है जो टीम का माहौल अच्छा बनाए रखता है। उन दिनों भी उन्होंने बहुत मेहनत की। चूंकि वह रांची से हैं, इसलिए उन्होंने एमएस धोनी से बात की और वहां हर कोई धोनी जैसा बनना चाहता है। इसके अलावा, जिस तरह से इशान ने झारखंड के लिए योगदान दिया, उसके कारण धोनी ने मुझे उसकी विकेटकीपिंग प्रगति का निरीक्षण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा, तो, मैंने फिंच से कहा कि अगर इवेन स्मिथ और ब्रेंडन मैकुलम नहीं खेल रहे हैं, तो इशान किशन को ओपनिंग करनी चाहिए।



# कोलंबो में बरसे विराट और राहुल, भारत ने बनाये 356

**कोलंबो**। विराट कोहली (122 नाबाद) और केएल राहुल (111) नाबाद के बीच 233 रनों की नाबाद साझीदारी की बदौलत भारत ने एशिया कप सुपर फोर चरण के वर्षा बाधित मुकाबले में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवरों में 356 रनो का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान को जीत के लिये 7.12 रन प्रति ओवर की गति से 357 रन बनाने हैं।

आर प्रेमदासा स्टेडियम पर सोमवार को विराट और राहुल पूरी लय में दिखायी दिये। दोनो बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुये मैदान के चारों ओर रनों की बरसात कर दी। विराट ने पारी के 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर विश्व के सबसे बढ़िया पेस अटैक को मामूली साबित करते हुये शाहीद शाह अफरीदी की गेंद को पुल करते हुये दो रन लिये और इसी के साथ कोहली के 13000 रन पूरे कर लिये। इसके अगली ही गेंद में विराट ने कवर प्वाइंट में खेल कर सिंगल चुराया और वन डे करियर का अपना 47वां शतक पूरा किया।

इस शतक के साथ विराट दुनिया में सर्वाधिक वन डे शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बन चुके है। सचिन ने अपने वनडे करियर में 49 शतक जड़े है। इस रिकार्ड को तोड़ने में विराट अब सिर्फ दो शतक पीछे हैं। विराट ने अपनी नाबाद शतकीय पारी में मात्र 94 गेंद खेल कर नौ चौके और तीन छक्के लगाये। उधर करीब छह महीने के लंबे अतंराल के बाद वन डे टीम में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर जगह बनाने में सफल हुये कर्नाटक के केएल राहुल ने आज अपनी फिटनेस का भरपूर मुजाहिरा पेश किया। उन्होने विराट का भरपूर साथ निभाते हुये रन गति को तेज बनाये रखा। उन्होने 47वें ओवर में नसीम शाह की गेंद पर दो रन लेकर करियर का पांचवा शतक पूरा किया।

पाकिस्तान के स्टार गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी सबसे खर्चीले गेंदबाज साबित हुये जिन्होने अपने दस ओवर के स्पेल में 79 रन लुटाये और शुभमन गिल (58) का विकेट हासिल किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (56) का विकेट स्पिनर शादाब खान के खाते में गया।

भारत ने रविवार को दो विकेट पर 147 रन बनाये थे कि बारिश के कारण आगे के मैच को रिजर्व डे यानी सोमवार को खेले जाने का निर्णय अंपायरों ने लिया था। आज भी वर्षा के कारण मैच भारतीय समयानुसार शाम चार बज कर 40 मिनट पर शुरू हो सका। विराट और राहुल की जोड़ी ने आज के खेल की शुरूआत सधे हुये तरीके से की और मुकाबले के आगे बढ़ने के साथ ही दोनो ने गियर बदलते हुये पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण पर प्रहार करने शुरू कर दिये। पीठ दर्द के कारण हारिस रउफ की गैर मौजूदगी का दोनो बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया और पार्ट टाइम गेदबाजों को निशाना बनाते हुये अपने पांव क्रीज पर जमाये रखे।



## चोटिल हारिस रउफ दूसरे दिन गेंदबाजी के लिए नहीं उतरे

एशिया कप सुपर फ़ोर चरण मुकाबले में भारत के खिलाफ पहले दिन रविवार को पेट पर हल्की चोट लगने के कारण पाकिस्तानी तेज़ गेंदबाज़ हारिस रउफ़ सोमवार को रिजर्व डे में गेंदबाज़ी करने के लिये नहीं उतरे। हारिस की एमआरआई स्कैन कराई गई जिसकी रिपोर्ट सामान्य थी लेकिन सोमवार को भी दर्द महसूस कर रहे थे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ले एक बयान जारी कर कहा रऊफ़ की चोट कितनी गंभीर है यह स्पष्ट नहीं है। उन्हे एहतियातन एमआरआई के लिए ले जाया गया था, जिसमें परिणाम सामान्य हैं। वह टीम के मेडिकल पैनल की निगरानी में हैं। रउफ की गैर मौजूदगी में पाकिस्तान शाहीन शाह अफ़रीदी, नसीम शाह और फ़हीम अशरफ के रूप में तीन तेज गेंदबाज़ी विकल्प के साथ मैच में उतरा। इसके अलावा फिरकी गेंदबाज शादाब ख़ान के साथ आगा सलमान और इफ्तिख़ार अहमद पार्ट टाइम गेंदबाज़ के तौर पर मैदान पर रहे। पहले दिन रउफ़ ने कुल पांच ओवर की गेंदबाज़ी करते हुए सिर्फ़ 27 रन ख़र्च किए थे। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की आतिशी ओपनिंग साझेदारी पर रउफ़ ने लगाम लगाने का पूरा प्रयास किया था।

## फोकस एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने व पेरिस ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन पर : सोनिका



- अपने पहले एशियाई खेलों में खेलने को लेकर बेहद रोमांचित हूं
- टीम की साथी खिलाड़ियों के सामने मां के हाथ भारतीय जर्सी पाना वाकई बेहद खास

**नई दिल्ली**। सोनिका टांडी का जन्म हिसार में हुआ। हॉकी का ककहरा भी सोनिका ने हिसार में सीखा और यहीं खेल कर उन्होंने पहले भारत की जूनियर टीम की कप्तानी की और फिर 2016 में सीनियर टीम में जगह बनाने के बाद बतौर मिडफील्डर अपनी जगह पक्की बनाई। बहुत कम लोग शायद इस बात से वाकिफ होंगे सोनिका मूलतः राजस्थान के चुरू जिले की राजगढ़ तहसील सादूलपुर के गालड़ की हैं। 26 बरस की सोनिका फिलहाल आयकर विभाग में कार्यरत है। सोनिका अब इस महीने के आखिर में हांगजू(चीन) में पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए एशियाई खेलों, 2023 में खेलेंगी।

भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीमों के हांगजू(चीन) एशियाई खेलों के लिए रवाना होने से पहले हॉकी इंडिया ने सुनहरा सफर नाम से खास विदाई समारोह आयोजित किया और सभी खिलाडियों के माता पिता सहित परिवारजनों को भी आमंत्रित किया औ इसी समारोह में सोनिका को उनकी मां ने उन्हें भारत की जर्सी भेंट की। सोनिका कहती हैं, अपनी टीम की सभी साथी खिलाडियों के सामने अपनी मां के हाथ भारतीय जर्सी पाना वाकई बेहद खास था। मंच पर इन कुछ मिनट ने भारतीय टीम में स्थान पाने तक के संघर्ष की यादों को ताजा कर दिया। मेरी मां मेरी इस संघर्ष यात्रा का हिस्सा रहीं और उन्होंने हर अहम मोड़ पर मेरा साथ निभाया। मैं अपने पहले एशियाई खेलों में खेलने को लेकर बेहद रोमांचित हूं। हमारा पूरा फोकस एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने और 2024 के पेरिस ओलंपिक 2024 में अच्छे प्रदर्शन करने पर है। मैंने भारत के लिए अपने अब इस मुकाम तक पहुंचनेके लिए बहुत मेहनत की है। मैं राष्ट्रमंडल खेलों जैसे टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी टीम के कांसे के रूप में अच्छे नतीजे में अपना योगदान करने में कामयाब रही। हमारी टीम को एशियाई खेलों में बढिया़ प्रदर्शन का विश्वास है। 2020 में अपनी जेहनी मजबूत बेहतर करने के लिए सोनिका को राष्ट्रीय शिविर छोड़ कर जाना पड़ा। सोनिका बताती हैं, कोरोना के चलते लगा लॉकडाउन मेरे लिए जेहनी और निजी तौर पर बहुत मुश्किल दौर था। मैं बहुत खुश हूं कि हमारे टीम प्रबंधन ने मेरे जेहनी तौर पर मजबूत रहने के संघर्ष को बहुत जल्द पहचान लिया था और उन्होंने मुझे इसके लिए पेशेवर मदद मुहैया कराई। में हॉकी इंडिया और अपनी टीम की साथियों की आभारी हूं कि उन्होंने मेरे ब्रेक लेने की इजाजत दी। सोनिका ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मजबूत कर 2021-22 में एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग से भारतीय हॉकी टीम में वापसी की और इसके बाद बर्मिंघम 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम को कांसे के साथ पहला एफआईएच नेशंस कप 2022 जिताने में अहम भूमिका निभाई।

## दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्टजे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर




**जोहान्सबर्ग**। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले दक्षिण अफ्रीका को करारा झटका लगा है जब उनके स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे पीठ की चोट के कारण मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मौजूदा वनडे सीरीज के दूसरे मैच में प्रोटियाज टीम की ऑस्ट्रेलिया से 123 रन से हार के दौरान नॉर्टजे को पीठ के निचले हिस्से में ऐंठन का सामना करना पड़ा और पांच ओवर फेंकने के बाद उन्होंने मैदान छोड़ दिया। वह बाद में दक्षिण अफ्रीका के लिए बल्लेबाजी करने के लिए लौटे लेकिन उन्हें आगे चिकित्सीय जांच की जरूरत होगी। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार 29 वर्षीय खिलाड़ी का सोमवार को जोहान्सबर्ग में स्कैन कराया जाएगा ताकि बीमारी की सीमा का पता लगाया जा सके। चोट के कारण वह 12 सितंबर को तीसरे वनडे में भाग नहीं ले पाएंगे। दक्षिण अफ्रीका की निगाह स्कैन के नतीजों पर होगी क्योंकि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और टूर्नामेंट में प्रोटियाज का पहला मैच श्रीलंका के खिलाफ 7 अक्टूबर को दिल्ली में होगा। दक्षिण अफ्रीका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज में 0-2 से पीछे चल रही है और सीरीज को बरकरार रखने के लिए उसे अगला मैच जीतना होगा।

## एन से-यंग और विक्टर एक्सेलसन ने चाइना ओपन में एकल खिताब जीते

**चांगझाऊ (चीन)**। दक्षिण कोरियाई स्टार एन से-यंग ने रविवार को यहां बैडमिंटन चाइना ओपन में जापान की अकाने यामागुची को हराकर महिला एकल का खिताब जीता, जबकि दुनिया के नंबर 1 डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन ने चीन के लू गुआंगजू पर काबू पाकर पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता।

नव-विजेता विश्व चैंपियन एन ने पहले गेम में दूसरी वरीयता प्राप्त यामागुची पर 21-10 से दबदबा बनाया और दूसरे गेम में 21-19 से जीत हासिल की और केवल 38 मिनट में मैच समाप्त कर दिया।

इस प्रकार, एन ने इस सीज़न में अपना नौवां खिताब सुरक्षित कर लिया है। अगर कोई कहे कि अब मेरा सर्वोत्तम समय है, तो मुझे थोड़ा दुख होगा, एन ने कहा। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मैं अभी बहुत छोटी हूं, अभी भी मेरे पास और चीजें करने के लिए काफी समय है। मैं इसे अपने अच्छे फॉर्म और अच्छे खेल के दौर के रूप में वर्णित करना पसंद करती हूं।



शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लू के खिलाफ, जिन्होंने पहले राउंड में साथी देशवासियों ली शिफेंग और शी युकी को आश्चर्यचकित किया था, एक्सेलसन ने 49 मिनट में 21-16, 21-19 से जीत के साथ अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।

डेनिश स्टार ने कहा, मैं दूसरे गेम में आश्चर्यचकित था क्योंकि लू ने आक्रमण में बहुत अच्छा खेला। हालांकि, मुझे खुशी है कि मेरी रक्षा भी बेहतर हो रही थी। उन्होंने कहा, आज बहुत भीड़ है और बेशक, वे चीनी खिलाड़ी का समर्थन करते हैं, लेकिन मैं आभारी हूं कि कई लोग मेरा भी समर्थन कर रहे हैं। पुरुष युगल फाइनल में, चीन के लियांग वेइकेंग और वांग चांग ने चौथी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को 21-12, 21-14 से हराया। महिला युगल फाइनल के लिए, दुनिया की नंबर 1 जोड़ी चेन किंगचेन और चीन की जिया यिफ़ान ने बाक हा-ना और ली सो-ही की दक्षिण कोरियाई टीम पर 21-11, 21-17 से जीत हासिल की।

जिया ने टिप्पणी की, हमने कई खिताब जीते हैं। मेरा मानना है कि सभी पेशेवर एथलीटों में जीतने की तीव्र इच्छा होती है। इससे पहले रविवार को, दक्षिण कोरिया के सियो सेउंग-जे और चाई यू-जंग ने फ्रांसीसी जोड़ी थॉम गिक्केल और डेल्फ़िन डेलरू को 21-19, 21-12 से हराकर मिश्रित युगल खिताब हासिल किया।

## खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य विश्व कप जीतना है : शुभमन गिल

**नई दिल्ली**। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर फोर मैच में 52 गेंदों में 58 रन बनाने वाले भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि इस समय उनका सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य घरेलू मैदान पर आगामी 2023 पुरुष वनडे विश्व कप जीतना है। गिल ने दस चौके लगाकर एक शानदार आक्रमण शुरू किया, जिनमें से छह शाहीन शाह अफरीदी के खिलाफ थे, उन्होंने सिर्फ 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया और कप्तान रोहित शर्मा (56) के साथ 121 रनों की शुरुआती साझेदारी की, इससे पहले कि बारिश ने मैच को रिजर्व दिन धकेल दिया। भारत सोमवार को रिजर्व डे पर 24.1 ओवर में 147/2 से आगे शुरुआत करेगा। गिल के हवाले से कहा गया, एक खिलाड़ी के रूप में मेरे लिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य विश्व कप 2023 जीतना है।



मुझे याद है कि जब भारत ने 2011 में विश्व कप जीता था तब मैं युवा था। मानसिकता तेजी से विकेट को पढ़ने और स्थिति तक पहुंचने की है। यह बात डिज्नी+हॉटस्टार ने कही है, जो चल रहे एशिया कप को मोबाइल पर मुफ़्त स्ट्रीम कर रहा है। गिल को न्यूजीलैंड में भारत के 2018 पुरुष अंडर19 विश्व कप के विजयी अभियान में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। इस साल वनडे क्रिकेट में दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 68.07 की अविश्वसनीय औसत से 885 रन बनाए हैं। उनका मानना है कि विभिन्न प्रारूपों के अनुरूप ढलने में मानसिकता की बहुत बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा, एक बल्लेबाज के रूप में, जल्दी से स्थिति तक पहुंचना और गति को समझना महत्वपूर्ण है। तो योजना और खेल सब उसी पर आधारित हैं। मानसिकता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है क्योंकि व्यक्ति को मानसिक रूप से स्विच करना होता है, जैसे वनडे मानसिकता से टी20 मानसिकता में। जितनी तेजी से आप स्विच करते हैं, उतनी ही तेजी से आपका शरीर अनुकूलन करता है; इस प्रकार, मेरा मानना है कि मानसिक रूप से बदलाव करने में सक्षम होना महत्वपूर्ण है।

## लियाम लिविंगस्टोन की मैच वीनिंग पारी को साइमन डूल ने सराहा

**साउथम्प्टन**। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में इंग्लैंड टीम की जीत में उसके हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन की नाबाद 95 रन की पारी से खुश हैं। विश्व कप से पहले वनडे टीम में लिविंगस्टोन की जगह को लेकर चर्चा चल रही थी। लेकिन इस बीच लिविंगस्टोन ने वनडे सीरीज के शुरुआती मैच में 40 गेंदों में 52 रनों की पारी के बाद दूसरे मैच में 78 गेंदों में नाबाद 95 रन का करियर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया, जिससे उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी मिला। साइमन डूल ने कहा, लियाम लिविंगस्टोन की पारी बिल्कुल शानदार थी और यह ऐसी चीज नहीं है जिसे हम अक्सर उसके साथ जोड़ते हैं। उसने स्थिति का खूबसूरती से आकलन किया। वह



जरूरत पड़ने पर सिंगल लेने में सक्षम था। मुझे लगा कि वह स्मार्ट क्रिकेट खेल रहा था। उन्होंने आगे कहा, मैं कई बार लिविंगस्टोन की आलोचना करता रहा हूं, न केवल प्रतिक्रिया दे रहा हूं। उसके पास अपार शक्ति है। अपनी पारी के दौरान वो बस खुद को थोड़ा समय दें। मैं वास्तव में इस पारी के दौरान उनसे काफी प्रभावित हुआ।

लिविंगस्टोन तब क्रीज पर आये जब इंग्लैंड बारिश से हुई देरी के कारण 34 ओवर के खेल में 55/5 के स्कोर पर भारी संकट में था। उन्होंने परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए खुद को कुछ समय दिया, जिसके बाद उन्होंने तूफानी प्रयास में नौ चौके और एक छक्का लगाया। श्रीलंका के महान खिलाड़ी कुमार संगकारा को लगता है कि अगर समय दिया जाए तो लिविंगस्टोन इस तरह की शानदार आक्रामक पारियां खेल सकते हैं, जो उन्हें भारत में विश्व कप के दौरान अच्छी स्थिति में रख सकती है। चार मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर होने के साथ, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच अंतिम दो एकदिवसीय मैच बुधवार को ओवल में और शुक्रवार को लॉर्ड्स में होंगे।

## सार संक्षेप

### विश्व कप क्वालीफायर में बोलीविया के खिलाफ मेसी के खेलने पर सस्पेंस

**ब्यूनस आयर्स**। एल्बीसेलेस्टे के मैनेजर लियोनल स्कालोनी ने बताया कि लियोनल मेसी ला पाज़ में बोलीविया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की टीम के साथ यात्रा करेंगे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को शुरुआती दक्षिण अमेरिकी जोन क्वालीफायर में अर्जेंटीना की इक्वाडोर पर 1-0 की घरेलू जीत के बाद देर रात मेसी ने रविवार को अपने साथियों से अलग प्रशिक्षण लिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मेसी को किसी भी चोट से मुक्त कर दिया है लेकिन स्कालोनी उनके कार्यभार से चिंतित हैं। मेसी ने पिछले 48 दिनों में 12 मैच खेले हैं, जुलाई के मध्य में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद लगातार मैच खेले हैं। स्कोलोनी ने कहा, वह यात्रा करने जा रहे हैं। आज उन्होंने [मुख्य टीम से] अलग प्रशिक्षण लिया। खेल में अभी भी दो दिन बाकी हैं। हम कल या मंगलवार को निर्णय लेंगे। समुद्र तल से 3,600 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित ला पाज़ के हर्नांडो साइल्स स्टेडियम की दुर्लभ हवा को देखते हुए मंगलवार को बोलीविया के खिलाफ मुकाबला विशेष रूप से तनावपूर्ण होगा। मेसी और डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो के संभावित टीम से बाहर करने के अलावा, स्कोलोनी ने कहा कि वह अर्जेंटीना की शुरुआती लाइनअप में कुछ बदलाव करेंगे। उन्होंने कहा, हम सभी जानते हैं कि उस ऊंचाई पर खेलना कितना मुश्किल है, लेकिन टीम मूल रूप से वैसी ही होगी जैसी इक्वाडोर के खिलाफ थी।

### बेंगलुरु बंद के बीच अनिल कुंबले को बस से करना पड़ा सफर

बेंगलुरु। बेंगलुरु में निजी ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण ऐप-आधारित कैब न मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले को सोमवार को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर वापस जाने के लिए बीएमटीसी बस की सवारी करनी पड़ी। कुंबले ने बेंगलुरु बंद के बीच एक तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, बीएमटीसी बस से आज हवाईअड्डे से घर वापस आ रहा हूं। कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन राज्य सरकार की शक्ति योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस योजना के तहत महिलाएं गैर-लक्जरी बसों में मुफ्त बस यात्रा करती हैं, जिसका असर निजी ट्रांसपोर्टरों पर पड़ा है।

## जोकोविच भाग्यशाली हैं कि उन्हें नडाल और फेडरर जैसे प्रतिद्वंद्वी मिले : गोरान इवानिसेविच

**न्यूयॉर्क**। रिकॉर्ड 24वीं ग्रैंड स्लैम जीत के बाद, नोवाक जोकोविच के कोच गोरान इवानिसेविच ने कहा है कि सर्बियाई महान खिलाड़ी भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें अपने पूरे करियर में चुनौती देने के लिए रोजर फेडरर और राफेल नडाल जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिले। जोकोविच ने रविवार रात दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में 6-3, 7-6(5), 6-3 से हराकर अपना चौथा यूएस ओपन खिताब जीता और इतिहास रचा। वह ओपन युग में 24 ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले पहले व्यक्ति बन गए। इसके साथ ही जोकोविच ने मार्गरेट कोर्ट के सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। टेनिस के %बिग थ्री% ने पिछले दो दशकों से पुरुष एकल में अपना दबदबा बनाए रखा है और उनके बीच कुल मिलाकर 66 ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। हालाँकि, जोकोविच रिटायर हो चुके फेडरर (20) से चार मेजर आगे और नडाल (22) से दो मेजर आगे हैं, जिनके अगले साल रिटायर होने की उम्मीद है।

वह एक प्रतिभाशाली व्यक्ति है। वह एक तरह का है। इस दुनिया में खेल के लिहाज से उसके जैसे बहुत से लोग नहीं हैं। यह खेल इतिहास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। हम टेनिस के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। हम आम तौर पर खेल के बारे में बात कर रहे हैं। वह एक विजेता है। वह एक ऐसा व्यक्ति है जो आत्म-प्रेरित है। वह भाग्यशाली था कि राफा नडाल और रोजर फेडरर जैसे लोग उसके सामने आए, इसलिए उन्होंने एक-दूसरे को पछाड़ा, लेकिन वह एक जन्मजात विजेता है। उसके लिए, जब आप उसे बताते हैं वह कुछ नहीं कर सकता, यह और भी बुरा है। फिर वह आपको दिखाएगा कि वह यह कर सकता है।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इवानिसेविच ने कहा, कोई बहाना नहीं है। वह हमेशा रास्ता ढूंढने की कोशिश करते हैं कि कैसे जीतें, कैसे लड़ें, तब भी जब वह ठीक महसूस नहीं कर रहे हों, घायल हों, घायल न हों। चार वर्षों में इवानिसेविच टीम जोकोविच का हिस्सा रहे हैं, सर्बियाई खिलाड़ी ने इस दौरान आठ ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इसमें जोकोविच का 2021 और 2023 में प्रत्येक में तीन मेजर खिताब



जीतना शामिल है, जब वह क्रमश: 34 और 36 वर्ष के हो गए।

इवानिसेविच ने आगे कहा कि वह जोकोविच की 30 की उम्र के बाद भी लगातार स्लैम जीतना जारी रखने की क्षमता से आश्चर्यचकित नहीं हैं, उन्होंने कहा कि 36 वर्षीय सर्ब हमेशा कुछ और चाहता है।

वह सिर्फ आनंद ले रहा है, उसे चुनौतियाँ पसंद हैं। जैसे आप मुझसे पूछते हैं 25, हाँ, अगर वह 25 जीतता है, तो वह सोचता है, अगर मैं 25 जीतता हूँ, तो 26 क्यों नहीं? यह हमेशा एक और, कुछ और होता है। वह देखभाल कर रहा है उसका शरीर, वह हर चीज का ख्याल रख रहा है, हर एक विवरण को सही, तैयार होना चाहिए। वह कोर्ट पर कभी खुश नहीं होता। मुझे नहीं पता कि यह अच्छा है या बुरा, हमारे लिए अच्छा नहीं है।

इवानिसेविच ने कहा, आम तौर पर, वह बस उसे प्रेरित करता है और वह और अधिक चाहता है। यही कारण है कि वह कोर्ट पर, अभ्यास पर सब कुछ सही करना चाहता है और यही कारण है कि उसे अविश्वसनीय परिणाम मिलते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या जोकोविच अगले साल 25वें मेजर जीतने पर अपने करियर को अलविदा कह देंगे, 51 वर्षीय ने मजाक में कहा कि उनके शिष्य की 2028 ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करने की योजना है। उन्होंने हंसते हुए कहा, यह सवाल आपको उनसे तब पूछना है जब वह बहुत जल्द आएंगे। मुझे ऐसा नहीं लगता। नहीं, नहीं, वह लॉस एंजेलिस में ओलंपिक खेल खेलने की योजना बना रहे हैं। यह कब है, 2028? उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि उसके दिमाग में क्या चल रहा है। कुछ हासिल करने के लिए 24 घंटे का समय लगता है। इसलिए मुझे ऐसा नहीं लगता।

## सुडोकू 6314 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 6 | 5 | 4 | 7 | 9 | 2 |
| 4 | 2 | 6 | 9 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 1 | 7 | 4 | 5 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 7 | 9 |

| SENSEX | BSE 67127.08 ▲ 528.17 | NSE 19996. 35 ▲ 176.40 | MCX Gold 58988 ▲ 90 | silver 71899 ▲ 336 |
|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## शुरुआती कारोबार में रुपए की कीमत 9 पैसे बढ़ी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 9 पैसे की बढ़त के साथ 82.93 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा के विशेषज्ञों ने बताया कि हालांकि विदेशी कोष के प्रवाह और कच्चे तेल की कीमत के 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से अधिक रहने का असर भी घरेलू मुद्रा पर दिखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.93 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में 9 पैसे की बढ़त है। इसके बाद वह 82.90 से 82.96 प्रति डॉलर के बीच कारोबार कर रहा था। शुक्रवार को रुपया 83.02 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।



## वित्त मंत्री ने पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क पर कार्यवाही की मांग की

**नई दिल्ली।** रवित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को जी 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से इतर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रेसिडेंट मासासुगु असकावा से मुलाकात की और बहुपक्षीय विकास बैंकों द्वारा पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क के उपायों को तेजी से लागू करने का आह्वान किया। बंगा और सीतारमण न जी 20 इंडिया प्रेसीडेंसी के परिणामों, वर्ल्ड बैंक ग्रुप के विकास और नॉलेज के आदान-प्रदान और डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए फाइनैंशियल सहायता के माध्यम से भारत के साथ उनके जुड़ाव सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। वित्त मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि सीतारमण ने कहा कि वह बहुपक्षीय विकास बैंकों को मजबूत करने पर इंडिपेंडेंट एक्सपर्ट्स ग्रुप के वॉल्यूम -1 में शामिल ट्रिपल एजेंडे पर सिफारिशों को आगे बढ़ाने में बंगा के नेतृत्व की आशा करती हैं। सीतारमण और बंगा ने कहा कि वे रिपोर्ट के वॉल्यूम 2 का इंतजार कर रहे हैं जो अक्टूबर में मोरक्को में चौथे वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स की बैठक के दौरान सब्मिट किया जाएगा। बैठक के दौरान, बंगा ने सामाजिक प्रभाव को अधिकतम करने के लिए कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मांग पक्ष से एक मार्केट स्ट्रक्चर बनाने के लिए वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की।

## चीनी की कीमतें तीन हफ्तों में रिकॉर्ड ऊंचाई पर

*नई दिल्ली। घरेलू चीनी की कीमतें बढ़ रही हैं और 2-3 महीनों तक ऊंची रहने की उम्मीद है। स्थानीय चीनी की कीमतें पिछले तीन हफ्तों में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं। इसका कारण उत्पादन पर चिंता के साथ-साथ नाजुक बैलेंस शीट (30 सितंबर को 6 मिलियन टन स्टॉक बंद होने का अनुमान - त्योहार के महीनों में दो महीने की खपत के लिए मुश्किल से पर्याप्त) और देरी के कारण है।*



एक रिपोर्ट में कहा गया है कि त्यौहारों में देरी (इसलिए श्रम की उपलब्धता) और मिलों द्वारा वसूली के स्तर को अनुकूलित करने के प्रयासों के कारण पेराई सीजन की शुरुआत से लेकर नवंबर के अंत (आमतौर पर मध्य अक्टूबर) तक यह बना रहेगा। भारत तीन वर्षों से दुनिया के अग्रणी निर्यातकों में से एक रहा है और भारत के चीनी उत्पादन अनुमान और नगण्य/शून्य निर्यात की संभावना पर चिंताओं के कारण वैश्विक चीनी कीमतें 12 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है,लेकिन निर्यात की कमी को देखते हुए इससे स्थानीय उत्पादकों को ज्यादा मदद नहीं मिलती है। साथ ही, किसी भी आयात की कमी को देखते हुए स्थानीय कीमतों का वैश्विक कीमतों के साथ कोई प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है, और सरकार अपने मासिक रिलीज तंत्र उपाय के माध्यम से स्थानीय कीमतों को प्रभावित करती है।

**भारत में चीनी उत्पादन अनुमानों में गिरावट का खतरा है**- पिछले महीने की शुरुआत में, इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन (आईएसएमए) ने एसएस24 (अक्टूबर 23-सितंबर 24) के लिए 31.7एमएनटी का प्रारंभिक चीनी उत्पादन (शुद्ध) अनुमान लगाया है। लेकिन, अगस्त 23 पूरे देश में शुष्क अवधि रही है, विशेष रूप से महाराष्ट्र और कर्नाटक राज्यों में (ये दोनों राज्य भारत के उत्पादन का 45-50 प्रतिशत हिस्सा हैं), इससे उत्पादन अनुमानों में और कटौती का खतरा पैदा हो गया है।

हमारा अनुमान है कि एसए24ई के लिए भारत में चीनी का उत्पादन (शुद्ध उत्पादन, 4.5 मिलियन टन का डायवर्जन के बाद) 30 मिलियन टन होगा। रिपोर्ट में कहा गया है,हमारी राय में भारत का उत्पादन लगभग 30 मिलियन टन (+/- 1 मिलियन टन) हो सकता है, जो घरेलू खपत 28-28.5 मिलियन टन से अधिक है। इसलिए, स्थिति आरामदायक है, निर्यात घोषणा, यदि कोई हो, मई 2024 के बाद ही आएगी (एक बार सीज़न खत्म होने के बाद), वैश्विक कीमतें रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं, लेकिन घरेलू चीनी की कीमतों पर इसका कोई खास असर नहीं है, चीनी की कीमतें, जो पिछले तीन हफ्तों में तेजी से बढ़ी हैं, स्थिर रहेंगी, हालांकि सरकार किसी भी तेज बढ़ोतरी पर रोक लगाएगी। वृद्धि का असर आसन्न राज्य/आम चुनावों पर पड़ने वाले प्रभाव के अलावा खाद्य मुद्रास्फीति पर भी पड़ा है।

## मानसूनी बारिश कम होने से अब तक दलहनी फसलों की बुवाई 8.58 प्रतिशत कम

*नयी दिल्ली। देश में मानसूनी बारिश में कमी के कारण मौजूदा खरीफ मौसम में अबतक दलहनी फसलों की बुवाई का रकबा 8.58 प्रतिशत कम होकर 119.91 लाख हेक्टेयर रहा। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।*



खरीफ फसलों की बुवाई दक्षिण-पश्चिमी ग्रीष्मकालीन मानसून की शुरुआत के साथ जून से सितंबर तक की जाती है। दलहन, तिलहन, कपास और गन्ने के अलावा धान मुख्य खरीफ फसल है। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चालू खरीफ मौसम में आठ सितंबर तक धान की बुवाई का कुल क्षेत्रफल बढ़कर 403.41 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 392.81 लाख हेक्टेयर था। दलहन का रकबा सबसे अधिक मध्य प्रदेश में कम हुआ, उसके बाद कर्नाटक और फिर महाराष्ट्र में। मध्य प्रदेश में मौजूदा खरीफ मौसम में सितंबर तक दलहन का रकबा 19.72 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 23.44 लाख हेक्टेयर था। कर्नाटक में भी दलहन का रकबा 16.70 लाख हेक्टेयर रहा। पिछले साल समान अवधि में यह 20.07 लाख हेक्टेयर था। महाराष्ट्र में सालाना आधार पर 18.89 लाख हेक्टेयर से घटकर 16.15 लाख हेक्टेयर हो गया। हालांकि, मौजूदा खरीफ मौसम में अब तक राजस्थान में दलहन का रकबा बढ़कर 35.30 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 33.99 लाख हेक्टेयर था। इससे अन्य प्रमुख उत्पादक राज्यों में आई कमी की थोड़ी भरपाई हो सकती है। आंकड़ों के अनुसार मौजूदा खरीफ मौसम में आठ सितंबर तक तुअर का रकबा घटकर 42.92 लाख हेक्टेयर हो गया, जो एक साल पहले समान अवधि में 45.61 लाख हेक्टेयर था। उड़द का रकबा भी घटकर 31.89 लाख हेक्टेयर रहा, जो एक साल पहले समान अवधि में 37.08 लाख हेक्टेयर था।

बुवाई के समय बारिश की कमी के कारण दलहन का रकबा कम रहा। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, एक जून से छह सितंबर के बीच देश में मानसूनी बारिश करीब 11 प्रतिशत कम हुई है।

## एफसीआई ने 1.66 लाख टन गेहूं, 17 हजार टन चावल खुले बाजार में बेचा

*नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए खुला बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत पिछले सप्ताह 11वीं ई-नीलामी के जरिए केंद्रीय पूल से 1.66 लाख टन गेहूं और 17,000 टन चावल बेचा है। सरकार ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह अनाज की कीमतों को काबू में रखने के लिए केंद्रीय पूल से अतिरिक्त 50 लाख टन गेहूं और 25 लाख टन चावल को थोक खरीदार के लिए खुले बाजार में बेचेगी।*

खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि छह सितंबर को आयोजित 11वीं ई-नीलामी में देशभर से 500 डिपो से कुल दो लाख टन गेहूं और 337 डिपो से 4.89 लाख टन चावल की पेशकश की गई थी। बयान के अनुसार,ई-नीलामी में 1.66 लाख टन गेहूं और 0.17 लाख टन चावल की बिक्री हुई।

देशभर में उचित एवं औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) वाले गेहूं के लिए आरक्षित मूल्य 2,150 रुपये प्रति क्विंटल के मुकाबले भारांश औसत बिक्री मूल्य 2,169.65 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि मानदंडों में कुछ छूट (यूआरएस) वाले गेहूं का भारांश औसत बिक्री मूल्य 2,125 रुपये प्रति क्विंटल के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 2,150.86 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चावल के लिए भारांश औसत बिक्री मूल्य 2,956.19 रुपये प्रति क्विंटल था, जबकि पूरे भारत में आरक्षित मूल्य 2,952.27 रुपये प्रति क्विंटल था। मंत्रालय ने कहा कि खुदरा कीमतों में कम करने के वास्ते छोटे खुदरा विक्रेताओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए एफसीआई एक खरीदार को अधिकतम 100 टन गेहूं और 1,000 टन चावल की पेशकश कर रहा है। यह निर्णय छोटे तथा सीमांत अंतिम उपयोगकर्ताओं को प्रोत्साहित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया था कि अधिक प्रतिभागी आगे आ सकें और अपनी पसंद के डिपो से मात्रा के लिए बोली लगा सकें। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खुला बाजार बिक्री योजना और गेहूं निर्यात पर पाबंदी समेत सरकार के अन्य उपायों से 10 सितंबर की स्थिति के अनुसार गेहूं का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 30 रुपये प्रति किलो पर स्थिर बना हुआ है। जबकि गेहूं आटा 35.62 रुपये प्रति किलो पर बना हुआ है। एक साल पहले इसी अवधि में गेहूं 30.39 रुपये प्रति किलो जबकि आटा 35.72 रुपये किलो था। हालांकि चावल की कुछ किस्मों के निर्यात पर पाबंदी समेत अन्य उपायों के बावजूद चावल की कीमत अभी भी ऊंची बनी हुई है।

## पेमेंट करो वरना अगली तारीख को तिहाड़ भेज देंगे... स्पाइसजेट के चेयरमैन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

*नई दिल्ली। स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सख्ती दिखाई है। सुप्रीम कोर्ट ने अजय सिंह को 22 सितंबर तक क्रेडिट सुइस को किश्त के रूप में 5,00,000 डॉलर का भुगतान करने को कहा है।*



साथ ही डिफ़ॉल्ट राशि के 1 मिलियन डॉलर का भी भुगतान करने को कहा है। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने सिंह को चेतावनी दी है कि यदि इस दौरान भुगतान नहीं किया गया तो उन्हें अगली तारीख तक तिहाड़ जेल भेज दिया जाएगा। इस बीच, स्पाइसजेट के शेयर इंट्रा डे ट्रेड में 2 प्रतिशत चढ़कर 39.60 रुपये पर पहुंच गए।

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा** - सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि हमें आपकी चिंता नहीं है। यह बहुत ज्यादा हो गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, यदि अब भुगतान नहीं हुआ तो हमें कठोर कदम उठाना होगा। यह टाल-मटोल का काम बहुत हुआ...अब आपको सहमति की शर्तों का पालन करना होगा। साथ ही कोर्ट ने सिंह को हर सुनवाई पर कोर्ट में मौजूद रहने को कहा है।

**क्या है मामला** - स्विस निवेश फर्म क्रेडिट सुइस ने अवमानना याचिका दायर की थी। इसमें आरोप लगाया था कि अजय सिंह और स्पाइसजेट निर्धारित समय के अनुसार भुगतान नहीं कर रहे हैं और अब तक उन पर 6.5 मिलियन डॉलर का बकाया है। स्विस कंपनी ने साल 2013 में विमान के इंजन की सर्विसिंग के भुगतान के लिए 24 मिलियन डॉलर से अधिक के कुछ बिलों का भुगतान करने में विफल रहने के लिए एयरलाइन के खिलाफ मामला दायर किया था।

**जून तिमाही के नतीजे** - स्पाइसजेट चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में प्रॉफिट में रही है। यह प्रॉफिट 205 करोड़ रुपये का रहा। यात्रियों की संख्या बढ़ने से एयरलाइन को फायदा हुआ है। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 789 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।


## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500चांदी टंच- 72800

चांदी रिफाइन -74000

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60500चांदी टंच- 72800

चांदी रिफाइन -74000


## निफ्टी पहली बार 20 हजार के पार, सेंसेक्स 528 अंक चढ़कर बंद

*मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का इंडेक्स निफ्टी ने हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी सोमवार 11 सितंबर को ऑल टाइम हाई बनाया है. कारोबार के दौरान इसने 20,008 का लेवल टच किया. इसके बाद यह 176 अंक की तेजी के साथ 19,996 के स्तर पर बंद हुआ. इससे पहले 20 जुलाई को निफ्टी ने 19,991 का हाई बनाया था. वहीं, सेंसेक्स 528 अंक की तेजी के साथ 67,127 के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में तेजी और 2 में गिरावट देखने को मिली.*



अडाणी पोर्ट्स, अडाणी एंटरप्राइजेज, एक्सिस बैंक, अपोलो हॉस्पिटल, पावर ग्रिड और मारुति समेत निफ्टी-50 के 46 शेयरों में तेजी रही. वहीं निफ्टी-50 के सिर्फ 4 शेयरों एलटी, ओएनजीसी, बजाज फाइनेंस और कोल इंडिया में गिरावट देखने को मिली.एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 10 में तेजी और 1 में गिरावट देखने को मिली. पीएसयू बैंक सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.13त्न की तेजी रही. ऑटो और मेटल सेक्टर में 1त्न से ज्यादा की तेजी रही. बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, आईटी, फार्मा, प्राइवेट बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी तेजी देखने को मिली. वहीं सिर्फ मीडिया सेक्टर में गिरावट रही.

इससे पहले बीते कारोबारी दिन यानी शुक्रवार 8 सितंबर को तेजी देखने को मिली थी. सेंसेक्स 333.34 अंक की तेजी के साथ 66,598.91 पर बंद हुआ था. वहीं, निफ्टी में भी 92.90 अंक की तेजी रही, यह 19,819.95 के स्तर पर बंद हुआ था. सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट देखने को मिली थी.

## मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने के पक्ष में भारत, ब्रिटेन

*नई दिल्ली। भारत और ब्रिटेन ने सोमवार को दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र अंतिम रूप देने को लेकर प्रतिबद्धता जतायी।*

ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता में तेजी से आगे बढ़ने को इच्छुक हैं। 12वीं भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के समापन पर उन्होंने कहा, '' निश्चित रूप से एफटीए पर कुछ चर्चा हुई हैंज्दोनों पक्षों के लिए मुख्य बात यह है कि इसे जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा।''हंट ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज (एलएसई) में भारतीय कंपनियों को सीधे सूचीबद्ध किए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ''भारत ने कहा है कि वह भारतीय कंपनियों को सीधे सूचीबद्ध किए जाने के लिए एलएसई को एक अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में तलाशेगा। हम इस दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाकर प्रसन्न हैं।''हंट ने कहा, '' इसके साथ-साथ एक नई पेंशन तथा बीमा साझेदारी, ज्ञान एवं विशेषज्ञता-साझा करने के लिए मंच की स्थापना और नए ब्रिटेन इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज तथा विकासात्मक गिफ्ट सिटी पर एक मजबूत साझेदारी है। इसलिए, हम वास्तव में संबंध मजबूत करने के लिए एक-दूसरे की योजनाओं का समर्थन कर सकते हैं। इसका अगला कदम एक व्यापक एफटीए और द्विपक्षीय निवेश संधि है।''सीतारमण ने कहा कि कृत्रिम मेधा,मशीन लर्निंग जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां और भारत का नया डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम दोनों देशों को सुरक्षित तथा समावेशी वित्त मध्यस्थता के लिए सहयोग के पर्याप्त अवसर प्रदान करता है।

## सैन फ्रांसिस्को जा रहे एअर इंडिया विमान में तकनीकी गड़बड़ी, उड़ान अलास्का की ओर हुई डायवर्ट



**नई दिल्ली।** बंगलूरू से अमेरिका के सेन फ्रांसिस्को जा रहे एअर इंडिया के विमान को तकनीकी गड़बड़ी के कारण अमेरिकी राज्य अलास्का के एक शहर की ओर डायवर्ट कर दिया गया। विमान में 280 से अधिक यात्री सवार थे। विमानन कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि एयर इंडिया की ओर से अब तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि गड़बड़ी को दूर किए जाने के बाद उड़ान संख्या एआई 175 गंतव्य की ओर रवाना हुई और विमान सोमवार को भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न करीब 10 बजे सेन फ्रांसिस्को पहुंचा। इस उड़ान का संचालन बी777 विमान के जरिए किया गया था, जिसमें सेन फ्रांसिस्को जाते समय कोई तकनीकी गड़बड़ी पैदा हो गई, जिसके कारण इसे अलास्का के एक शहर एंकोरेज की ओर मोड़ दिया गया। विमान में 280 से अधिक लोग सवार थे और बाद में विमान तय समय से करीब चार घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंचा। आम तौर पर, बंगलूरू से सेन फ्रांसिस्को तक उड़ान की अवधि करीब 16 घंटे होती है।

## अगस्त में यात्री वाहनों की थोक बिक्री नौ फीसदी बढ़ी-सियाम



*नई दिल्ली। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अगस्त महीने में सालाना आधार पर नौ फीसदी बढ़कर 3,59,228 इकाई रही है। अगस्त, 2022 में वाहन निर्माताओं ने डीलरों को 3,28,376 यात्री वाहनों की आपूर्ति की थी।*

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री नौ फीसदी बढ़कर 3,59,228 इकाई रही है। यूटिलिटी वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 34 फीसदी बढ़कर 1,81,825 इकाई हो गई।

सियाम ने बताया कि अगस्त में यात्री कार की बिक्री 10 फीसदी घटकर 1,20,031 इकाई रह गई, जो पिछले साल समान अवधि में यह 1,33,477 इकाई रही थी। इसी तरह वैन की थोक बिक्री 12,236 इकाइयों से घटकर 11,859 इकाई रह गई।

इस दौरान तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 64,763 इकाई रही, जो एक साल पहले इसी महीने में 38,369 इकाई रही थी।

इसके अलावा दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 15,66,594 इकाई रही, जो अगस्त, 2022 में 15,57,429 इकाई रही थी। सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने कहा कि पिछले महीने अगस्त में यात्री वाहनों और तिपहिया वाहनों की अबतक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। हालांकि, उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहनों की बिक्री एक साल पहले के स्तर पर ही रही है।

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 03 |
| एक यूरो | 89. 11 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104. 04 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53· 42 |
| एक जापानी येन | 0· 56 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160रु. किलो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर ज़ोन

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## टायर फटने से छिंदवाड़ा से जबलपुर आ रही बस में लगी भीषण आग

### बाल-बाल बचे यात्री, दूसरी बस से जबलपुर भेजे गये

**जबलपुर/छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा से यात्रियों को लेकर जबलपुर के लिए रवाना हुई बस में चौरई बायपास रोड पर आग लग गई। बस में आग लगते ही यात्रियों में चीख पुकार व अफरातफरी मच गई। चालक ने बस को रोककर यात्रियों को नीचे उतारा। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन बस बुरी तरह जलकर खाक हो गई।

जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा से बस में यात्रियों को लेकर जबलपुर के लिए निकली, बस जब चौरई बायपास रोड से आगे बढ़ रही थी, इस दौरान बस का पिछला टायर धमाके के साथ फट गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर लहराने लगी। चालक ने बस को धीमा करते हुए रोकने की कोशिश की, इस बीच कुछ यात्रियों की नजर बस के पिछले हिस्से पर पड़ी तो देखा कि आग की लपटें उठती दिख रही थी। इसके बाद यात्रियों में चीख पुकार शुरु हो गई, किसी तरह चालक ने बस को रोका और यात्रियों को सुरक्षित नीचे उतारा। देखते ही देखते आग ने बस को अपनी चपेट में ले लिया, धूं-धूं कर जल रही बस को देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया। उस वक्त तक बस जलकर पूरी तरह खाक हो चुकी थी। दुर्घटना के बाद यात्रियों में दहशत व्याप्त रही, जिन्हें दूसरी बस से जबलपुर भेजा गया। हालांकि आगजनी में बस की डिक्की में रखा यात्रियों का सारा सामान जलकर राख हो गया।



## अभी रूक-रूक कर होने वाली बारिश के आसार बने रहेंगे

### सोमवार को भी जारी रही बारिश, तापमान में आई कमी, ठंडक का एहसास बढ़ा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर और आस-पास मानसून सक्रिय है। इससे बीते दिनों से बारिश का क्रम चल रहा था। इससे मौसम खुशनुमा हो गया है। सोमवार को दिन में कई बार रूक-रूक कर बारिश हुई। इससे एक बार फिर नदी और दूसरे जलाशयो में पानी बढ़ा है। बारिश का आंकड़ा 53 इंच के पास पहुंच गया है। यह सभी के लिये अच्छी खबर मानी जा सकती है। 11 सितंबर को बीते चौबीस घंटे में शाम पांच बजकर तीस मिनट तक 7.4 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। अगले चौबीस घंटे में संभाग में गरज चमक के साथ बारिश का पूर्वानुमान है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बालाघाट, टीकमगढ़ इत्यादि में बारिश की संभावना है। इसी तरह की स्थिति सतना, छिंदवाड़ा, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, कटनी और सिवनी के लिये बताई गई है। इससे कहा जा सकता है कि प्रदेश में महाकोशल और दूसरे संभाग के जिलों में बारिश के आसार बने हुये हैं। अभी जैसा मौसम का मिजाज है उससे ठंडक का एहसास बढ़ा है।

बताया गया है कि सोमवार को अधिकतम तापमान 29.4 जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा, न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश का आंकड़ा 1311 मिली मीटर बताई गई है। औसत के करीब बारिश का आंकड़ा पहुंच रहा है जो जबलपुर के लिये संतोष की बात मानी जा सकती है। प्राय: सभी जलाशय भर गये है या कुछ थोड़े खाली हैं जो इसी तरह जारी रहन वाली बारिश के बाद फुल हो जाएंगे। जो आने वाले गर्मी के दिनो में पानी उपलब्धता के लिये अच्छी बात कही जा सकती है। बारिश होने से सबसे ज्यादा मौसम की फसलों पर अनूकूल प्रभाव हो रहा है। अभी फसल को तैयार होने के लिये बारिश का पानी किसी अमृत से कम नही है। किसानों के चेहरे पर मुस्कान है और उनकी चिंता कम हो रही है। वैसे भी मौसम विभाग ने इस माह के 21 सितंबर तक मानसून सक्रिय रहने की बात कही है। जिसके बाद बारिश के आसार बने रहेंगे।



## रादुविवि में शिक्षकीय भर्ती के दौरान बड़ा गोलमाल, केन्द्रीय गृहमंत्री तक पहुंची शिकायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय छात्र राजनीति के कारण हमेशा चर्चा में बना रहता है। लेकिन इस बार विभागिय गोलमाल के चलते रादुविवि चर्चा का विषय बना हुआ है। ताजा मामला आरडीयू में चल रही बैकलॉक शिक्षकीय पदों की भर्ती से जुड़ा हुआ है। विश्वविद्यालय के गलियारे में घूम रही शिकायत को सही माना जाए तो भर्ती प्रक्रिया में बड़ा झोलझाल हो गया है।

शिकायत में आरोप लगाया जा रहा है कि जिस अभ्यार्थी का आवेदन रिजेक्ट हो गया था,उसका इंटरव्यू कैसे हो गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि उसने इस मामले में केंद्रीय मंत्री अमित शाह तक को शिकायत भेजी है। वहीं शिकायत के सामने आने के बाद विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में हडकंप मचा हुआ है। क्योंकि शिकायत पर अगर जांच हो गई तो कई अधिकारी भी इसके लपटे में आ सकते हैं। जांच की आंच से कुलपति और कुलसचिव भी नहीं बच पाएंगे।



जानकारी के मुताबिक विश्वविद्यालय प्रशासन को विगत दिनों एक शिकायत मिली थी। जिसमें आरोप लगाया गया था कि अर्थशास्त्र विभाग के लिए अर्थशास्त्र विषय में नियमित सहायक प्रोफेसर के पद के लिए आए एक आवेदन में नियमानुसार फॉर्म की फीस का चालान, डिमांड ड्राफ्ट नहीं लगाया था। सिर्फ ओबीसी वर्ग की फीस का डिमांड ड्राफ्ट लगाया था। इसके बाद जब अभ्यार्थी को पता चला तो उसने फॉर्म जमा करने के बाद अलग से निर्धारित तिथि के बाद सिर्फ फॉर्म की फीस जमा की है। ओबीसी वर्ग की फीस के डिमांड ड्राफ्ट और फॉर्म की फीस के चालान दोनों के मध्य में लगभग एक माह का अंतर है। फॉर्म की फीस जमा न करने के कारण उनका फॉर्म स्क्रूटनी से पहले की प्रक्रिया में ही रिजेक्ट कर दिया गया था। स्क्रूटनी तक इनका आवेदन पहुंचा ही नहीं था। शिकायत में सवाल खड़ा किया गया है कि जब उनका फॉर्म स्क्रूटनी तक पहुंचा ही नहीं या फिर स्क्रूटनी में रिजेक्ट होने के पश्चात् भी कैसे उनका आवेदन अब उन इंटरव्यू के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यार्थियों में शामिल हो गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि नियम विरुद्ध कार्य को विश्विद्यालय के कुलपति व अधिकारियों की सहमति से किया जा रहा है, इसलिए विश्विद्यालय में चल रही भर्ती प्रक्रिया में शामिल तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों की जांच होनी चाहिए।

## सिकंदराबाद-दानापुर ट्रेन प्रयागराज छिवकी में रूकेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** लखनऊ मंडल के वाराणसी यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12791 सिकंदराबाद जंक्शन-दानापुर एक्सप्रेस 10 सितंबर से 14 अक्टूबर तक अपने निर्धारित रूट के बजाए प्रयागराज छिवकी-मिर्जापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन रूट से चल रही है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12792 दानापुर-सिकंदराबाद जंक्शन एक्सप्रेस 11 सितंबर से 15 अक्टूबर तक अपने निर्धारित रूट के बजाए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-मिर्जापुर-प्रयागराज छिवकी रूट से चल रही है। रेल प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त दोनों ट्रेनों को अस्थाई तौर पर प्रयागराज छिवकी में दो मिनट का ठहराव दिया जा रहा है। जिसकी जानकारी निम्नानुसार है। गाड़ी संख्या 12791 सिकंदराबाद जंक्शन-दानापुर एक्सप्रेस 10 सितंबर से 14 अक्टूबर तक प्रयागराज छिवकी में आगमन/प्रस्थान समय 09:43/09:45 बजे रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12792 दानापुर-सिकंदराबाद जंक्शन एक्सप्रेस 11 सितंबर से 15 अक्टूबर तक प्रयागराज छिवकी में आगमन/प्रस्थान समय 18:58/19:00 बजे रहेगा।

## पर्यूषण महापर्व पर युवक-युवतियां रखेंगे ई उपवास, जैन युवा फेडरेशन की सराहनीय पहल

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी जबलपुर सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल दिगम्बर जैन समाज आगामी भादों सुदी चतुर्थी 19 सितम्बर से भादों सुदी चतुर्दशी 28 सितम्बर तक आत्म शुद्धि एवं धर्माराधना का अनादि निधन शाश्वत महापर्व पर्वाधिराज दशलक्षण पर्यूषण पर्व विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाकर आत्मा साधना करेगा। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मिडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया की दस दिवसीय महापर्व दशलक्षण पर्युषण पर जबलपुर जैन युवा फेडरेशन के सदस्यों के साथ मध्य प्रदेश सहित सम्पूर्ण भारत से युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक ई उपवास रखेंगे। ई उपवास के अंतर्गत जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक समस्त सदस्य धर्माराधना के दस दिनों में सोशल मीडिया के सभी संसाधनों से दूरी बनाकर उतना समय धर्माराधना में लगाएंगे। दीपक राज जैन का कहना है कि वे स्वयं प्रतिदिन 5 से 6 घंटे मोबाईल के माध्यम से सौशल मिडिया से जुड़े रहते हैं .

## पूर्व बिशप पीसी सिंह के खिलाफ एक और प्रकरण दर्ज, 8 करोड़ रुपए जमीन अपने नाम करा ली

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में पूर्व बिशप पीसी सिंह पर राज्य आर्थिक अपराध अंवेषण ब्यूरों ने (ईओडब्ल्यू) ने एक और प्रकरण दर्ज कर लिया है। पीसी सिंह ने शैक्षणिक संस्था के नाम पर मिली लीज की जमीन को फर्जीवाड़ा कर अपने नाम करा लिया। उक्त जमीन का वर्तमान बाजार मूल्य 8 करोड़ रुपए के लगभग है।



इस संबंध में ईओडब्ल्यू के अधिकारियों का कहना है कि स्वामी दयानंद सरस्वति वार्ड स्थित 6.554 एकड़ भूमि क्रिश्चियन मिशनरी सोयायटी ऑफ ओहियो यूएसए मार्फत सेनरेंड वेन्हन अलेक्जेंडर ऑफ जबलपुर के नाम पर वर्ष 1919 से 20 को लीज पर दी गई थी। उक्त जमीन का समय-समय पर लीज नवीनीकरण कराया जाता रहा। आखिरी नवीनीकरण वर्ष 1999 में कराया गया। इसके बाद तत्कालीन बिशप पीसी सिंह की उक्त जमीन पर नजर लग गई, उसने यूनाइटेड चर्च ऑफ नार्दन इंछिया ट्रस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहते हुए 4 हजार वर्गफीट जमीन की लीज अपने नाम पर करा ली। इस मामले की शिकायत मिलने पर ईओडब्ल्यू द्वारा जांच की गई। जांच में यह तथ्य सामने आने के बाद पूर्व बिशप पीसी सिंह के खिलाफ एक और प्रकरण दर्ज किया गया है।

## रेलवे मुख्य पूछताछ निरीक्षक परीक्षा आज

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के जोन मुख्यालय में मुख्य पूछताछ परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। 12 सितम्बर आज यह लिखित परीक्षा मुख्य सतर्कता अधिकारी के मीटिंग हाल में आयोजित की जा रही है। इसमें जबलपुर भोपाल, और कोटा मंडल के कर्मचारी हिस्सा लेंगे। सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार इस परीक्षा में जी दुबे, राजीव श्रीवास अश्वनी कुमार मिश्रा, शैलष शिवहरे, दिनकर श्रीवास्तव, शैलेन्द्र इंग्ले, निर्मल मिश्रा, संजय मिश्रा, प्रमोद साहू रवि प्रकाश मिश्रा, रवि राज सिंह यादव, सभी जबलपुर के पुष्पेन्द्र शर्मा, पी सिंह पुनीत नगरवाल, सभी कोटा के,अजय श्रीनागऋषि भोपाल मंडल के परीक्षा में शामिल है। नीरज कुमार यादव, देवांशु सोनी सचिन देव पांडे सभी जबलपुर के और तरूण सिंह वरिष्ठ ट्रेन प्रबंधक कोटा इस परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि इस परीक्षा में पारदर्शिता का ध्यान रखते हुए मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह सतत निगरानी रखे और परीक्षा कार्य को संपादित करें।

## रेलवे बोर्ड की नई अध्यक्षा ने सभी अधिकारियों को भेजा पत्र 5 वचन को अमल करने पर जोर

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड की नई चेयरमैन जमा वर्मा सिन्हा ने जो कि विगत 1 सितम्बर को पदस्थ की गई हैं। पद संभालते ही रेलवे के अधिकारियों के लिए पहला पत्र जारी किया है उसमें 5 बिन्दुओं के लक्ष्य की पूर्ति पर विशेष रूप से कार्य करने को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

रेलवे बोर्ड चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जमा वर्मा सिन्हा ने 5 सितम्बर 2023 को पत्र जारी किया है। यह पत्र पमरे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता जबलपुर ,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर , गोरखपुर, इलाहाबाद, हाजीपुर, भुवनेश्वर ,गुवाहाटी मध्य रेलवे मुंबई ईस्ट रेलवे कोलकाता पश्चिम रेलवे मुम्बई चैन्नई हुबली, जयपुर आदि सभी अधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

इस पत्र में 5 बिन्दुओं को पूरा किया जाने के लिए भी निदेर्शित किया गया है।

**संरक्षा सर्वोपरि** - ट्रेनों में लगातार हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विभाग के द्वारा संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिये। यह बहुत ही बड़ी



जिम्मेदारी है, इसे सभी को सावधानी पूर्वक कार्य संपादित किया जाना चाहिये।

ईमानदारी विभागीय कार्य में पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखने के साथ ही ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य को संपादित किया जाना अनिवार्य है।

**निवेश कार्यान्वयन** - भारत शासन ने चालू वित्तीय वर्ष में 2.4 लाख करोड़ रुपयों के निवेश भारतीय रेल में अपना विश्वास प्रदर्षित किया है। सभी को इन बड़ी बड़ी परियोजनाओं को कुशलता पूर्वक पूरा किये जाने के लिए हमेशा ही प्रयत्नशील होना चाहिये। निर्धारित समय और निर्धारित लागत में कार्य पूरा किया जाना चाहिये। ऐसा किये जाने से इसका पूरा लाभ जहां एक ओर विभाग को होगा वहीं यात्रियों को अच्छी से अच्छी सुविधाऐं भी मिलेगी।

**राजस्व सृजन** - भारतीय रेलवे वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर की ओर अग्रसर होती जा रही है जो कि एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

**यात्रियों को अच्छी सुविधाऐं उपलब्ध कराया जाना** - रेलवे के द्वारा यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए अच्छी से अच्छी सुविधाऐं उपलब्ध कराया जाना पहली प्राथमिकता है।

उल्लेखनीय है कि कोरोना के समय रेलवे को हजारों ट्रेनों के संचालन रद्द किये जाने से अरबो रूपयों के राजस्व की हानि हुई थी। उसके बाद स्थिति सामान्य होने पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों से गाड़ी पटरी पर आ गई।

यहां इस बात का उल्लेख करना भी आवश्यक है कि रेलवे बोर्ड अध्यक्ष के बिन्दु नम्बर दो के लक्ष्य को पूरा किये जाने पर पमरे के जबलपुर जोन के आईआरटीएस विंग के अधिकारी को अपना पद भी गंवाना पड़ा था। अभी यह लक्ष्य कैसे पूरो होंगे यह भी एक जनचर्चा का विषय बना हुआ है।

## डिंडौरी अस्पताल से दुष्कर्म का आरोपी फरार

**डिंडौरी, देशबन्धु।** डिंडौरी जिला अस्पताल में जिला जेल से इलाज कराने आया विचाराधीन कैदी जेल प्रहरी की मौजूदगी में सोमवार की सुबह अस्पताल की खिड़की तोड़कर फरार हो गया। जेल प्रहरी ने इसकी सूचना जेल प्रबंधन को दी। जेल प्रबंधन ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई है। जानकारी के अनुसार, विचारधीन कैदी धर्मराज तिवारी पिता सुरेश तिवारी निवासी जमुना दादर थाना अमरकंटक जिला अनूपपुर का है। उसके खिलाफ गाड़ा सरई थाने में 363, 366, 376, 376(2), 344, आईपीसी 5, 6 पास्को एक्ट के तहत अपराध दर्ज है। जिला न्यायालय के आदेश पर 20 अगस्त को जेल में दाखिल कराया गया था। 10 सितंबर को बीमार होने की वजह से डॉक्टर की सलाह पर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

उसकी सुरक्षा के लिए जेल प्रहरी आशीष सात्रा की तैनाती की गई थी। रात 3.48 बजे जेल प्रहरी ने सूचना दी, कि कैदी खिड़की से कूदकर फरार हो गया है। सिटी कोतवाली में एफआईआर कराई है। पुलिस ने नाकेबंदी कर कैदी की तलाश शुरु कर दी है।


ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये

FREE FREE FREE FREE

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान

(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK SALON & ACADEMY

(ONLY FOR FEMALE)

हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,

7828416648,7987003927

239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।

441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर

मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 126

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126

छोटा ब्रॉयलर - रु. 128

मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 132

मुर्गा मीडियम - रु. 130

मुर्गा बड़ा - रु. 130

मुर्गा जम्बो - रु. 130

मो.-9039925000, 9425800409

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888

FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS

समदड़िया सिनेमा

TUESDAY SHOW OFFER RS. @ 120/-

JAWAN

TUESDAY OFFER NOT VALID ON MOVIE OF JAWAN

09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 02:15 PM 03:15 PM 04:30 PM 06:30 PM 07:30 PM 09:00 PM 10:00 PM 10:55 PM

GADAR-2

11:00 AM 05:30 PM

DREAM GIRL-2

09:00 AM 01:45 PM 08:30 PM 11:00 PM

THE NUN II

11:30 AM 04:15 PM 06:45 PM